# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 4 अप्रैल, 2026 | वर्ष -01 | अंक-48 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### रोहतास में मैरिज हॉल में सेक्स रैकेट, 140 लड़के लड़कियां गिरफ्तार

**सासाराम।** सासाराम में शुक्रवार की शाम पुलिस की टीम ने दो मैरिज हॉल पर छापा मारा। यहां से 70 जोड़ों को एक साथ सेक्स रैकेट के आरोप में पकड़ा गया है। सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, अमरा तालाब स्थित अमरी टोला में दो युवकों और कुछ युवतियों को बरामद किए जाने की बात सामने आई है। छापेमारी के दौरान मैरिज हॉल के सभी गेट बंद कर दिए गए थे। बताया जा रहा है कि एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने अचानक कार्रवाई करते हुए मौके से करीब 140 लोगों को पकड़ा है।

### प. बंगाल में मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता ।** एयरपोर्ट से पकड़ाया, भागने की फिराक में था,मामले में अब तक 35 गिरफ्तारी, एनआईए की जांच शुरू बागडोगरा, एजेंसी पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था। इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है।

### मानहानि मामले में हाईकोर्ट पहुंचे राहुल, 10 को अगली सुनवाई

**जबलपुर।** जबलपुर में एक अहम कानूनी घटनाक्रम के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मानहानि मामले को चुनौती देते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उक्त मामला मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय चौहान द्वारा दायर किए गए मानहानि मुकदमे से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट में कार्यवाही चल रही है। इस मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल 2026 को होगी

# आकर्षक बुद्ध स्तूप वैशाली को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करेगा : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप परिसर का किया भ्रमण

**हाजीपुर/पटना (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शुक्रवार को वैशाली जिला में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप परिसर, वैशाली का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकीय सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं कराये गये विकास कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप से प्राचीन मृदा धातु स्तूप जाने के रास्ते का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप परिसर में शिलापट्टों पर उत्कीर्ण कराये गये बौद्ध प्रतीकों के अर्थ एवं



उपदेशों का भी अवलोकन किया। स्मृति स्तूप के भू-तल पर अधिष्ठापित भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है वैशाली

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है। यहां बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का निर्माण बहुत अच्छे और आकर्षक ढंग से कराया गया है। इस परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी काफी अच्छा बनाया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो। इसे पूरी तरह मेनटेन रखें। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप न केवल वैशाली को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करेगा बल्कि पर्यटन, संस्कृति और रोजगार को भी बढ़ावा देगा।

ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार ने राज्य में भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का विकास कराया है। बौद्ध पर्यटक स्थलों को एक सर्किट में जोड़ा गया है। बोधगया आने वाले पर्यटक राजगीर, राजगीर से पटना, पटना से वैशाली तथा वैशाली से केसरिया स्तूप, लौरिया नन्दन गढ़ होते हुए पश्चिमी चम्पारण जिले में गंडक नदी पर निर्मित धनाह-रतवल (गौतम बुद्ध) सेतु से कुशीनगर जा सकते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधायक सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, कला, संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, वैशाली जिला की जिलाधिकारी वर्षा सिंह, पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग, बौद्ध भंते सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# दरभंगा में ज्वेलर्स की दुकान से दिनदहाड़े 2.25 करोड़ की लूट

## बड़ा बाजार स्थित प्रेम ज्वेलर्स से करीब 2 करोड़ के गहने व 25 लाख कैश लूट का दावा

**दरभंगा (एसएनबी)।** दरभंगा के बड़ा बाजार में दिनदहाड़े बड़ी लूट की वारदात हुई, जहां नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रेम ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 2 करोड़ के गहने और कैश लूट लिये। बताया जा रहा है कि शुक्रवार

**नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, महज 20 मिनट में खाली कर दी दुकान**

**राज्य के गृह मंत्री को घटना की दी गई जानकारी, लुटेरों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन**

दोपहर करीब 2 बजकर 55 मिनट पर आधा दर्जन नकाबपोश अपराधी अचानक उक्त ज्वेलर्स की दुकान में पहुँच गये। अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकानदार और कर्मचारियों को कब्जे में लेकर कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान खाली कर दी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पूरे बाजार में



घटनास्थल पर जांच करते एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी।

दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अपराधी बेहद शातिर तरीके से आए और लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही व्यवसाययों एवं आम लोगों में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए दरभंगा के डीआईजी मनोज कुमार तिवारी, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी खुद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल तेज करवाई। पूरे क्षेत्र को घेरकर सघन छानबीन की जा रही है, वहीं सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि घटना की जांच जारी है और एसआईटी का गठन कर दिया गया है, जो पूरे मामले की तह तक जाएगी। लूट की गई संपत्ति का आधिकारिक आंकड़ा तो सामने नहीं आया है, लेकिन दुकानदार मनोज ठाकुर के अनुसार करीब 2 करोड़ रुपये के गहनों की लूट हुई है। इसके साथ ही करीब 25 लाख रुपये कैश लूटे जाने की बात भी पीड़ित ने कही है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक संजय सरावगी ने शहर के बड़ा बाजार स्थित सराफा व्यवसाई मनोज ठाकुर की दुकान में शुक्रवार के दोपहर हुई डकैती पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री से बात की। गृहमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस घटना में संलिप्त अपराधियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए अति शीघ्र उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। नगर में इस तरह के अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला के एसएसपी से भी बात की जा रही है।

# जहरीली शराब कांड में छह से अधिक की मौत

## तुलकौलिया में 30-40 लोगों ने पी थी शराब

**मोतिहारी (एसएनबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में जहरीली शराब कांड ने भयावह रूप ले लिया है। इस घटना में अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग गंभीर हालत में इलाजरत हैं। ताजा जानकारी के अनुसार शंकरसरैया गांव निवासी प्रमोद यादव की भी मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक करीब 30 से 40 लोगों ने जहरीली शराब का सेवन किया था। इनमें से कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। कुछ लोगों की आंखों की रोशनी तक चली गई है, जबकि अन्य गंभीर रूप से बीमार हैं और गुप्त रूप से इलाज करा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि बुधवार को तुरकौलिया थाना क्षेत्र में यह जहरीली शराब वितरित की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हाई अलर्ट पर है। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीमें लगातार जिले में छापेमारी कर रही हैं। इस दौरान जमानत पर जेल से छूटे आधा दर्जन से अधिक शराब कारोबारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में लापरवाही बरतने के



**कई लोगों की हालत नाजुक, कुछ की आंखों की रोशनी चली गयी**

आरोप में तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, चौकीदार भरत राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गहन जांच में जुटा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस घटना ने एक बार फिर अवैध शराब के कारोबार और उसके खतरनाक परिणामों को उजागर कर दिया है।

## उपराष्ट्रपति शनिवार को बिहार के दौरे पर

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 4 अप्रैल यानी शनिवार को बिहार का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपने इस दौरे में महात्मा गांधी केंद्रीय



विश्वविद्यालय, मोतिहारी के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह पश्चिम चंपारण में भितिहरवा गांधी आश्रम भी जाएंगे। बता दें कि इससे पहले उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को नई दिल्ली के संविधान सदन में लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति द्वारा लिखित पुस्तक 'टाइड्स ऑफ टाइमः हिस्ट्री थ्रो म्यूरल्स इन पार्लियामेंट' का विमोचन किया था।

## जदयू विधायक पुत्र मौत मामले में धर्मशीला अस्पताल संचालक व डॉक्टर पर प्राथमिकी

**नवादा (एसएनबी)।** नवादा विधायक व पूर्व मंत्री पुत्र की मौत मामले में नवादा के धर्मशिला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक तथा चिकित्सक के विरुद्ध शुक्रवार को थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। विधायक विभा देवी के पति पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के लिखित आवेदन के बाद चिकिसकों के जांच रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। धर्मशिला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विरुद्ध नवादा मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 119/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कार्य तेज कर दिया गया है । इस संबंध में प्रतिनियुक्त अनुसंधान टीम ने शिकायतकर्ता पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद का बयान दर्ज किया और उनके पुत्र स्व अखिलेश कुमार की मौत से संबंधित जानकारियां प्राप्त की । इलाज के दौरान उपस्थित लोगों का बयान



भी मौके पर लिया गया । नवादा जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आफताब कलीम के नेतृत्व में गठित मेडिकल जांच टीम की रिपोर्ट एवं पीड़ित परिवार के आरोप के आधार पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें हॉस्पिटल पर लगाए गए सारे आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए गए । खासकर सीसी टीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्य से स्पष्ट होता है कि इस अस्पताल में कोई चिकित्सक थे ही नहीं इसके बावजूद गंभीर रूप से घायल मरीज को रोक कर रखा गया।

## दिल्ली-NCR और जम्मू कश्मीर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। आया है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश था। अफगान-ताजिकिस्तान बॉर्डर पर भी 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि किसी तरह के जान-माल के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल में रात 9: 46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। घबराए लोग घरों से बाहर आ गए। भूकंप के दौरान घरों में पंखे और झूमर हिलने लगे। लोगों ने इसके वीडियो बना लिए पठानकोट के भुल्ला चौक बाजार से घर में लटकाए तालों के हिलते का वीडियो सामने आया। ये वीडियो घर के मालिक अनमोल शर्मा ने बनाया। अभी नुकसान

# गृहमंत्री का ऐलान असम में यूसीसी लाएंगे, इससे आदिवासी बाहर रहेंगे

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन बोले-9 अप्रैल को कमल खिलेगा

**ग्वालपाड़ा (असम) (एजेंसी) ।** गृह मंत्री अमित शाह ने असम के गोलपाड़ा में कहा कि असम के युवा कहते हैं कि घुसपैठियों की संख्या बहुत बढ़ गई है। इतनी सारी आबादी बढ़ती है रोके कैसे। उनसे कहना चाहता हूं हम असम में यूनिफॉर्म सिविल कोड लाएंगे। अब कोई चार शादी नहीं कर पाएगा।

गृहमंत्री ने कहा यूसीसी में कांग्रेस आदिवासियों को डराती है कि शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इसे बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू देश की पहली नागरिक बन गईं। उन्होंने कहा- आदिवासियों के विकास के लिए पीएम और असम सीएम ने एक रोडमैप तैयार किया है। इसे आगे बढ़ाने और लागू करने के लिए भाजपा को वोट दें। असम के नॉर्थ कामरूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने जनसभा



को संबोधित करते हुए कहा कि यहां का माहौल देखकर लगता है कि लोगों ने मन बना लिया है।उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को लोग कमल को जिताकर एक बार फिर नरेंद्र मोदी और हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। उधर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि अगर वोटर लिस्ट में घुसपैठियों के नाम थे, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी उनके वोट से जीत चुके हैं। ऐसे में पहले उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।ममता ने दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी रैली के दौरान कहा

**बनेगी भाजपा की सरकार, ममता बोलीं- वोटर लिस्ट में घुसपैठिए तो मोदी कैसे जीते, पहले वे इस्तीफा दें**

कि बंगाल में अधिकारियों के तबादले इस तरह किए गए, जिससे बाहरी लोगों का राज्य में आना आसान हो सके। मालदा में दो दिन पहले न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना पर ममता बनर्जी ने एआईएमआईएम और आईएसएफ को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर उकसाने का आरोप लगाया। आप पर भी यूसीसी लगेगी लेकिन आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखा जाएगा। यूसीसी किसके लिए लगाना है हमें मालूम है।

# भारत को मिली तीसरी परमाणु सबमरीन

## अरिहंत और अरिघात के बाद आईएनएस अरिदमन नौसेना में शामिल, परमाणु शक्ति बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भारतीय नौसेना में शुक्रवार को तीसरी परमाणु सबमरीन आईएनएस अरिदमन कमीशन की गई। इससे पहले आईएनएस अरिहंत (2016) और आईएनएस अरिघात (अगस्त 2024) को नौसेना में शामिल किया जा चुका है। अरिदमन को कई महीनों के ट्रायल के बाद केरल स्थित नौसैनिक अड्डे पर नौसेना को सौंपा गया। आईएनएस




अरिदमन को विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में तैयार किया गया है। इससे न्यूक्लियर ट्रायड क्षमता और मजबूत हुई है। यह देश के गोपनीय न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन कार्यक्रम रइठ का हिस्सा है। इस कैटेगरी की सबमरीन परमाणु हथियार ले जाने और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रहने में सक्षम होती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल के नौसैनिक अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। हालांकि इस संबंध में नौसेना या रक्षा मंत्रालय की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान नहीं आया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है-अरिदमन। इसके बाद इसके नौसेना में शामिल होने की जानकारी सामने आई।

## नवादा में थैले में बम फटा, बच्चा घायल, दो गिरफ्तार

**नवादा (एसएनबी)।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के अमावाँ पश्चिमी पंचायत अंतर्गत भावा बिगहा गांव में शुक्रवार को थैले में रखा बम अचानक फटने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया जाता है कि गांव निवासी श्याम सुंदर सिंह के मकान में दो बच्चे साइकिल चलाने के लिए घर में रखी साइकिल निकालने गए थे। इसी दौरान साइकिल के पास एक थैले में बम टंगा हुआ रखा था। साइकिल निकालने के क्रम में थैला झूलकर नीचे गिर गया और अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। विस्फोट की चपेट में आकर दीपक कुमार के पुत्र युवराज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके में युवराज के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए।

## खबरें : एक नजर में

### एनडीए सरकार में महिला से लेकर व्यापारी तक कोई सुरक्षित नहीं : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दरभंगा में दिनदहाड़े स्वर्ण व्यवसायी से लूट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि दरभंगा में दिनदहाड़े स्वर्ण व्यवसायी की दुकान पर हथियार के बल पर लगभग 20 लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवरात लूट लिए गए। अपराधी बेखौफ होकर दुकान में घुसे, लोगों को डराया-धमकाया और वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो गए। जब दिनदहाड़े बाजारों में इस तरह अपराधी खुलेआम लूट कर निकल जा रहे हों, तो समझना मुश्किल नहीं कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति कितनी बदहाल हो चुकी है। एनडीए सरकार में व्यापारी, आम नागरिक, महिला कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और भाजपा-जदयू 'मेरा सीएम-तेरा सीएम' में व्यस्त है।

### हैंड बैग में कारतूस के साथ सत्ताधारी दल का नेता पटना एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**पटना/ एनएसबी।** राजधानी के जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के हैंड बैग से कारतूस बरामद हुआ।
घटना शुक्रवार सुबह करीब पौने दस बजे की है, जब एसएचए में लगे स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध वस्तु डिटेक्ट हुई। मौके पर तैनात सीआईएसएफ कर्मी और अपरेटर जिज्ञासा कुमारी ने तुरंत अलर्ट जारी किया। बैग को फौरन कब्जे में लेकर फिजिकल चेकिंग की गई, जहां से कैलिबर तीन कारतूस बरामद हुआ।
जांच के दौरान बैग की पहचान यात्री मसूमी सैयद मोहसिन अली के रूप में हुई, जो एयर इंडिया की फ्लाइट -1892 (सीट 06) से पटना से दिल्ली जाने वाले थे। पूछताछ में यात्री ने सफाई देते हुए कहा किकारतूस गलती से बैग में रह गया, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इस दलील को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं।
सीआईएसएफ एसआई ईशांत कुमार ने पूरे मामले की गहराई से पूछताछ की और यात्री के दस्तावेजों की जांच की। आधार कार्ड के मुताबिक आरोपी का पता फुलवारीशरीफ, पटना का है। सुरक्षा एजेंसियों ने यात्री और बरामद कारतूस को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### जेवरात लूट में शामिल चार लुटेरे गिरफ्तार

**पटना/ एनएसबी ।** मंगलवार को दानापुर थाना क्षेत्र के आरपीएस काली मंदिर रोड स्थित वैष्णवी ज्वेलर्स दुकान में 4 बाइक सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर चार लाख रुपये के सोने व चांदी के जेवरात लूट लिया था । मामले को गंभीरता से लेते हुए पटना एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम ने ज्वेलरी दुकान में हुई सनसनीखेज लूट की घटना का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल सभी चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी गिरफ्तारी पटना जिले से बाहर के 2 जिलो से हुई है। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल की घेराबंदी कर छानबीन शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने दुकान और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिससे अपराधियों के भागने की दिशा और उनके हुलिए का पता चला। तकनीकी सेल की मदद से लुटेरों के मोबाइल लोकेशन और संदिग्ध गतिविधियों को ट्रैक किया गया। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गंगा पार का रुख किया और फिर उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की और चारों आरोपियों को एक साथ दबोचने में सफलता पाई। गिरफ्तार लुटेरों के पास से पुलिस ने लूटे गए सोने और चांदी के जेवरात का बड़ा हिस्सा बरामद कर लिया है। इसके साथ ही, घटना में इस्तेमाल किए गए अवैध हथियार, कारतूस और अपराधियों की बाइक भी जब्त की गई है।

### जक्कनपुर में डॉक्टर से रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** जक्कनपुर में डॉक्टर से रंगदारी मांगने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस मोबाइल को भी बरामद कर लिया गया है जिससे रंगदारी के लिए कल किया गया था। सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि -30 मार्च को जक्कनपुर थाना अन्तर्गत एक डॉक्टर को मोबाईल से कल कर 10 लाख रूपया रंगदारी की मांग करने तथा नहीं देने पर हत्या कर देने की धमकी देने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के आदेशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी पटना के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम के द्वारा मानवीय एवं तकनिकी आधार पर कांड का उदभेदन करते हुए घटना में प्रयुक्त मोबाईल के साथ एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। गिरफ्तार अपराधकर्मी का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले को रामाकांत कुमार उर्फ राजा निवासी सकरपुरा थाना नेमदारगंज, जिला नवादा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से मोबाइल और दो सिम बरामद किया गया है।

### पीएमसीएच के पैथोलाजी विभाग के लैब में लगी आग

**पटना / एनएसबी।** पीएमसीएच के पैथोलाजी विभाग के लैब में लगी आग, क्षति से बचाया गया पीएमसीएच परिसर में शुक्रवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक पुरानी बिल्डिंग स्थित पैथोलजी विभाग में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह शर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना के वक्त आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और जैसे ही आग की लपटें और धुएं को निकलता देखा लोगों में अफरातफरी मच गई।

# शराबबंदी के बाद से अब तक बिहार में जहरीली शराब से 1300 से अधिक की मौत : तेजस्वी

**पटना (एनएसबी)।** मोतिहारी में जहरीली शराब से मौतों पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोतिहारी में जहरीली शराब के कारण 4 लोगों की मौत, 6 लोगों की आंखों की रोशनी चले जाना और कई लोगों की हालत गंभीर होना अत्यंत दुखद है। यह घटना एक बार फिर एनडीए सरकार के शराबबंदी कानून की विफलता और उसकी गंभीर खामियों को उजागर करती है।


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह बिल्कुल भी पहली बार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक बिहार में जहरीली शराब से 1300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

यह तो केवल सरकारी आंकड़ा है, हकीकत में यह संख्या इससे कहीं अधिक है। इतना ही नहीं, कई दर्जन लोग अपनी आंखों की रोशनी भी खो चुके हैं।

शराबबंदी कानून का मूल उद्देश्य अब पूरी तरह भटक चुका है। यह कानून सत्ताधारी भाजपा-जदयू के कुछ नेताओं, भ्रष्ट अधिकारियों और उनके संरक्षण में पल रहे शराब माफियाओं व भ्रष्ट तंत्र के लिए कमाई का कमाऊपूत बन गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार में खुलेआम जहरीली शराब बन रही है, धड़ल्ले से पुलिस की मिलीभगत से बेची जा रही है, घर-घर होम डिलीवरी हो रही है। सरकार की नाक के नीचे यह सब चल रहा है और इसकी कीमत बिहार के गरीब और आम लोग अपनी जान देकर चुका रहे हैं।

## मुजफ्फरपुर में 2,362 किमी ग्रामीण सड़कों से विकास को नई रफ्तार

**पटना / एनएसबी।** राज्य सरकार की दूरदर्शी विकास नीतियों और ग्रामीण कार्य विभाग के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप मुजफ्फरपुर जिले में ग्रामीण आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा क्रियान्वित बारहमासी सुदृढ़ सड़कों की संकल्पना अब मुजफ्फरपुर के सुदूर टोलों और बसावटों में धरातल पर उतर चुकी है। जिले में ग्रामीण सड़क सम्पर्कता के विस्तार ने न केवल दूरियों को कम किया है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, कृषि विपणन और सामाजिक सुरक्षा को भी एक मजबूत आधार प्रदान किया है। पक्की सड़कों के इस नेटवर्क ने मुजफ्फरपुर के ग्रामीण विकास को एक नई गति प्रदान की है। ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़कों से जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना मुजफ्फरपुर में अत्यंत प्रभावी साबित हुई है। इस योजना के अंतर्गत जिले में कुल 1,831 ग्रामीण पथों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिनकी कुल लक्षित लंबाई 2,599 किलोमीटर निर्धारित थी।

# नदावां की मिट्टी पर उतरे अंतरराष्ट्रीय पहलवान

**बाढ़/ एनएसबी।** मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह के पैतृक गांव नदावां में शुक्रवार को परंपरा, जज्बात और ताकत का एक ऐसा नजारा दिखा, जिसने इलाके के इतिहास में एक नया पन्ना जोड़ दिया।

बिहार केसरी स्वर्गीय विवेका पहलवान की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कुश्ती महादंगल में न केवल अखाड़े के दांव-पेंच चले, बल्कि बरसों पुरानी अदावत के खत्म होने और दोस्ती की नई इबारत पर भी मुहर लग गई। यह आयोजन खेल से कहीं अधिक भावनाओं का समंदर था। एक दौर था जब अनंत सिंह और विवेका पहलवान के बीच की खूनी अदावत की खबरें सुर्खियों में रहती थीं, लेकिन वक्त की करवट ने दुश्मनी को गहरी दोस्ती में बदल दिया।

जेल से रिहाई के बाद विधायक अनंत सिंह काफी सक्रिय और जुझारू तेवर (ज्वलि मूड) में नजर आ रहे हैं। उन्होंने स्वयं इस पूरे आयोजन का नेतृत्व कर यह संदेश दिया कि विवेका पहलवान उनके लिए क्या मायने रखते थे। पहलवान समाज को असमय मूर्छित कर चले गए विवेका पहलवान की याद में यह दंगल एक भव्य श्रद्धांजलि बनकर उभरा।


बिहार केसरी स्वर्गीय विवेका पहलवान।

नदावां की मिट्टी पर उतरे अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने जब जोर आजमाइश शुरू की, तो नजारा देखने लायक था। अखाड़े में सिर्फ बिहार, यूपी, हरियाणा और दिल्ली ही नहीं, बल्कि विदेशी धरती के दिग्गज पहलवानों ने भी अपनी चुनौती पेश की। जैसे ही अखाड़े में धोबी पछाड़, कलाजंग और पटखनी का खेल शुरू हुआ, दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। ढोल की गूंज और पहलवानों की हुंकार से पूरा इलाका गुंजायमान रहा।

विधायक अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार स्वयं अखाड़े की कमान संभाले हुए थे। आयोजन की व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए वे खुद हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे थे। हजारों की भीड़ को संभालने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। पुलिस के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रशिक्षित वलिंटियर्स को तैनात किया गया था, जिन्होंने भीड़ और यातायात को सुचारू बनाए रखा ।

ग्रामीणों के अनुसार, यह दंगल सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का एक प्रयास है। स्वर्गीय विवेका पहलवान की विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ इस आयोजन ने स्थानीय युवाओं के भीतर खेलों के प्रति एक नया जोश भरने का काम किया है।

# आज मुंगेर में भूमि जनसंवाद, 9 अंचलों के लिए अलग काउंटर, उपमुख्यमंत्री सुनेंगे फरियाद

**जमीन से जुड़े मामलों की सीधे सुनवाई करेंगे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा**

**लंबित मामलों पर अधिकारियों के साथ होगी सख्त समीक्षा**

**मुंगेर में 4 अप्रैल को भूमि सुधार जन-कल्याण संवाद का है आयोजन**

**पटना (एनएसबी)।** जमीन से जुड़े मामलों में आम लोगों की परेशानी दूर करने के उद्देश्य से 4 अप्रैल को मुंगेर के प्रेक्षा गृह में भूमि सुधार जन-कल्याण संवाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे। इस दौरान वे आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देंगे।

संवाद कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए मुंगेर जिले के सभी नौ अंचलों के लिए नौ अलग-अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए जाएंगे। इन काउंटरों पर दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी, भूमि विवाद, अतिक्रमण सहित जमीन से जुड़े सभी मामलों की शिकायतों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्तजन सामान्य की जानकारी और मार्गदर्शन के लिए एक अलग पूछताछ काउंटर भी बनाया जाएगा, जहां लोग प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों ने पहले भी अपनी समस्या को लेकर आवेदन दिया है और उसकी प्रति साथ लाएंगे, उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा।

प्रधान सचिव समेत अन्य वरीय अधिकारी भी रहेंगे उपस्थित : इस जनसंवाद के दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल, ओएसडी सुश्री चंद्रिका अत्री, भू अर्जन निदेशालय के निदेशक कमलेश कुमार सिंह, अपर सचिव डा. महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव वत्सराज, उप निदेशक श्रीमती मोना झा, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, श्रीमती सुधा रानी, श्रीमती सोनी कुमारी, नवाजिश अख्तर समेत विभाग के अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

सुबह 9 बजे से रजिस्ट्रेशन, 11 बजे से जन संवाद : कार्यक्रम के तहत आवेदनकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन सुबह 9 बजे से 10: 30 बजे तक अंचलवार बनाए गए काउंटरों पर किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे से उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा आम लोगों की समस्याएं अधिकारियों-कर्मचारियों को आमने-सामने बैठाकर सुनेंगे और उनके समाधान का निर्देश देंगे। आवेदन में अंचल का नाम, आवेदक का नाम, पूरा पता और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा, ताकि आगे की कार्रवाई की जानकारी आवेदक को मोबाइल संदेश के माध्यम से दी जा सके।

अधिकारियों की समीक्षा बैठक, लंबित मामलों पर होगी सख्ती : इसी दिन दोपहर 3 : 30 बजे से प्रेक्षा गृह में जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें प्रमंडलीय आयुक्त, समाहर्ता, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में लंबित दाखिल-खारिज, परिमार्जन, मापी, सर्वे तथा अभियान बसेरा-2 की स्थिति की राजस्व ग्रामवार समीक्षा की जाएगी।

सर्वे कार्यों की भी होगी समीक्षा : उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में चल रहे भूमि सर्वे के कार्यो की भी समीक्षा की जाएगी। इसके लिए जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सहित सर्वे से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जन संवाद कार्यक्रमों से भूमि संबंधी मामलों में पारदर्शिता बढ़ेगी, विवाद कम होंगे और लोगों को समय पर सेवा मिल सकेगी। सरकार का लक्ष्य है कि जमीन से जुड़े कामों के लिए लोगों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

सभी आवेदनों पर होगी कार्रवाई : उपमुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जन-कल्याण संवाद में प्राप्त सभी आवेदनों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी शिकायतों को जन शिकायत पोर्टल पर अपलोड कर उनकी प्रगति की जानकारी आवेदकों को मोबाइल संदेश के माध्यम से दी जाती रहेगी।

## बीपीएससी ने 24 परीक्षाओं के परिणाम जारी किए और 2800 अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया

**पटना / एनएसबी।** बीपीएससी ने वर्ष 2025-26 बिहार लोक सेवा आयोग के लिए कार्य निष्पादन एवं परीक्षाओं के संचालन की ष्टि से अत्यन्त सक्रिय वर्ष रहा है, जिसमें आयोग ने बड़ी संख्या में विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन जारी किए तथा व्यापक स्तर पर परीक्षाओं का आयोजन किया गया। बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक वर्ष 2025-26 के दौरान आयोग ने 75 विज्ञापन जारी करते हुए विभिन्न पदों हेतु 13,000 से अधिक रिक्तपदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ की, जिसमें लगभग 3,100 पद तकनीकी श्रेणी तथा करीब 10,000 पद गैर-तकनीकी श्रेणी के थे। वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित परीक्षाओं में लगभग 18 लाख 70 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया। वर्ष 2025-26 के दौरान आयोग द्वारा विभिन्न पदों के लिए लगभग 5,000 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार की प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं स्वच्छ बनाने के लिए आयोग इस वर्ष नवाचार प्रयोग करते हुए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार बोर्ड के चयन की व्यवस्था लागू की। इन साक्षात्कार हेतु देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित आई आई एम, आई आई टी, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय ध शिक्षा ध अनुसंधान संस्थान तथा आईएएसधआईपीएसध आई एफ एस जैसी प्रशासनिक सेवाओं से 100 से अधिक वरीय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। नियंत्रक के मुताबिक प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षाओं के सफल संचालन के साथ-साथ आयोग द्वारा परीक्षा परिणामों के समयबद्ध प्रकाशन पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवधि में कुल 24 परीक्षाओं के परिणाम जारी किए गए, जिनमें लगभग 2800 सुयोग्य एवं सफल अभ्यर्थियों का चयन करते हुए राज्य सरकाराधीन विभागों में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से अनुशंसित किया गया। इसके अतिरिक्तआयोग द्वार वर्ष 2025-26 में विभित्र विभागों के सरकारी वरीय पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के उपरान्त 175 मामलों में दण्ड की सहमति संसूचित की गई। आयोग द्वारा कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शुचितापूर्ण परीक्षा के आयोजन पर विशेष भार दिया गया। परीक्षाओं की शुचिता बनाये रखने के लिए किसी भी तरह की अनियमितता या कदाचार से जुड़े मामलों पर आयोग ने कठोर ष्टि रखी। परीक्षा के दौरान नियमों के उल्लंघन, अनुचित साधनों का प्रयोग, दस्तावेजों में गलत जानकारी उपलब्ध कराने, निराधार अफवाहें फैलाने, परीक्षा संचालन में काल्पनिक आरोप लगाते हुए आयोग की विश्वसनीयता पर प्रश्न चि लगाने जैसे मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कई अभ्यर्थियों को आयोग की परीक्षाओं से प्रतिवारित किया गया।

# अशोक नगर के लाल साई श्रवण ने एमबीबीएस में लहराया परचम, गांव को मिला पहला डॉक्टर

**जलालपुर (छपरा) (एनएसबी)।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और जब संकल्प दृढ़ हो, तो सफलता कदम चूमती है। जलालपुर प्रखंड के अशोक नगर गांव के निवासी और कार्यपालक दंडाधिकारी वीणा सिंह एवं इंजीनियर ललित कुमार सिंह के सुपुत्र साई श्रवण ने एमबीबीएस की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

साई श्रवण की इस सफलता के साथ ही अशोक नगर गांव के नाम एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई है। वे इस गांव से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाले पहले पुरुष डॉक्टर बन गए हैं।

साई श्रवण की सफलता का सिलसिला उनके परिवार की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ा रहा है। इस परिवार से वे चौथे एमबीबीएस डक्टर हैं।


साई श्रवण ।

इनसे पूर्व उनकी बड़ी बहन डा तान्या राज ने अशोक नगर की पहली महिला एमबीबीएस डॉक्टर बनकर जिले का मान बढ़ाया था। वर्तमान में डा तान्या चेन्नई से अपनी एमडी की पढ़ाई कर रही हैं।

डा. तान्या के पति भी देश की सेवा में समर्पित हैं। वे आर्मी मेडिकल कोर में डॉक्टर हैं और उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज, पुणे से शिक्षा प्राप्त की है।

एक ही परिवार से लगातार मिल रही इन सफलताओं ने जलालपुर के ग्रामीण परिवेश में शिक्षा के प्रति एक नई अलख जगा दी है। साई श्रवण की इस उपलब्धि की खबर मिलते ही अशोक नगर गांव सहित जलालपुर बाजार में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि ललित बाबू के बच्चों ने न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे गांव का सिर गर्व से उंचा कर दिया है।

साई श्रवण की सफलता पर बधाई देते हुए उनके पिता इंजीनियर ललित कुमार सिंह और माता वीणा सिंह ने कहा कि यह उनके बच्चों की कड़ी मेहनत और समाज के आशीर्वाद का फल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने साई श्रवण के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि वे आने वाले समय में चिकित्सा के क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंदों की सेवा कर एक मिसाल पेश करेंगे।

## छोटी कंपनियों में बड़ा मौका : नए फंड से आसान होगा लंबी अवधि में पैसा बनाना

**पटना (एनएसबी)।** निवेश करते समय अक्सर लोग सोचते हैं कि कहाँ पैसा लगाएँ, जिससे भविष्य में अच्छा रिटर्न मिले। बड़ी कंपनियाँ सुरक्षित लगती हैं, लेकिन असली तेजी अक्सर छोटी उभरती कंपनियों में देखने को मिलती है। अब इसी मौके को आसान बनाने के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने नया स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड स्मॉलकैप 250 इंडेक्स को ट्रैक करता है, जिसमें निफ्टी 500 की 251 वीं से 500 वीं रैंक तक की 250 उभरती कंपनियाँ शामिल हैं। यानि निवेशकों को एक साथ कई ग्रोथ स्टेज वाली कंपनियों में पैसा लगाने का मौका मिलता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी श्री मनीष कुमार ने कहा, यह फंड 250 उभरती कंपनियों में निवेश का मौका देता है, जो अपने शुरुआती ग्रोथ स्टेज में हैं और आगे बढ़ने की क्षमता रखती हैं। खास बात यह है कि यह फंड इंडेक्स के हिसाब से चलता है, जिससे निवेश में अनुशासन बना रहता है और अलग-अलग सेक्टर में अपने आप संतुलन बन जाता है।

## महिला का अश्लील वीडियो बनाकर भेजने और धमकी देने वाला बदमाश गिरफ्तार

**पटना एनएसबी ।** एक महिला का अश्लील वीडियो बनाकर रकम ऐंठने और सोशल मीडिया पर भेजने वाले बदमाश राम कुमार मेहता को साइबर पुलिस ने फतुहा से गिरफ्तार किया है। उस मोबाइल को भी बरामद कर लिया गया है जिससे अश्लील वीडियो बनाकर भेजा जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। डीएसपी साइबर नीतीश धारिया के मुताबिक साइबर थाना कांड संख्या 1833/25 जिसमें एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि किसी व्यक्ति द्वारा उनके अश्लील फोटो एवं वीडियो बनाकर सोशल मीडिया एवं ईमेल के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे थे। साथ ही पीड़िता एवं उनके परिजनों को उक्त अश्लील फोटो वीडियो भेजकर पैसे की मांग करते हुए ब्लैकमेल किया जा रहा था तथा तेजाब फेंकने की धमकी भी दी जा रही थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पटना पुलिस द्वारा त्वरित तकनीकी अनुसंधान किया गया, जिसके फलस्वरूप इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के मोबाइल फोन की जांच के दौरान पीड़िता से संबंधित आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो बरामद किए गए। साथ ही धमकी देने में प्रयुक्त सिम कार्ड भी अभियुक्त के पास से जब्त किया गया है।

## सोने की चिड़िया के नाम से विख्यात टाल क्षेत्र (बाढ़, मोकामा और बड़हिया) आज अपने अस्तित्व की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहा

**बाढ़/ मोकामा/ बड़हिया/ एनएसबी ।** बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था में सोने की चिड़िया के नाम से विख्यात टाल क्षेत्र (बाढ़, मोकामा और बड़हिया) आज अपने अस्तित्व की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहा है। कभी दलहन का कटोरा कहे जाने वाले इस क्षेत्र की मिट्टी से अब उपज की महक नहीं, बल्कि किसानों की सिसकियां सुनाई दे रही हैं। सरकारी उपेक्षा और प्रति के बदलते मिजाज ने यहाँ के समृद्ध अन्नदाताओं को आज हाशिए पर ला खड़ा किया है।

**कुदरत का कहर और नीतिगत विफलता :** टाल क्षेत्र की सबसे बड़ी विडंबना जलभराव है। मानसून के जाते ही जहाँ बिहार के अन्य हिस्सों में रबी की तैयारी शुरू होती है, वहीं टाल का लाखों एकड़ क्षेत्र महीनों तक जलमग रहता है। हफ्तों देरी से होने वाली बुआई के कारण फसल का चक्र बिगड़ जाता है और उत्पादन आधा रह जाता है। हजारों एकड़ में फैली दलहन की फसलें अक्सर कीटों या बेमौसम बारिश की भेंट चढ़ जाती हैं।कभी यहाँ के किसान न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय बाजारों में भी दाल की आपूर्ति का नेतृत्व करते थे। लेकिन आज हालात यह हैं कि बढ़ती लागत : खाद, बीज और कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों ने खेती को घाटे का सौदा बना दिया है। उचित भंडारण और सरकारी खरीद की मुकम्मल व्यवस्था न होने के कारण किसानों को अपनी मेहनत का फल बिचौलियों के हाथों औने-पौने दामों पर बेचना पड़ता है।अधिकांश किसान बैंकों और साहूकारों के कर्ज के नीचे दबे हैं। सोने की चिड़िया के मालिक कहलाने वाले किसान आज अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए संघर्ष कर रहे हैं।यदि टाल क्षेत्र के विकास के लिए टाल विकास योजना को धरातल पर उतारा जाए और जल निकासी के लिए हरोहर एवं अन्य नदियों के मुहाने साफ किए जाएं, तो यह क्षेत्र पुनः बिहार का गौरव बन सकता है। आज आवश्यकता केवल हमदर्दी की नहीं, बल्कि ठोस कार्ययोजना की है। अगर समय रहते बाढ़, मोकामा और बड़हिया के टाल की सुध नहीं ली गई, तो बिहार की इस समृद्ध विरासत को इतिहास बनते देर नहीं लगेगी। सरकार को समझना होगा कि जब टाल का किसान खुशहाल होगा, तभी बिहार की श्सोने की चिड़ियाश फिर से चहकेगी।

# बाढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरिया की कहानी व्यवस्था के हारने की नहीं, बल्कि एक शिक्षक के अटूट संकल्प की जीत की गाथा

**बाढ़ (एनएसबी)।** सरकारी स्कूलों की बदहाली की खबरें तो अक्सर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन बाढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरिया की कहानी व्यवस्था के हारने की नहीं, बल्कि एक शिक्षक के अटूट संकल्प की जीत की गाथा है। मोकामा विधानसभा क्षेत्र के चर्चित गांव नदावां से महज कुछ किलोमीटर दूर स्थित यह विद्यालय आज पूरे जिले के लिए रोल मॉडल बन चुका है।

कभी यहाँ बंधते थे मवेशी, और भूसा से भरा रहता था । एक दशक पहले की तस्वीर बेहद खौफनाक और निराशाजनक थी। यादव बहुल डुमरिया गांव का यह विद्यालय सरकारी अभिलेखों में तो दर्ज था, लेकिन धरातल पर यह किसी गोशाला से कम नहीं था। विद्यालय के कमरों में पढ़ाई की जगह भूसा भरा रहता था और बरामदे में ग्रामीणों के गाय-भैंस बंधे रहते थे। इस विद्यालय में तीन नियमित और मात्र एक पंचायत शिक्षक के भरोसे चलने वाला यह संस्थान दम तोड़ रहा था और बच्चों का भविष्य अंधकारमय था।

जांबाज शिक्षक उमेश कुमार जिसने बदली विद्यालय की व्यवस्था। बदलाव की पटकथा वर्ष 2022 में लिखी गई, जब घोसवरी प्रखंड के पैजुना गांव के एक ऊर्जावान युवक उमेश कुमार की नियुक्ति यहाँ प्रखंड शिक्षक के रूप में हुई। उमेश कुमार के सामने चुनौतियां पहाड़ जैसी थीं। एक तरफ दबंगई और सामाजिक उदासीनता थी, तो दूसरी तरफ संसाधनों का अभाव। उमेश कुमार ने अकेले ही मोर्चा संभाला।


शिक्षक उमेश कुमार।

उन्होंने ग्रामीणों के विरोध की परवाह किए बिना विद्यालय परिसर से मवेशियों को खदेड़ा और अवैध कब्जों को मुक्त कराया। शिक्षक ने घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने ग्रामीणों के मन में यह विश्वास जगाया कि उनके बच्चे भी अफसर और बेहतर इंसान बन सकते हैं। बुनियादी ढांचे को ठीक करने के लिए उन्होंने न केवल शारीरिक श्रम किया, बल्कि बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए हर संभव प्रयास किए।सन्नाटे की जगह अब गूंजती है प्रार्थना ।

आज डुमरिया का यह विद्यालय पूरी तरह बदल चुका है। जहां कभी पशुओं का शोर होता था, आज वहां सुबह-सुबह बच्चों की मधुर प्रार्थना गूंजती है। परिसर अब गंदगी से नहीं, बल्कि अनुशासन और किलकारियों से भरा रहता है। बच्चों के हाथों में अब लाठी की जगह किताबें हैं और उनकी आंखों में उज्जवल भविष्य के सपने। ग्रामीण गर्व से कहते हैं कि उमेश कुमार ने विद्यालय को उसका अस्तित्व लौटाया है। आज यह विद्यालय प्रखंड ही नहीं, बल्कि जिले के अन्य सरकारी स्कूलों के लिए एक प्रेरणापुंज बन गया है। यह कहानी साबित करती है कि यदि एक शिक्षक अपने पेशे के प्रति ईमानदार और साहसी हो, तो वह विपरीत परिस्थितियों में भी समाज की दिशा और दशा दोनों बदल सकता है।

शिक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में मिली इस नई पहचान ने यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प में विकल्प की आवश्यकता नहीं होती। आज डुमरिया के बच्चे अपने उज्जवल भविष्य की नींव इसी ज्ञान के मंदिर में रख रहे हैं। वर्तमान में उमेश कुमार विद्यालय के प्रभार में हैं उन्होंने बताया कि यह गाँव अनंत कुमार सिंह के करीबी रहे लटूस यादव का है । एक समय था । जब लटूस यादव का दबदबा था । उसके डर उसके विरोध में एक चूं नहीं बोल पाते थे । उमेश ने काफी हिम्मत जुटा कर उस दबदबा में भी बिना कोई डर भय किए विद्यालय की तस्वीर बदलने में जुट गए और अन्तः उन्होंने विद्यालय को असली तस्वीर बना कर दम लिया ।

# तीन हादसों ने ली तीन युवकों की जान

**तीनों मृतकों की उम्र 17 वर्ष से 28 वर्ष के बीच की है**

नवसंदेश ब्यूरो

**बेनीपुर।** बेनीपुर- बिरौल मुख्य मार्ग पर बीती रात दो सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जिससे स्थानीय स्तर पर आक्रोश फैल गया। एक अन्य हादसे में ट्रैक्टर से कुचल कर युवक की जान चली गयी।

पहली घटना में पिकअप वैन की चपेट में आने से मुकेश साहनी की मौत हुई, जबकि दूसरी में सड़क जाम के दौरान ट्रैक्टर की टक्कर से विकास कुमार की जान चली गयी।

जौघट्टा निवासी स्व. छेदी सहनी के 17 वर्षीय पुत्र विकास कुमार मोटरसाइकिल पर तीन लोगों के साथ सवार थे। सड़क जाम में फंसे ट्रैक्टर में उन्होंने जोरदार ठोकर मार दी। तीनों घायलों को बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहां विकास की मौत हो गयी जबकि अन्य दो की हालत नाजुक है। इससे पहले, उत्सव विवाह भवन के पास अज्ञात पिकअप ने नेउरी टोल दाथ निवासी राम अशीष साहनी के 25 वर्षीय पुत्र मुकेश साहनी को कुचल दिया, जो बाइक से जा रहे थे।

मुकेश की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने शव रखकर बिरौल मुख्य मार्ग जाम कर दिया, जिसके बाद बहेड़ा थाना पुलिस ने पहुंचकर कार्रवाई की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इसी जाम के कारण विकास की दुर्घटना हुई। भाजपा नेता संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा सहायता दिलवाने की अपील की। सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ वे खड़े हैं और सरकार से हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों से आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।



हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ित के परिवार से मिलते भाजपा नेता पप्पू सिंह।

**हादसे में युवक की मौत के बाद लोगों ने जाम की सड़क, इसी जाम में फंसे ट्रैक्र से टकरा कर गयी बाइक सवार एक अन्य युवक की जान**

एक अन्य हादसे में अलीनगर थाना क्षेत्र के अधलोआम पंप के पास शुक्रवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृत राम किशोर झा (28) बहेड़ा थाना क्षेत्र के नवादा गांव के निवासी थे। तारडीह प्रखंड के बथिया गांव से अपने गांव नवादा लौट रहे राम किशोर की मोटरसाइकिल तेज रफ्तार में अज्ञात ट्रैक्टर से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल होने पर स्थानीय लोग उन्हें बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राम किशोर दो भाइयों में छोटे थे और एक निजी संस्थान में नौकरी करते थे। उनकी आय से ही परिवार का भरण-पोषण चलता था। उनके निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, पूरा गांव दुखी है। पुलिस को अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश है। ताकि दोषी पर कार्रवाई हो सके।

# हायाघाट के पौराम में चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**हायाघाट बाजार से गांव आने के क्रम में अज्ञात अपराधियों ने चाकू गोदकर मार डाला**

**मृतक के भाई ने आठ लोगों को नामजद और दर्जनों अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया हत्या का मामला**

**2021 के पैक्स चुनाव के बाद से मृतक विजय झा का अपने पड़ोसी से चल रहा था विवाद**

**पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा, चार आरोपितों को हिरासत में लिया**

**हायाघाट (एनएसबी)।** गुरुवार की देर रात हायाघाट थाना क्षेत्र के पौराम गांव में एक 45 वर्षीय युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मृत युवक की पहचान पौराम निवासी विश्वनाथ झा के पुत्र विजय झा के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार आपसी रंजिश के कारण वर्ष 2021के पैक्स चुनाव समय से दो पड़ोसियों के बीच लगातार विवाद हो रहा था।

इसी बीच बीती रात हायाघाट बाजार से गांव आने के क्रम में अज्ञात अपराधियों ने विजय झा को घेर चाकू गोदकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने जख्मी हालत में उसे शीघ्र हायाघाट पीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना को लेकर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार भारती के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पूरी पड़ताल करते हुए परिजनों के बयान के आधार पर जांच शुरू कर दी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी बिंदुओं पर तहकीकात के बाद कार्रवाई की जा रही है।पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले में आठ नामजद और अज्ञात के विरुद्ध मृतक के भाई के द्वारा हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस अनुसंधान में अभी तक चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। ज्ञात हो मृतक विजय कुमार झा के एक पुत्र और दो पुत्री हैं। शुक्रवार को पोस्टमार्टम उपरांत लाश पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आज शिवधारा और इमरजेंसी फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा।** 4 अप्रैल को बेला पीएसएस से निकलने वाली 11 केवी शिवधारा फीडर में ट्री ट्रीमिंग एवं मेंटिनेंस का कार्य किया जाएगा। इस कारण शिवधारा फीडर एवं इमरजेंसी फीडर की लाइन 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इससे पॉलिटेक्निक, सोती लाईन, रामबाग, डब्लूआईटी, बांग्लागढ़, शुभंकारपुर, रत्नोपट्टी, नाका, टीआरडब्लू, तारामंडल आदि इलाके में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी।

### साइबर अपराधियो ने खाते से उड़ाया 51,340 रुपये

**सिंहवाड़ा।** घोड़दौर निवासी मुनचुन देवी के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने 51,340 रुपये उड़ा लिए। इस मामले में राज कुमार महतो की पत्नी मुनचुन देवी ने सिंहवाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल नंबर से एसका आधार और उज्जीवन स्मॉल फाइनांस बैंक का खाता जुड़ा हुआ है। 13 मार्च को उसने बैंक में पचपन हजार रुपए का लोन अप्लाई किया था। 16 मार्च को लोन का 53,410 रुपये मेरे बैंक खाता में आया। उक्त पैसा निकालने के लिए मैंने अपने मोबाईल में 18 मार्च को फोन पे इंस्टाल किया। इंस्टाल करने के कुछ देर बाद मेरे मोबाइल नंबर पर फोन आया और बोला आपके मोबाइल में मैसेज गया है उसका नम्बर बताइए। मैं मैसेज पढ़ कर बताई और उसी समय मेरे खाते से 49,999 रुपया तथा 1440 रुपया, कुल 51,340 रुपया काट लिया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### दरभंगा जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ का जिला सम्मेलन आज

**दरभंगा।** हराही तालाब से पश्चिम स्थित बहुउद्देशीय भवन में 4 अप्रैल को होने वाले दरभंगा जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ के चौथे जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह की सफलता को लेकर दरभंगा शहर में माईकिंग प्रचार- प्रसार एवं नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के मुख्य संरक्षक, आरके दत्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष कारी गामी ने कहा कि सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सम्मेलन का उदघाटन नासवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह दो बजे दिन में करेंगे। मुख्य अतिथि दरभंगा की मेयर अंजुम आरा, उप मेयर नाजिया हसन एवं नगर निगम के सभी वार्ड पार्षण को सम्मेलन में सम्मानित भी किया जायेगा। सम्मेलन के माध्यम से नई जिला कमेटी का भी गठन किया जायेगा। सम्मेलन मे संघ के तीन सौ प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस सम्मेलन में नासवी के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेता भी भाग लेंगे।

### ईसाई धर्मावलम्बियों ने निकाली क्रूस यात्रा

**दरभंगा।** ईसा मसीह को क्रूस (सलीब) पर चढ़ाए जाने और उनके बलिदान की याद में मनाया जाने वाला पुण्य शुक्रवार आज शांति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुड फ्राइडे को लेकर दरभंगा के कैथोलिक समुदाय के ईसाइयों ने शुक्रवार को दोनार स्थित होली क्रॉस स्कूल के प्रांगण से होली रोसरी कैथोलिक चर्च तक चौदह (14) मुकाम (स्थानों) की क्रूस यात्रा एवं झांकियां निकाली। क्रूस यात्रा में बड़ी संख्या में ईसाई धर्मावलंबी महिला पुरुष एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

### रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर में नवाह यज्ञ का हो रहा आयोजन

**मनीगाछी।** बलौर पंचायत स्थित रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर में नवाह यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को इसका समापन होगा। इसके साथ ही 24 घंटे का अष्टयाम शुरू होगा। शुक्रवार को पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री ललित यादव और उनके पुत्र सहित सैकड़ो लोग नवाह यज्ञ में शामिल हुए। इस आयोजन की अगुवाई पूर्व मुखिया सुमन कुमार झा उर्फ लड्डू झा, सरपंच पंकज कुमार राय सहित समस्त ग्रामीण कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस नवाह यज्ञ की शुरुआत कलश शोभायात्रा के साथ हुई थी। यह क्षेत्र का विशेष आयोजन बन चुका है। इसमें बिहार के विभिन्न कोने से कलाकार आकर काली दुर्गे राधे श्याम, गौरी शंकर सीता राम का संगीतमय भजन प्रस्तुत कर रहे हैं। क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर ग्रामीण भाग ले रहे हैं।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में एजुकेशन प्वाइंट के सफल छात्र- छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**दरभंगा।** दसवीं बोर्ड परीक्षा-2026 में किलाघाट, महदौली स्थित एजुकेशन प्वाइंट के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रौशन किया है। इस सफलता के उपलक्ष्य में संस्था के डायरेक्टर आशीष कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम एजुकेशन प्वाइंट महदौली के सभागार में आयोजित किया गया, जहां सफल छात्र-छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एजुकेशन प्वाइंट की पूरी टीम एवंअन्य लोग उपस्थित थे और सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। दसवीं बोर्ड में एजुकेशन प्वाइंट के जिन विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है उनमें नजमे आलम 458 अंक, मुशर्रत परवीन 440 अंक, श्रेयषी कुमारी 407 अंक, साजिद खान 396 अंक, शिव सागर 392 अंक सहित कई अन्य छात्र- छात्राएं शामिल हैं। अन्य कई छात्रों ने भी शानदार अंक प्राप्त किए हैं। इस वर्ष भी एजुकेशन प्वाइंट ने लगातार अपना 100 प्रतिशत रिजल्ट कायम रखते हुए उत्कृष्टता की परंपरा को बरकरार रखा। मौके पर डायरेक्टर आशीष कुमार की पूरी टीम उपस्थित थी। इस अवसर पर डायरेक्टर आशीष कुमार ने घोषणा की कि मैट्रिक की परीक्षा में 400 से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं की 11वीं में 50 प्रतिशत तक की फीस माफ की जाएगी।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निगरानी सदस्य ने किया DMCH का औचक निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निगरानी सदस्य बालकृष्ण गोयल ने डीएमसीएच के प्रत्येक विभाग का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम वे रजिस्टेशन काउंटर गए जहां उन्होंने मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि लगभग 1400 मरिज प्रत्येक दिन ओपीडी में देखे जाते हैं। उन्होंने हेल्प डेस्क एवं संकेत पत्र लगाने का निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर त्वरित समाधान के लिए आदेश दिए। साफ-सफाई पर भी उन्होंने फटकार लगाई

चिकित्सकों को समय पर आकर मरीजों की सेवा करने की उन्होंने बात कही। साथ ही इमरजेंसी वार्ड में निरीक्षण के दौरान बेड की गणना की गई और अधिक से अधिक बेड लगाने का सुझाव दिया। गार्ड की ड्यूटी को रोटेशन बनाने के निर्देश दिए। मे आई हेल्प काउंटर स्थापित करने का सुझाव दिए। सुझाव पेटी लगाने, प्रतीक्षालय में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था करने का आदेश दिए। उन्होंने शौचालय, पेयजल दुरुस्त करने एवं स्टाफ की उपस्थित सूची उपलब्ध कराने तथा प्रतीक्षालय में बैठने की व्यवस्था करने को कहा। दिव्यांग के लिए रैंप निर्माण पर जोर दिया। उनके साथ डीएमसीएच के अधीक्षक जगदीश चंद्र, सिविल सर्जन अरुण कुमार, डीपीएम हेल्थ लाइजिंग अफसर अनिमेष कुमार चंद्र उपस्थित थे। यहां से जाने के बाद उन्होंने मंडल कल दरभंगा का भी निरीक्षण किया। जेल में बंद कैदियों से उन्होंने उनके वकीलों के बारे में भी जानकारी ली।

# भीषण अगलगी में कई आशियाने जले


**अलीनगर (एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र के हरसिंगपुर ग्राम एवं मिल्की टोला में बीती रात भीषण आगजनी की दो घटनाओं से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इन हादसों में कई परिवारों के घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिल्की गांव में देर रात 12 से 1 बजे के बीच अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में तीन साइकिल, एक मोटरसाइकिल, लगभग 20 हजार रुपये नकद, खाने-पीने का अनाज सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

दूसरी घटना हरसिंगपुर गांव में हुई, जहां लट्टर सहनी एवं रामअधीन सहनी के घर में आग लग गई। इस अगलगी में उनके घर का सारा सामान जलकर राख हो गया, जिससे परिवारों को भारी क्षति उठानी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार को दरभंगा पूर्वी जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दोनों जगहों का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान संजय कुमार सिंह ने तत्काल संबंधित सरकारी पदाधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत एवं मुआवजा दिलाने की पहल की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए सभी लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, प्रकाश सहनी, संजय पासवान, बैजू चौधरी, लालटून यादव, अशोक सहनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बेगूसराय या रोसड़ा के हो सकते हैं लुटेरे





वारदात के बाद दुकानदार से अपराधियों के बारे में जानकारी लेते पुलिस पदाधिकारी (बाएं) और दुकान में गमगीन मुद्रा में बैठे दुकानदार।

**प्रेम ज्वेलरी से दो करोड़ के आभूषण लूट का मामला**

**तीन ने पहना था नकाब एक का चेहरा दिख रहा था**

**अपराधियों की पूरी हरकत सीसीटीवी में कैद, लूट के दौरान जमकर मारपीट भी की**

**दरभंगा (एसएनबी)।** नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार स्थित प्रेम ज्वेलर्स की दुकान में हथियार के बल पर 2 करोड़ रुपए की ज्वेलरी सहित 20 से 25 लाख रुपए नकद लूट की घटना को अंजाम देने की घटना ने एक बार फिर कुछ वर्ष पूर्व दरभंगा के इसी क्षेत्र में हुई लूट की घटना की याद ताजा कर दी है।

प्रेम ज्वैलर्स के प्रोपराइटर मनोज ठाकुर के अनुसार चार अपराधी दुकान के अंदर घुसे जिसमें तीन नकाब पहने हुए थे एक बिना नकाब का था। दुकान के अंदर घुसते ही सभी ने पिस्तौल निकाल कर लहराते हुए कर्मियों के साथ मारपीट करते हुए जेवरात की लूट शुरू कर दी। मैंने लुटेरों को बोला जो आलमीरा खोलना है खोल कर ले लीजिए लेकिन मारपीट नहीं कीजिए। फिर भी अपराधी मारपीट करते रहे। अपने साथ लाये बैग में आभूषण और रुपये लेकर फरार हो गये।

घटना के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के डीवीआर को तोड़ दिया। हालांकि डाटा पूरी तरह सुरक्षित है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरे की पहचान करने में लगी है। सभी दुकान के बाहर निकल कर कुछ दूर पैदल गए और वहां से बाइक से फरार हो गए। प्रोपराइटर मनोज ठाकुर के साला रणधीर ठाकुर भी किसी काम से दुकान मे बैठे थे उनसे भी पांच लाख रुपए के करीब और गले से सोने की चेन छीन ली। उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान लुटेरे भद्दी- भद्दी गालियां भी दे रहे थे। दुकानदार के पुत्र प्रेम कुमार के साथ भी मारपीट की गयी।

बताया जाता है कि घटना के समय दुकान में तीन स्टाफ मौजूद थे। भीड़-भाड़ वाले बड़ा बाजार के महथा मार्केट में 12 दुकान है जिसमें चार-पांच दुकान खुली हुई थी। आसपास के अन्य दुकानदारों को लूट की वारदात का तत्काल पता नहीं चल सका। लुटेरों के जाने के बाद उन लोगों को पता चला। मनोज ठाकुर ने बताया कि अपराधियों के द्वारा जिस भाषा का प्रयोग किया जा रहा था ऐसा लग रहा था वे बेगूसराय और रोसड़ा के हो सकते हैं।

घटना की जानकारी नगर थाने की पुलिस को दी गई, आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची। इससे लुटेरों को भागने का पूरी तरह समय मिल गया। बड़ा बाजार स्थित बड़ा व्यवसाय केंद्र है लेकिन पुलिस की गस्ती इस क्षेत्र में नहीं होती है जिससे आए दिन घटना घट रही है। ज्ञात हो कि 9 दिसंबर 2020 को बड़ा बाजार स्थित अलंकार ज्वेलर्स में भी 5 करोड़ रुपए के हीरा सोना के जेवरात की लूट हुई थी। फिर भी पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में गश्ती नहीं करवायी जा रही है। एसएसपी ने बताया कि सिटी एसपी के नेतृत्व में चार एसआईटी का गठन किया गया है। सभी अलग-अलग क्षेत्र में छापामारी कर रहे हैं। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## अंतरजातीय प्रेम विवाह के कारण हत्या पर नाई संघ ने जताया शोक

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** अस्थुआ गांव में अंतरजातीय प्रेम विवाह के बाद हुई शिवशंकर ठाकुर की हत्या के बाद जिला नाई संघ पीड़ित परिवार की खोज खबर लेने अस्थुआ पहुंचा। भारतीय नाई संघ के जिला अध्यक्ष आधिवक्ता अशोक कुमार ठाकुर की अध्यक्षता एवं भाजपा नेता अनिल ठाकुर के संचालन में हुई शोक सभा में मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बालिग लड़का-लड़की के प्रेम विवाह के बाद हुई इस हत्या की घटना की सार्वजनिक रूप से निंदा की गई। आरोपियों पर अबिलंब सख्त कार्रवाई की मांग सदस्यों ने की। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया गया एवं सभी प्रकार से मदद करने का भरोसा दिलाया गया। हत्या के 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की सराहना की गई। आरोपी के झूठे बयान पर पीड़ित परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर दुख प्रकट किया गया। प्रशासन से निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को जान-माल की सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया गया। उपाध्यक्ष बैजनाथ ठाकुर, शिव कुमार ठाकुर, डॉ. राजकुमार ठाकुर, उत्तम ठाकुर, दिनेश ठाकुर सहित कई अन्य सदस्य मौके पर मौजूद थे।

# आमस-दरभंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में तेजी लाने का सांसद ने किया आग्रह

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिले सांसद गोपाल जी**

**कहा-दरभंगा में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए हो रही ठोस पहल**

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार ही नहीं देश स्तर पर उत्तर भारत तथा पूर्वोत्तर भारत को जोड़ने का केंद्र बिंदु है आमस दरभंगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाली इस एक्सप्रेस वे के निर्माण में तेजी लाने सहित क्षेत्र की सभी महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के संबंध में पहल किए जाने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र सौंपकर आग्रह किया गया है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने शुक्रवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली स्थित उनके मंत्रालय कक्ष में मुलाकात करने के बाद उपरोक्त बातें कही है।

सांसद डॉ. ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से हुई मुलाकात के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री को दरभंगा तथा दरभंगा से होकर गुजरने वाली महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के संबंध में पहल करने के लिए पत्र सौंपकर आग्रह किया गया है। सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री को सौंपे पत्र में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में नए ग्रीन फील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी परियोजनाओं की संभावनाओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। इसके साथ ही एनएच - 27 सकरी से वाया धरौड़ा, बेनीपुर, बिरौल, कुशेश्वरस्थान होते हुए खगड़िया-महेशखूंट एनएच 107 तथा इस सड़क में धरौड़ा से दोनार दरभंगा निर्माणाधीन आरओबी तक लगभग 22 किलोमीटर लिंक रोड जोड़ने की पहल की मांग की गई है। सांसद डॉ. ठाकुर के अनुसार केंद्रीय मंत्री को सौंपे पत्र में एनएच 27 विदेश्वरस्थान से भाया - उजान, बेनीपुर बहेरा बहेड़ी, बेगूसराय एनएच 31 तक फोर लेन सड़क बनाए जाने, भारत माला परियोजना से निर्माणाधीन उमगांव उच्चैठ से महिषी तारा स्थान सड़क में भेजा जहां कोशी नदी में बनने वाले पुल के दक्षिण दिशा में जमालपुर-मुसहरिया, गंडौल, बलुआहा होते हुए महिषी, बनगांव बाबा कुटी एनएच 327ए तक फोर लेन सड़क का निर्माण किए जाने, आमस दरभंगा एक्सप्रेस-वे दरभंगा रामनगर आईटीआई से वाया शंकर लोहार, बिरौल होते हुए सहरसा एनएच 107 तक फोरलेन सड़क बनाये जाने की संभावनाओं पर पहल किए जाने का आग्रह किया गया है।

सांसद डॉ. ठाकुर ने बताया कि इस पत्र में 234 करोड़ की लागत से एनएच 27 के नवीनीकरण कार्य को तेजी से पूरा करने तथा इस एनएच में दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर वहां दुर्घटना रोकने के लिए विशेष निर्देश अंकित करने, दिल्ली मोड़ से जयनगर तक जाने वाली एनएच 105 सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू करने तथा दरभंगा शहर में निर्माणाधीन आरओबी के निर्माण कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया गया है।



केंद्रीय मंत्री को पत्र सौंपते सांसद गोपाल जी ठाकुर।

## दरभंगा एम्स को बाढ़ तथा जलजमाव से सुरक्षित रखने के लिए 92.66 करोड़ से रिंग रोड बनाने का निर्णय ऐतिहासिक

**दरभंगा।** दरभंगा एम्स परिसर को मानसून और बाढ़ के जलजमाव से पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद की 66वीं बैठक में 92.66 करोड़ की लागत से मजबूत रिंग बांध बनाने तथा ड्रेनेज चौनल व पंप हाउस निर्माण करने का निर्णय इसका ज्वलंत उदाहरण है। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने बिहार सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को 2026 तक पूरा कर लेने के लिए बाढ़ नियंत्रण पर्षद के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। भारी बारिश और बाढ़ के पानी को एम्स परिसर में प्रवेश से रोकने के लिए आईआईटी दिल्ली के द्वारा इसका डीपीआर तैयार किया गया है। सांसद डॉ. ठाकुर ने दरभंगा में निर्माणाधीन एम्स को आने वाले समय के लिए मिथिला क्षेत्र के लिए वरदान बताते हुए कहा कि दरभंगा एम्स के लिए पूर्व से स्वीकृत 1264 करोड़ की राशि के अतिरिक्त सात सौ करोड़ रुपए की राशि को केंद्रीय मंत्रिमंडल से स्वीकृति देकर इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने की पहल की गई है। इसके बन जाने के बाद मिथिला, कोशी तथा तिरहुत के साथ नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

# रेलकर्मी युवक की गोली मारकर हत्या से भीषण आक्रोश, कई घंटे तक रुकी रही लाश

**मोरवा (एनएसबी)।** ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्जिनिया पुल के निकट एक स्थानीय रेल कर्मी युवक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान स्थानीय गुणाई बसही पंचायत निवासी राजेंद्र कापर के पुत्र प्रमोद कापर के रूप में की गई है। उक्त रेल कर्मी युवक गुरुवार की रात ड्यूटी करने के बाद अपने घर वापस आ रहा था। इसी बीच घर से मात्र कुछ ही दूर ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्जिनिया पुल के निकट पहुंचते ही अपराधियों ने उसे गोली मार कर हत्या कर दी। एक गोली उसकी पीठ में, एक गोली सामने छाती में, तथा एक गोली पेट में लगी है। ताजपुर पुलिस द्वारा घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया गया है। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने कई घंटे तक लाश को रोके रखा एवं पुलिस प्रशासन के विरुद्ध शिकायत करते हुए नारेबाजी की। विदित हो कि पिछले महीने एक स्थानीय युवक गुनाई बसही के गणेश सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि 2 दिन पूर्व एक युवक की स्कूटी मोटरसाइकिल अपराधियों के द्वारा छीन ली गई थी। ताजपुर हरदोई तथा ताजपुर चलाल चाहिए फोरलेन पर दिन में 10 दोनों आपराधिक घटनाओं से यहां के लोग पूरी तरह दहशत में रहते हैं। पुलिस द्वारा कभी प्राथमिकी दर्ज की जाती है कभी नहीं की जाती है अपराधियों के तांडव से यहां के लोग भीषण रूप से भय ग्रस्त हो गए हैं।

## घटना से आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वाहन को किया क्षतिग्रस्त


घटनास्थल पर पूर्व विधायक व अन्य।

स्थानीय लोगों के अनुसार मृत युवक का कुछ ही दिनों पूर्व अपने पंचायत में कुछ लोगों से विवाद भी हुआ था। उसके बाद रेलकर्मी युवक की गोली मारकर हत्या से आक्रोषित होने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस के एक वाहन को उलट कर क्षति ग्रस्त कर दिया। आक्रोशित लोग थाना अध्यक्ष को सस्पेंड करने सहित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं प्रतिदिन दर्जनों घटनाओं पर रोक लगाने की मांग पर अड़े हुए थे।रेल डीएसपी अमित कुमार एवं सदर डीएसपी संजय पांडे ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों की शिकायत सुनने के बाद जिला आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह से मोबाइल पर सारी जानकारी देते हुए लापरवाह पुलिस के विरुद्ध कार्रवाई एवं अपराधियों के विरुद्ध अति शीघ्र के कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन प्राप्त किया गया। घटनास्थल पर पुलिस चौकसी बढ़ाने एवं अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देते हुए लोगों को समझा बुझाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा ।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 को होगा एस.के. मंडल हार्मनी रन मैराथन -2026 का आयोजन

**ताजपुर/एनएसबी।** नगर क्षेत्र स्थित मोडेस्टी स्कूल परिसर में ह्लएस.के. मंडल हार्मनी रन मैराथन -2026" के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मोडेस्टी स्कूल के निदेशक आदर्श कुमार पिंटू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के निदेशक भी शामिल हुए।



बैठक के दौरान मैराथन के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में प्रतिभागियों की आयु के अनुसार दौड़ की श्रेणियां निर्धारित की गईं, जिसमें 16 से 29 वर्ष आयु वर्ग के लिए 5 किलोमीटर, 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लिए 3 किलोमीटर तथा 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 1 किलोमीटर दौड़ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्था एवं जरूरी सावधानियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएं, एम्बुलेंस की उपलब्धता, यातायात नियंत्रण तथा आयोजन स्थल पर समुचित प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। यह मैराथन दिनांक 12 अप्रैल रविवार को ताजपुर एनएच 28 से जुड़े निमार्णाधीन ताजपुरझ्रबख्तियारपुर 4 लेन पथ पर आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर आयोजन समिति ने कार्यक्रम को पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने का संकल्प लिया, ताकि सभी प्रतिभागियों को एक प्रेरणादायक एवं सकारात्मक अनुभव प्राप्त हो सके।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया मॉडल स्कूल उच्च माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**मोरवा (एनएसबी)।** शुक्रवार को प्रखंड के मॉडल स्कूल उच्च माध्यमिक विद्यालय तिसवारा सूर्यपुर का जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद सिंह ने उनका मैथिल परंपरानुसार पाग, चादर आदि से अभिनन्दन किया। तत्पश्चात श्री गुप्ता ने विद्यालय में क्रीड़ा कक्ष, प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में कंप्यूटर की आवश्यकता जताते हुए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही बेंच डेस्क की कमी से भी उन्हें अवगत कराया। जिसपर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड के विद्यालयों में अतिरिक्त बेंच डेस्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर शिक्षक रामनाथ कुमार, अनुपम कुमार, अरुण कुमार ठाकुर, निराला निशांत कुमार, राम वृक्ष साह, प्रिया कुमारी, रेखा सिंह, संकुल समन्वयक कामेश्वर पंडित, सहायक लेखापाल शशि मोनू एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।



### डीजल, पेट्रोल व गैस की कमी नहीं अफवाहों से बचें उपभोक्ता : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के सभी पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त एवं भरपूर मात्रा में डीजलझ्रपेट्रोल उपलब्ध है। जिन पेट्रोल पम्पों पर तेल के स्टॉक की कमी की खबर आ रही थी, उन्हें भी पर्याप्त मात्रा में तेल का स्टॉक उपलब्ध करा दिया गया है। सभी पेट्रोलियम कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा स्पष्टता से बताया गया कि तेल के स्टॉक की कहीं कोई कमी नहीं है तथा सभी पेट्रोल पम्प में आपूर्ति नियमित रूप से किया जा रहा है। साथ ही गैस गोदामों पर भी रसोई गैस की कोई कमी नहीं हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी आमजनों से अनुरोध किया है कि, आपूर्ति या उपलब्धता से जुड़े किसी प्रकार के अफवाह या भ्रामक खबरों से सावधान रहें तथा, अनावश्यक पेट्रोल पम्पों व गैस गोदामों पर भीड़ न लगाएं।

### शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं आम लोगों की पहुंच से हो रहे दूर : अमित कुमार

**भाकपा-माले पूसा प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न**

**पूसा (एनएसबी)।** भाकपा-माले पूसा प्रखंड कमिटी की बैठक आज प्रखंड के चंदौली पंचायत में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा- माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने की। बैठक में प्रखंड सम्मेलन की समीक्षा, लेवी नवीनीकरण, सदस्यता अभियान को तेज करने, जिला सम्मेलन के लिए डेलीगेट के चुनाव की तैयारी, जिला सम्मेलन की व्यापक तैयारी तथा कोष संग्रह आदि मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि आज देश और राज्य की स्थिति चिंताजनक है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, बेरोजगारी चरम पर है और आम जनता अपने बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, मजदूरों का शोषण बढ़ता जा रहा है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। मौके पर जिला कमिटी सदस्य रौशन कुमार, प्रखंड कमिटी सदस्य अखिलेश कुमार सिंह, राजाराम सिंह, मो० आले, उषा सहनी, रेखा देवी, रविन्द्र सिंह, निरसन सिंह, दिनेश राय, जितेंद्र राय मौजूद थे।

### तीन साल पुराने मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, 20 लाख के आभूषण व नगदी की हुई थी चोरी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा वार्ड नंबर 36 में तीन वर्ष पूर्व हुए एक चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के ही बुल्लेचक निवासी देवेंद्र राय के पुत्र रीतीश कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वर्ष 2023 के अगस्त में कोरबद्धा स्थित एक बंद घर में घुसकर कतिपय चोरों ने 40 हजार रुपए नगद सहित 20 लाख रुपए मूल्य के स्वर्ण आभूषणों की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें चोरों ने सोने का दो जोड़ी बाला, एक मंगलसूत्र, चार जोड़ा कान की बाली, सात पीस सोने का चेन, सात पीस अंगूठी, एक जोड़ा चांदी का पाजेब, चांदी का चाभी रिंग एक पीस एवं आठ पीस चांदी का सिक्का व अन्य सामान समेट कर चलते बने थे।उसी मामले में अनुसंधान करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर बुल्लेचक से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मारपीट की घटना में चार लोग जख्मी, एक की हालत गंभीर

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चकमेहसी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चार लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। जख्मियों की पहचान गांव के ही रामस्वार्थ तिवारी, सुशांत कुमार, उमेश तिवारी और सुनील तिवारी के रूप में की गई है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुनील तिवारी की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर गांव में कुछ समय तक तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि, मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय स्तर पर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों से प्रेरणा लें कार्यकर्ता : डॉ तरुण कुमार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विद्यापतिनगर प्रखंड के गढ़सिसई में किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकताओं को सक्रिय और सक्षम बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरी मंडल अध्यक्ष अभिनाश भारद्वाज ने जबकि संचालन उतरी के मंडल महामंत्री ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉ तरुण कुमार चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एमएलसी डॉ तरुण कुमार चौधरी ने कहा कि, किसी भी संगठन की मजबूती में कार्यकताओं की भूमिका सबसे अहम होती है। साथ ही प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर कार्यकताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए।जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवाद और अंत्योदय इसके सिद्धांत से रूबरू कराया। प्रशिक्षण के द्वारा विकास के सैद्धांतिक अधिष्ठान पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं को पार्टी के मूल जड़ों से जोड़ा वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष अभिनाश भारद्वाज ने संगठन के अनुशासन पर कर पद्धति की बारीकियां सिखाएं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी के साथ सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक रूबरू कराया।उधर, प्रखंड के वाजिदपुर बाजार स्थित निजी विवाह भवन में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जयसवाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जयसवाल के द्वारा बूथ स्तर पर संगठन मजबूत का आह्वान किया, जिला प्रवक्ता महेंद्र झा के द्वारा सोशल मीडिया , नमो एप, सरल एप एवं विभिन्न मोबाइल तकनीकी के द्वारा कार्यकताओं की भागीदारी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर वर्ग प्रमुख नरेश महतो, संतोष राय, राकेश झा, राकेश राय, शकुंतला देवी, संगीता देवी, शुभम कुमार, गोलू कुमार, प्रकाश कुमार सिंह, विपिन गिरि, रामाधार झा, संतोष कुमार सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण शिविर में संबोधित करते प्रशिक्षक।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 : पुसा दक्षिणी मंडल में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**ओईनी (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी के कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित पुसा दक्षिणी मंडल का प्रशिक्षण शिविर पुसा जिला खादी ग्रामोद्योग परिसर स्थित प्रार्थना भवन में सम्पन्न हुआ। अभय कुमार गुड्डू की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का संचालन जिला मंत्री अशोक पासवान ने किया। इस अवसर पर आयोजित अलग-अलग वर्गों में जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने केंद्र सरकार के उपल्बियों के साथझ्रसाथ भारतीय सभ्यता संस्कृति के संरक्षण के साथ राष्ट्रवाद को मजबूत कर देश को वैभवशाली बनाने का आह्वान किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर के कार्यकताओं का भारत को 2047 तक विकसित बनाने में योगदान करने का आह्वान किया। इसके अलावा वक्ताओं ने सुरक्षित प्रकृति, पर्यावरण, खेत खलिहान में भारत को श्रेष्ठ बनाने हेतु इतिहास और विकास तथा सेवा और ज्ञान के साथ सामुहिकता, समरसता के बदौलत भारत को 2047 तक वैभवशाली बनाने हेतु कार्य विस्तार में हमारी दृष्टि विषय पर प्रशिक्षण दिया। इसी क्रम में, भाजपा जिला वरिष्ठ नेता ध्रुव पाठक ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु बूथ प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। जिला मिडिया प्रभारी अमृतांशु कुमार ने विकास में सोशल मिडिया के महत्त्व के विषय पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर वर्ग में मंडल अध्यक्ष मधु पासवान, राकेश कुमार मुन्ना, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू, जिला प्रवक्ता कृष्ण गोपाल शर्मा, मिडिया प्रभारी अमृतांशु कुमार, नीरज चौधरी, विजय कुमार शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।


संबोधित करते भाजपा नेता व उपस्थित कार्यकता

## शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में लगी आग, 6 एकड़ फसल बर्बाद

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 में गुरुवार को विद्युत तार के शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई, जिससे किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद किसानों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल देखा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते कई किसानों की गेहूं की फसल इसकी चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आगे के खेतों में लगी फसल को बचाया जा सका। इस संबंध में ग्रामीण राघवेंद्र कुमार ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर बताया है कि गांव के रामविलास यादव, यशवंत कुमार, उमेश प्रसाद यादव, अरुण राय, रामवृक्ष राय, लक्ष्मण प्रसाद यादव, रामाश्रय राय, अखिलेश पासवान, मुकेश राय सहित कई किसानों की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। बताया गया है कि लगभग 6 एकड़ में लगी गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर बर्बाद हो गई। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क नहीं हो सका, जिस कारण उनका पक्ष नहीं मिल पाया।

## समस्तीपुर में स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की त्रैवार्षिक आमसभा आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला समिति समस्तीपुर की ओर से त्रैवार्षिक आमसभा का आयोजन शुक्रवार को शहर के विवेक विहार स्थित प्रवीण कुमार के आवासीय परिसर में किया गया। जिसका उद्घाटन एजीएम समीर कुमार ने किया। सभा को पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष सीपी सिंह, सर्किल उपाध्यक्ष टुनटुन बैठा, पटना जोन के जेनरल सेक्रेटरी एमके घोष, मुजफ्फरपुर जोन के उपाध्यक्ष नीलम सिन्हा आदि ने संबोधित किया। जबकि आमसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुमार एवं संचालन जिला सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस सभा में बड़ी संख्या में पेंशनधारी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों की रूपरेखा भी तय की गई। अंत में सर्वसम्मति से नई जिला कमिटी का चुनाव किया गया। जिला अध्यक्ष पुनः अजय कुमार एवं जिला सचिव प्रमोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मणी प्रसाद सिन्हा, सहायक सचिव नवीन कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पीएल एन शर्मा, संगठन सचिव अवधेश कुमार मल्लिक समेत श्रीबाबू साहब झा, वेदाकांत झा, नीलम प्रसाद, प्रवीण कुमार, केएस राजू, सदुल हसनैन, वी प्रसाद, अमरनाथ मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, राजू कुमार समेत बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन आयोजक प्रवीण कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## समृद्ध बिहार से ही होगा समृद्ध भारत का सपना साकार : विकास वैभव

**किड्जी स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव शानदार समारोह पूर्वक सम्पन्न**

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** काली चौक बायपास रोड दलसिंहसराय स्थित मधुर मिलन परिसर में किड्जी स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव शानदार समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।किड्जी स्कूल की संचालिका निक्की मैम के द्वारा सम्मानित अतिथियों का मिथिला परम्परा के अनुसार पाग चादर और स्मृति चिन्ह आदि से स्वागत सम्मान एवं डॉ. भोला ईसर के स्वस्तिवाचन के बीच अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि लेट्स इंस्पायर बिहार के संस्थापक आइजी विकास वैभव ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि, बिहार पहले से ही समृद्ध रहा हैं, आज भी समृद्ध हैं, आगे भी समृद्ध रहेगा। जरुरत इस बात की है कि हम अपने बच्चों में समृद्ध बिहार की कहानी सुनाएं, उन्हें प्रेरित करें, उनके क्षमता कौ तराशे और उनके प्रतिभा को उनके ही क्षमताओं और अभिरुचि के अनुसार स्वाभाविक रूप से निखरने दें। हम सभी समुन्नत बिहार बनाने के लिए अपने बीच जाति, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर अपने अपने क्षमताओं के अनुसार विकसित बिहार बनाने में मदद करें तो एक दिन फिर से बिहार में वास्तविक बहार आ जाएगी। श्री वैभव ने कहा कि, समृद्ध बिहार से ही समृद्ध भारत का सपना साकार होगा। समारोह में लेट्स इंस्पायर बिहार के दलसिंहसराय चैप्टर के चीफ कोर्डिनेटर प्रो.पी. के. झा "प्रेम" ने संस्थापक श्री वैभव का मिथिला परम्परा के अनुसार पाग चादर और मैथिली साहित्य भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि , आपका विकसित बिहार के लिए किया जा रहा निःस्वार्थ प्रयास एक दिन रंग जरूर लाएगा और हमारा बिहार देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक परिषद के संस्थापक डॉ उमेश कांत चौधरी ने विकास वैभव और उनके समस्तीपुर जिला से लगाव पर विशेष रूप से अपनी बात रखते हुए कहा कि मिथिला का यह क्षेत्र उनके सद् प्रयासों में पूर्ण सहयोग करता रहेगा और उनका विकसित बिहार का सपना पूरा होगा। समारोह का संचालन शिक्षाविद उत्सव जायसवाल ने किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को खूब रिझाया।


अतिथि को सम्मानित करते प्रो. प्रेम।

## बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है : भाई वीरेंद्र

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मनेर विधायक सह बिहार विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति भाई वीरेंद्र गुरुवार शाम समस्तीपुर जिला अतिथि गृह पहुंचे, जहां राजद कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को अतिथि गृह के सभागार में उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोक लेखा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक से पूर्व प्रेस से बातचीत करते हुए भाई वीरेंद्र ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अराजकता की स्थिति बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो मुख्यमंत्री और न ही उपमुख्यमंत्री को जनता की समस्याओं की चिंता है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को समय पर गैस सिलेंडर और पेट्रोल जैसी आवश्यक सुविधाएं भी सहज रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ राजनीतिक खेल किया है और आने वाले दिनों में बिहार सरकार को दिल्ली से रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाया जाएगा। भाई वीरेंद्र ने कहा कि बिहार में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल है। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लगातार लीक हो रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नालंदा के शीतला मंदिर में पूजा के दौरान मची भगदड़ की घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि ऐसी दुखद घटनाएं प्रशासनिक सतर्कता और सरकार की संवेदनशीलता से टाली जा सकती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार विकास के अधिकांश मानकों पर पिछड़ता जा रहा है और सरकार जवाबदेही से बच रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनोज मंडल बने प्रधान शिक्षक संगठन की प्रखंड अध्यक्ष

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रधान शिक्षकों की बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक मनोज कुमार मंडल ने की. इस मौके पर प्रधान शिक्षकों की मजबूत संगठन, प्रधान शिक्षक का वेतन संरक्षण का लाभ , विशिष्ट काल का अन्तर वेतन एरियर एवं चेकर मेकर में एच टी का मोबाईल नंबर जोड़ने सहीत कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया. इस मौके पर सर्वसम्मति से प्रधान शिक्षक प्रखंड अध्यक्ष के पद पर मनोज कुमार मंडल, सचिव कमोद साफी चुने गए. वही कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, महिला प्रभारी बेबी कुमारी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पासवान, उपसचिव रामप्रकाश पासवान, उपकोषाध्यक्ष गोविंद मिश्रा, सचेतक राजा बाबू चौपाल, प्रवक्ता शिवकुमार पासवान, मीडिया प्रभारी देवनारायण चौधरी चयनित किए गए. इस मौके पर कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे.



### उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तर का डीपीओ ने क्या औचक निरीक्षण.



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तर में स्थापित मॉडल स्कूल के सत्यापित करने को लेकर शुक्रवार को डीपीओ योजना एवं लेखा सह एमडीएम मधुबनी श्रीमणि भूषण कुमार ने औचक निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, स्वच्छता, अनुशासन, आधारभूत संरचना तथा विद्यालय के समग्र वातावरण का गहन अवलोकन किया.निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की पठन पाठन, साफ -सफाई, बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति अवलोकन किया एवं मौके पर कई दिशा निर्देश दिये. विद्यालय परिसर की सुंदरता को देखकर वे अत्यंत प्रभावित हुए.उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का विकास टीम वर्क और समर्पित प्रशासन का परिणाम है. विद्यालय के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर उठाए गए कदम बहुत ही सराहनीय है उनकी बातों को उपस्थित प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उनके सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा विद्यालय के और बेहतर विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही. निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया. इस मौके पर प्रदीप रंजन झा, रेणु कुमारी, पंकज कुमार ,अभिलाष श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित थे

### 42 प्राकृतिक गैस(एल.पी.जी.) वितरकों तथा 35 पेट्रोल,डीजल वितरकों के भंडारण एवं वितरक कार्यालयों के क्रियाकलापों की हुई औचक जांच



**मधुबनी (एनएसबी)।** तेल एवं प्राकृतिक गैस, एलपीजी की प्राप्त हो रही शिकायतों एवं समस्याओं को को देखते हुए जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के निदेश पर शुक्रवार को जिले के विभिन्न कंपनियों के 42 प्राकृतिक गैस, एलपीजी वितरकों तथा 35 पेट्रोल/डीजल वितरकों के भंडारण एवं वितरक कार्यालयों के क्रियाकलापों की संबंधित अधिकारियों के द्वारा औचक जांच की गयी। जिसमें जिले में अवस्थित पेट्रोल पम्पों, एल०पी०जी० वितरकों, भण्डारण केन्द्रों, संदिग्ध अनाधिकृत भण्डारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया एवं पदाधिकारियों के द्वारा आवश्यक कारवाई भी की गयी। सभी संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा वितरण केंद्र से संबंधित जांच प्रतिवेदन को गुगल शीट में अपलोड भी किया गया। एल.पी.जी. वितरण केंद्र के जांच पदाधिकारी के द्वारा वितरण केन्द्र पर लोगों के कतार की स्थिति, एल०पी०जी० सिलेन्डर के आपूर्ति एवं भण्डारण की स्थिति, होम डिलेवरी की स्थिति, ऑनलाईन बुकिंग में आने वाली समस्याओं की स्थिति,पब्लिक एड्रेस सिस्टम की उपलब्धता की स्थिति, एजेन्सी के कर्मियों की उपस्थिति विवरणी,संबंधित एजेन्सी के भण्डार स्थल की जाँच एवं सत्यापन, उपस्थित नागरिकों का फीडबैक सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कर आवश्यक कारवाई भी की गयी।

### एलपीजी गैस का 43 हजार 790 स्टॉक है मधुबनी में उपलब्ध



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में पेट्रोल,मोटर स्पिरिट, तथा डीजल,हाई स्पीड डीजल,का 3 मार्च को जिले के सभी कंपनियों के पेट्रॉल पम्पो को मिलाकर 902.7 हजार लीटर पेट्रोल तथा डीजल (हाई स्पीड डीजल) 1090.1 हजार लीटर का स्टॉक उपलब्ध है। जबकि औसतन जिले के सभी कंपनियों के पेट्रॉल पम्पो को मिलाकर 162.366 हजार लीटर पेट्रॉल तथा डीजल (हाई स्पीड डीजल) 240.706 हजार लीटर का मात्र खपत है।मधुबनी जिले में 3 मार्च को 43 हजार 790 एलपीजी गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध है। अब तक कुल बुकिंग4 लाख 57 हजार 983 है। जिले में एलपीजी गैस वितरण सामान्य ढ़ंग से हो रही है। जिले के विभिन्न कंपनियों के सभी एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचने की आवश्यकता है।प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है। समय-समय पर आम जनता के विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों की जांच जिलास्तरीय टीम के द्वारा कराकर आवश्यक कारवाई भी की जा रही है।

### ऑल डिफेंस अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित



**खजौली (एनएसबी)।** स्थानीय महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय खजौली के परिसर में ऑल डिफेंस की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित पांच दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों को समाजसेवी दिलीप कुमार द्वारा टी शर्ट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। सम्मान पाकर अभ्यर्थी गदगद दिखे। इस अवसर दिलीप कुमार ने कहा कि देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं को हर संभव सहयोग मिलना चाहिए। उन्होने एकेडमी के अनुशासन, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं छात्रों के समर्पण की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एकेडमी के डायरेक्टर महेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं ट्रेनर मनीष कुमार ने छात्रों से निरंतर मेहनत करने तथा अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

### बिहार राज्य किसान सभा के मांगों पर त्वरित जांच करने का जिला कृषि पदाधिकारी आदेश

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार राज्य किसान सभा मधुबनी कौंसिल द्वारा 2-4-26 को जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय पर जोरदार आंदोलन के माध्यम से अपने मांगों वार्ता के माध्यम से सौपा, पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल वार्ता में बिहार राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव मनोज कुमार यादव, जिला सचिव सत्यनारायण यादव, जिला अध्यक्ष रामजी यादव, जिला उपाध्यक्ष दिलीप झा, संयुक्त सचिव उपेन्द्र यादव जिला कृषि पदाधिकारी के ठोस आश्वासन के बाद धरना/प्रदर्शन समाप्त की गई, मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी मधुबनी ने अपने पत्रांक -987 दिनांक 2-4-26 को आदेश जारी करते हुए अपने पत्र में उल्लेख किया कि जिले में रबी 25/26 अंतर्गत मार्च के तीसरे - चौथे सप्ताह में आयी आंधी, तुफान, असामयिक वषार्पात एवं ओलावृष्टि फलस्वरूप फसल क्षति हुआ है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर डीएसपी सख्त, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश : डीएसपी



बैठक करते डीएसपी।

**जयनगर(एनएसबी)।** अनुमंडल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को जयनगर डीएसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी राघव दयाल ने की। इस दौरान अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में घटित आपराधिक घटनाओं, लंबित कांडों की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में डीएसपी राघव दयाल ने सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित रखना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी और इसमें दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने, वारंट एवं कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का भी निर्देश दिया।डीएसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण पुलिस की पहली जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। खासकर हाल के दिनों में बढ़े चोरी के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान डीएसपी ने सभी थानाध्यक्षों से बारी-बारी उनके क्षेत्र में दर्ज कांडों की जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि अब तक कितने मामलों का निष्पादन किया गया है और कितने मामले लंबित हैं। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हर थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में लंबित कांडों की सूची तैयार कर प्राथमिकता तय करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन करें।अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए डीएसपी ने अवैध शराब, मादक पदार्थों के कारोबार और अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि चौकीदारों और स्थानीय सूत्रों से लगातार फीडबैक लिया जाए ताकि ऐसे धंधों में संलिप्त लोगों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाना पुलिस की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।डीएसपी राघव दयाल ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता और जवाबदेही से ही लोगों में विश्वास कायम रहेगा।बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष जयनगर अमित कुमार, लदनियां थानाध्यक्ष अनूप कुमार, बासोपट्टी थानाध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराते हुए अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी।क्राइम मीटिंग के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखा जाएगा।

## संगठन में अब मनोनयन नहीं लोकतांत्रिक पारदर्शी चुनावों से बनेंगे अध्यक्ष : ई. आशुतोष झा



कार्यक्रम में उपस्थित।

**मधुबनी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेवा संस्थान बिहार में लगातार सक्रीयता करने वालों के साथ बैठक में ही पदाधिकारियों का चयन होता रहा है।।अब सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है और सदस्यों द्वारा ही लोकतांत्रिक पद्धति से गांवों में अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष और महिला अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। उसी चुनावी आम सभा से प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव कराया जाएगा जो उसी सूची से आपस में प्रखंड अध्यक्ष, अनुमंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेवा संस्थान के 20 वीं स्थापना दिवस 21 जून 2026 रविवार को भव्यता के साथ मनाया जाएगा और उसके बाद पूरे बिहार में यह नियम लागू किया जाएगा।। तत्काल दरभंगा प्रमंडल में सर्वप्रथम पायलट प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है , सदस्यता अभियान अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती से प्रारंभ होगा। उसके लिए संयोजन समिति संयोजक सह संयोजक सदस्यता प्रभारी सर्वेक्षण प्रभारी संगठन प्रभारी पांच पदों पर तात्कालिक मनोनयन किया जा रहा है, यही पांच पदाधिकारी सदस्यता, सर्वेक्षण और चुनाव संपन्न कराएंगे, चुनाव के बाद एक एक चुनाव प्रभारी सदस्यता प्रमाणित होने पर मनोनीत किया जाएगा

प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय संयोजक ई. आशुतोष कुमार झा संतोष ने बताया कि 20 वर्षों तक लगातार सक्रीयता बनाए रखने और अपने समाज की मजबूती से आवाज उठाने के कारण यह संगठन बिहार झारखंड में सबसे बड़ी ब्राह्मणों की संगठन बन गई है और इसे सर्वत्र व्याप्त चरितार्थ करने के लिए एक एक ब्राह्मण घर परिवार को अनिवार्य सदस्यता अभियान में सम्मिलित किया जाना चाहिए, उसकी कार्ययोजना तैयार कर ऐसा निर्णय लिया गया है।। जिला अध्यक्ष का चुनाव पूरे बिहार झारखंड में हो जाने पर प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।। यह संगठन इतनी प्रायोगिक व्यवहारिक है कि संगठन का बिहार प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव स्थापना के 6,7 वर्षों बाद चुनाव से किया गया था, जब 25 जिलों में संगठन सक्रियता से कार्यरत हो गया था और राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव अब 20 वर्ष बीत जाने पर कराया जाएगा।। जब तक आधे से अधिक प्रदेशों में संगठन संस्थान का विस्तार नहीं किया गया तब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष कैसे बना सकते थे। ऐसा लोकतांत्रिक बुद्धिजीविता वाला कोई भी संगठन नहीं बना है भारत देश भर में, हमलोग सदैव सत्य सच्चाई वास्तविकता सामने रखकर ही समाज हितसाधकों संगठनप्रेमियों द्वारा दिए गए सुझावों पर काम करते रहे हैं और इसीलिए विश्वसनीयता बनी हुई है।। अब आगे इसे जमीनी स्तर पर एक एक ब्राह्मणों का ब्राह्मणों द्वारा ब्राह्मणों के लिए संगठन प्रस्थापित करने वाली व्यवस्था सुनिश्चित करना है।। इस बार परशुराम जयंती तो स्थानीय ब्राह्मणों द्वारा मनाया ही जाएगा, प्रमुख कार्यक्रम प्रादेशिक स्तर का दरभंगा जिला बिरौल अनुमंडल में पोखराम गांव में पूरे भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। 20 वीं स्थापना दिवस पर दो दिवसीय सम्मेलन कार्यक्रम 21 और 22 जून को दरभंगा जिला लहेरियासराय में मनाया जाएगा।

## हर्षोल्लास के साथ विभिन्न हनुमान मंदिरों में मनाई गई हनुमान जयंती

**मधुबनी (एनएसबी)।** हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मुख्य रूप से चैत्र पूर्णिमा और कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को मनाई जाती है। पहली तिथि हनुमान जी के शक्ति का प्रतीक है, एवं(विजय अभिनंदन महोत्सव) माता सीता द्वारा उन्हें अमरता का वरदान देने और दूसरा जीवन मिलने की याद में मनाई जाती है ।एक अन्य कथा अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पवित्र दिन में स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर में श्रद्धालु भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ और सुंदर कांड पाठ किया गया, मंदिर के सचिव राजू कुमार राज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जी का विशेष श्रृंगार लोगों के बीच विशेष आकर्षित रहा तथा विद्वान पंडितों के माध्यम से सुंदर कांड पाठ हुआ। वहीं मंदिर के अध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद श्री कैलाश साह ने बताया की मंदिर में आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विशेष ध्यान दिया गया, जिससे मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या काफी रही। मंदिर पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी शुभ दिन पर अंजनी पुत्र हनुमान ने सूर्य को लाल फल समझकर निगल लिए जिससे देवराज इंद्र ने अपने वज्र के प्रहार से हनुमान को मूर्छित कर दिया पवन देव ने क्रोधित हो पूरा सृष्टि का गति रोक दिए जिससे सभी देव ने पवन देव ने विनती करने लगे, पवन देव के कहने पर सभी देवताओं ने आशीर्वाद देकर हनुमान को



मंदिर पर बैठे पंडित पूजा करते ।

मूर्छित अवस्था से जगाया और इस प्रकार हनुमान जी को नया जीवनदान मिला।कई स्थानों पर उन्हें अमरता का वरदान मिलने (जीवन दान) के संदर्भ मेंविशेष रूप से पूजा जाता है। पंडित पंकज झा शास्त्री के अनुसार यहां दक्षिण मुख युगल हनुमान निष्ठा पूर्वक आने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं, जिससे यह देश दुनिया के दूर दूर से लोग आते रहते है। यहां प्रत्येक पूजा पाठ में स्थानीय लोगों के साथ साथ विशेष युवा वर्ग का अधिक योगदान होता है।

## जलवायु परिवर्तन के कारण भारी मात्रा में कृषि एवं बागवानी फसलों का नुकसान

**मधुबनी (एनएसबी)।** रबी मौसम में प्राकृतिक आपदा एवं जलवायु परिवर्तन के कारण भारी मात्रा में कृषि एवं बागवानी फसलों का नुकसान हुआ है। किसानों के खेत से खलिहान तक फसल क्षति का आंकलन समय समय पर नहीं करने से किसानों में मायूसी देखी जा रही है। किसानों ने पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विगत पांच साल से रबी फसलों का उपज दर घटते जा रहा है, लेकिन पदाधिकारी बढ़ा चढ़ाकर कागजी खानापूर्ति कर उत्पादकता अधिक दिखाकर वाहवाही बटोर रहे हैं।जमीनी हकीकत को इतर करते हुए पंचायत स्तर के पदाधिकारी जिम्मेवारी लेने से बचते हैं।असल में फसल क्षति के बारे में किसानों से फसल उपज की सच्चाई को अनदेखी करते हैं। विगत खरीफ मौसम में वषार्पात कम हुई तथा खण्ड वृष्टि हुआ किसानों के बिचड़े खेत में सूख गए। धान रोपनी मध्यम एवं उपरी भूमि में नहीं लगी। फिर भी खरीफ सीजन में पैक्स के माध्यम से धान खरीदने में पसीने छूट गए।किसानों ने अपने फसल उपज का दुखरा सुनाते हुए बताया कि विगत छह वर्ष से पंडौल,रहिका, खजौली,कलुआई सहित एक दर्जन से अधिक प्रखंडों में खरीफ एवं रबी फसलों का उपज बहुत ही कम हुआ है। किसान आश लगाए रहते हैं कि फसल क्षति का आंकलन कर राहत मिलेगी। किसान सुमन झा,बिमल यादव, संतोष पाठक आदि ने बताया कि सरकार के मंत्री एवं सचिव स्तर के पदाधिकारी भी बोलते हैं किसानों के आपदा के राशि पर हक है। लेकिन किसानों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है।विगत रबी मौसम में जलवायु के उतार चढ़ाव के कारण फसलों की उपज किसानों के खेती में लगे लागत के अनूरूप नही हो रहा है। पिछले मार्च महिने में आंधी तूफान ओलावृष्टि एवं बारिश से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। अप्रैल माह में भी मौसम विभाग ने पूवार्नुमान जारी किया है जिसमें बारिश के साथ ओलावृष्टि वज्रपात एवं तेज हवा बहने की संभावना बताया गया है।रबी फसलों में दलहन,तेलहन एवं गेहूं पर मौसम के बिगड़ते रहने से बहुत ही कम उपज प्राप्त हुआ है। बागवानी फसलों में आम एवं लीची अस्सी प्रतिशत तक मंजर नष्ट हो गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के आयोजन में कार्यकर्ताओं को दी गई संगठनात्मक मजबूती की सीख





कार्यक्रम में मंत्री और कार्यकर्ता।

**जयनगर (एनएसबी)।** स्थानीय सुड़ी विवाह भवन सभागार में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल का संयुक्त प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास और कार्यशैली से अवगत कराते हुए उन्हें आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए तैयार करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना वर्ष 1951 में हुई थी और तब से लेकर आज तक संगठन ने राष्ट्र सेवा और जनहित को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को पार्टी की मूल विचारधारा बताते हुए कहा कि यही विचार आज भी कार्यकताओं के लिए मार्गदर्शक है।

मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके कार्यकताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा समाज के हर वर्ग के लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है, जिससे संगठन और अधिक सशक्त होता है।इस दौरान उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना को संगठन की पहचान बताते हुए इन मूल्यों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सूरज गुप्ता, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष उद्धव कुंवर तथा उत्तरी मंडल अध्यक्ष राम कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकताओं के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित होते हैं।इस अवसर पर अमरेश झा, अरविंद तिवारी, आलोक कुंवर, माला तिवारी, उपेंद्र राम, विनय सिंह (सांसद प्रतिनिधि), हरिश्चंद्र शर्मा, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, गोपाल सिंह, गणेश पासवान, हनुमान प्रसाद मोर, पंकज सिंह राठौर, प्रमिला पूर्वे, कामिनी साह, कमल साह, विकास चंद्र, विवेक कुमार ठाकुर, सुमित कर्ण, किशुन सहनी, धीरेन्द्र झा सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान संगठन की नीतियों, कार्यपद्धति और जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं को बताया गया कि किस प्रकार वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बना सकते हैं। साथ ही उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को समझने के लिए प्रेरित किया गया।अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजकों ने सभी अतिथियों और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि संगठन की जड़ें और अधिक मजबूत हो सकें

## संक्षिप्त खबरें

### देर रात मीनापुर क्षेत्र में अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, एक बुजुर्ग की मौत दूसरे की हालत नाजुक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मीनापुर थाना क्षेत्र के लौतन चौक (विषहर स्थान) के समीप गुरुवार की रात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में दो बुजुर्गों को गोली लग गई। गोली से घायल दोनों बुजुर्गों कु पहचान मानसिक रूप से अस्वस्थ गांगी छपरा गांव के दीपलाल साह (55) और भोला सिंह (60) के



रूप में हुई है। घायल दीपलाल साह की मौत हो गई है जबकि भोला सिंह को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपलाल साह के परिवार में कोई नहीं है। वे भिक्षाटन कर अपना जीवन यापन करते थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंतिम संस्कार करना वाला भी उनका अपना कोई नहीं है। इस मामले में एसडीपीओ पूर्वी वन अलय वत्स ने बताया कि घटना के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। घायल भोला सिंह का बयान दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्थिति के कारण उनसे बात नहीं हो पा रही है। डीएसपी ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है ।

### भाकपा-माले का 11वां जिला सम्मेलन आज, शहर में निकाला जायेगा युद्ध विरोधी शांति मार्च

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भाकपा माले का दो दिवसीय 11वां मुजफ्फरपुर जिला सम्मेलन शनिवार 4 अप्रैल को दिवान रोड स्थित सभागार में शुरू होगा। सम्मेलन में जिला के सभी क्षेत्रों से निर्वाचित 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। महिला कार्यकर्ता भी बतौर प्रतिनिधि अच्छी संख्या में भाग लेंगी। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव कृष्णमोहन ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि पार्टी के पॉलिट ब्यूरों सदस्य व ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी। सम्मेलन में राज्य पर्यवेक्षक पार्टी की केन्द्रीय कमिटी सदस्य व बिहार राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मंजू प्रकाश भी भाग लेंगी। वहीं उद्घाटन सत्र को कई चर्चित बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्ता भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा है कि सम्मेलन के प्रारंभ में शहर में युद्ध विरोधी शांति मार्च निकाला जायेगा जिसमें सैकडों.लोग भाग लेंगे। इस दौरान अमेरिका-इसराइल के सामने मोदी सरकार के आत्मसमर्पण के मामले को भी मजबूती से उठाया जायेगा।

### जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन निकालेगा मुजफ्फरपुर के कीर्ति-शेष साहित्यकारों पर स्मृति ग्रंथ

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर की नई कार्यकारिणी की प्रथम बैठक शुक्रवार को वित्त मंत्री उत्तम कुमार के निवास बैंकर्स कालनी वेला में चित्तरंजन सिन्हा कनक की अध्यक्षता में हुई। उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह ने कहा कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के कीर्तिशेष साहित्यकारों पर स्मृति ग्रंथ का प्रकाशन करेगा। जिसके प्रबंध संपादक डॉ महेन्द्र मधुकर होंगे। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, सम्मेलन पत्रिका "साकल्य" का भी प्रकाशन करेगा। इसके लिए साहित्यकारों से उनकी रचनाएं आमंत्रित की गई हैं। चित्तरंजन सिन्हा कनक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सम्मेलन की मजबूती हमारा लक्ष्य है। सम्मेलन में श्रीमंतों को नहीं धीमंतो को जोड़ना हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिससे यह सम्मेलन परिवार भविष्य का मार्गदर्शन कर सके। डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के कार्यों



की महक अब चतुर्दिक फैल रही है। साहित्य मंत्री डॉ प्रियंवद ने कहा कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर का सदस्य होकर अभिभूत हूं। मैं जब भी यहां आती हूं कुछ लेकर जाती हूं। देवेन्द्र कुमार ने कहा कि मुझे प्रसंन्नता है कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर अपने उद्देश्य के अभ्युदय के प्रति समर्पित है। डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह ने कहा कि मुझे खुशी है कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन नित नया कीर्तिमान गढ़ रहा है। मौके पर प्रेम कुमार वर्मा, डॉ लोकनाथ मिश्र, डॉ बीरेन्द्र कुमार मल्लिक, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव, मधुमंगल ठाकुर, उमानाथ सिंह, उमाशंकर प्रसाद चौरसिया, डॉ उषा किरण देवेन्द्र प्रसाद शर्मा ने समवेत स्वर में सम्मेलन की मजबूती को रेखांकित किया। वित्त मंत्री उत्तम कुमार के संबोधन के साथ बैठक संपन्न हुआ।

### एलपीजी को लेकर अफवाहों पर प्रशासन सख्त

**सीतामढ़ी/एनएसबी।** जिले में एलपीजी गैस की कथित कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने कहा है कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है और सभी उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। आज उन्होंने बताया कि डीएम रिची पांडेय के निर्देश पर गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। डीएसओ के अनुसार, वर्तमान में जिले में 14.2 ँ घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता 19,294 है, जबकि औसत मांग प्रतिदिन 13,500 है।उन्होंने कहा कि आपूर्ति पर्याप्त है।वहीं 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडरों की संख्या 238 है। जिले में भारत गैस की 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 16 और इंडियन ऑयल की 35 एजेंसियां सक्रिय हैं। कुल 63 एजेंसियों के माध्यम से गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान भी चलाया गया है, जिसमें बीडीओ, एमओ, अनुमंडल पदाधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे। बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

# मनियारी क्षेत्र में आम के पेड़ से लटकता मिला नाबालिग छात्रा का शव, घटना को लेकर गांव के लोग स्तब्ध

**गुरुवार की शाम मेला देखने निकली थी औऱ सुबह आम के बगीचे में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मनियारी थाना क्षेत्र के अमरख गांव में शुक्रवार की सुबह आम के बगीचे में एक पेड़ से लटकता 15 वर्षीया नाबालिग लड़की का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान गांव की ही जलिना खातून के रूप में होते ही मृतका के घर में कोहराम मच गया। मृतका के परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची मनियारी थाना पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ पश्चिमी टू अनिमेष चन्द्र ज्ञानी भी घटनास्थल पर पहुंचे तथा ग्रामीणों औऱ मृतका के परिजनों से घटना की जानकारी ली। घटना के संबंध में मृतका के बड़े भाई ने बताया कि गुरुवार



घटनास्थल पर मामले की जांच के लिए पहुंची पुलिस।

की। शाम परिवार के सभी लोग काजीईन्दा मजार पर लगा मेला देखने जाने वाले थे। जलिना खातून भी मेला जाने के लिए तैयार थी। लगभग 6 बजे शाम को मेला जाने के लिए जब जलिना कि खोज की गई तो वह घर में नहीं मिली। अचानक उसके गायब होने पर यह अनुमान लगाया गया कि कही वह अकेले ही मेला चली गई होगी, परिवार के सभी लोग मेला पहुंच गए। वहां जलिना की तालाश की गई। मेले में जलिना की खोज के लिए माइकिंग कराया गया। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। मृतका के भाई ने बताया कि वे लोग जलिना की खोजबीन में जुटे थे, इसी बीच आज सुबह कुछ ग्रामीणों ने जलिना का शव गांव के ही आम के बगीचे में पेड़ से लटका देखे जाने की जानकारी दी। जब परिजन वहां पहुंचे तो शव की पहचान जलिना के रुप में ही की गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। परिजनों का कहना है कि जलिना अमरख स्कूल में 8वीं की छात्रा थी। मृतका के भाई के अनुसार जलिना को परिवार के लोगों ने भी कुछ नहीं कहा औऱ परिवार में कोई इस तरह की बात भी नहीं हुई। फिर अचानक यह घटना क्यो औऱ कैसे घटी, समझ मे नही आ रहा है। इस मामले में एसडीपीओ पश्चिमी टू अनिमेष चन्द्र ज्ञानी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतित हो रहा है। लेकिन जबतक पूरे मामले की जांच नहीं हो जाती औऱ शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता, तबतक स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि मामले की जांच में पुलिस के साथ एफएसएल टीम को भी लगाया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## पूर्व वार्ड पार्षद से 7 लाख की सोने की चेन लूटी

**सब्जी मंडी में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर दिया वारदात को अंजाम, घटनास्थल पर मची रही अफरा तफरी**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सब्जीमंडी में शुक्रवार की सुबह बाइक सवार दो अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर पूर्व वार्ड पार्षद विकास सहनी से सोने की चेन लूट ली औऱ फरार हो गए। दिनदहाड़े सब्जीमंडी में हुई इस घटना को लेकर लोगों में अफरा तफरी मच गई। वहीं एक युवक ने घटना को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को पकड़ने के लिए पीछा किया। लेकिन अपराधियों ने उनपर पिस्टल तान दी, इस डर से पीछा कर रहा युवक बाइक लेकर गिर गया औऱ अपराधी हथियार लहराते



घटना को लेकर सब्जीमंडी में मची लोगों में अफरा तफरी, पहुँची पुलिस

हुए भाग निकले। पूर्व वार्ड पार्षद विकास कुमार सहनी ने बताया कि वे सब्जी खरीदने गए थे, इसी दौरान अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उनकी चेन झपट ली। जब उन्होंने विरोध करने का प्रयास किया तो अपराधियों ने उनपर हथियार तान दिया और तेज रफ्तार से आगे भागते चले गए। उन्होंने बताया कि लूटी गई चेन 7 लाख रुपए की थी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिकंदरपुर थाना पुलिस ने घटना की जांच के पश्चात अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में जुटी है। पुलिस के अनुसार फुटेज में पिस्टल ताने ब्लू अपाचे बाइक सवार दो अपराधी भागते दिख रहे हैं। फुटेज के माध्यम से अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि अपराधियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जनसंघ काल के भाजपा नेता विष्णुकांत झा के आकस्मिक निधन से भाजपाई शोकाकुल

**पूर्व मंत्री के नेतृत्व में उन्हें पार्टी का झंडा ओढ़ाकर नेताओं व कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जनसघ काल के समर्पित कार्यकर्ता व भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुकांत झा का हृदयाघात से गुरुवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ स्व श्री झा के हित चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं राजनीतिक गलियारे में भी शोक छा गया। विष्णुकांत झा के निधन की सूचना मिलते ही भाजपा सहित कई अन्य राजनीतिक दलों के लोगों का उनके पुरानी बाजार ब्रम्हनटोली स्थित आवास पर तांता लग गया। देर रात तक उनके अंतिम दर्शन के लिए लोग उनके आवास पर आते जाते रहे। शुक्रवार को पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा व मुजफ्फरपुर पूर्वी भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में जिला भाजपा के दर्जनों नेता



भाजपा नेता विष्णुकांत झा को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा व पूर्वी जिला भाजपा के लोग।

व कार्यकर्ता स्व श्री झा के आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाया और पुष्प माला अर्पित कर उन्हें नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि दी। लंबे समय तक साथ रहे स्व विष्णुकांत झा को भारी मन औऱ नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि विष्णुकांत झा के पास ज्ञान का भंडार था। उनके भाषण और कविताएं युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहीं। उन्होंने भाजपा में कई महत्वपूर्ण दायित्व निभाए और राम मंदिर आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। वह एक कुशल वक्ता के साथ-साथ एक प्रखर साहित्यकार भी थे। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के संस्थापक नेताओं के नीति सिद्धान्तों की व्याख्या करते हुए पार्टी कार्यकताओं का मार्गदर्शन करना औऱ युवा कार्यकताओं को पार्टी की सोच, नीति औऱ कार्यशैली से अवगत कराना विष्णुकांत झा की विशेषता थी। सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि विष्णुकांत जी का अचानक जाना भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति है। इसकी भरपाई अब शायद ही संभव हो। स्व विष्णुकांत झा को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डॉ तारण राय, ममता रानी, अशोक झा, मुकेश शर्मा, रवि शंकर कुशवाहा, पूनम वर्मा, दिलीप कुमार, रंजन ओझा, श्याम सुंदर भीमसरिया, पप्पू झा, धनंजय झा, अरविन्द सिंह, जगदीश कुमार सहित बड़ी संख्या में जिला भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस महिला प्रकोष्ठ की मुजफ्फरपुर इकाई का हुआ गठन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जिला इकाई महिला प्रकोष्ठ की बैठक आवासीय कार्यालय बीएमपी 6, दुगार्पुरी रोड नंबर 3 में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत चित्रगुप्त भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर चित्रगुप्त वंदना से की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ रवि शंकर चैनपुरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव के द्वारा नवगठित कमेटी की गई। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती जानकी श्रीवास्तव ने कहा की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिलाओं द्वारा एकजुटता दिखाकर महिलाओं को बढना होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा की ऑनलाइन सदस्यता अभियान पूरे शहर में चलाए जा रहे हैं। आप सभी महिलाएं



संगठन के महिला प्रकोष्ठ के गठन को लेकर हुई बैठक में शामिल संगठन के लोग।

ऑनलाइन मेंबर बनकर संगठन को मजबूती प्रदान करें। इस दौरान ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रूपा श्रीवस्तब द्वारा प्रकोष्ठ की नई कमिटी की घोषणा की गई। जिसमें रूपा श्रीवास्तव-अध्यक्ष, सुनीता कुमारी व सुधा कर्ण- उपाध्यक्ष, अमिता वर्मा- महासचिव, शिखा कुमारी-सचिव अर्चना कुमारी-कोषाध्यक्ष बनाईं गई। जबकि रामा देवी, उमा कुमारी, अमृता कुमारी, सुमन कुमारी, राखी कुमारी, मुन्नी कुमारी, शिखा कर्ण, सनी श्रीवास्तव, अनीता कर्ण, प्रतिभा कर्ण, रुचि कर्ण को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक का संचालन महासचिव राजीव कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन आईटी सेल संयोजक तरुण नंदन वर्मा ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉक्टर रविशंकर चैनपुरी, उपाध्यक्ष जानकी श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव, महासचिव राजीव कुमार, आंटी सेल संयोजक करुण नंदन वर्मा आदि उपस्थित थे।

## आयुष्मान आरोग्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए सीएचओ का विशेष प्रशिक्षण संपन्न

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर की 12 पैकेज सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया विशेष जोर**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में मीनापुर प्रखंड के चयनित 10 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के लिए एक निजी होटल सभागार में दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली 12 पैकेज सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को इन सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन, गुणवत्ता सुधार एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ आपूर्ति के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, उन्हें यह भी बताया गया कि किस प्रकार इन सेवाओं के माध्यम से आम जनता को समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। प्रशिक्षण का संचालन जपाईगो संस्था द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भाग लेकर सीएचओ



को विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने सेवाओं के कार्यान्वयन से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेहान अशरफ ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से समुदाय को सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, जिसमें 12 पैकेज सेवाओं का सफल क्रियान्वयन अहम भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया गया तथा उन्हें अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्राप्त ज्ञान का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ मुशहरी प्रखंड इकाई का हुआ पुनर्गठन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ मुशहरी प्रखंड इकाई के पुनर्गठन को लेकर शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय मुशहरी के प्रांगण मे बैठक आयोजित की गई। संगठन के जिला महासचिव मुनीन्द्र कुमार झा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उपस्थित सैकड़ों शिक्षकों ने एक स्वर में परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ मुशहरी प्रखंड इकाई का पुनर्गठन करते हुए जिला से आए मनोनीत पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में प्रखंड कमिटी के सभी पदों के लिए चयनित पदाधिकारियों के नाम पर सहमति जताई। पर्यवेक्षक दल के उपस्थिति सदस्यों विजय कुमार पारू, प्रमोद कुमार कांटी, राजेश कुमार कुढ़नी, निरंजन कुमार शाही कुढ़नी, सुरेन्द्र कुमार कुढ़नी की देखरेख में प्रखंड कमिटी का गठन किया गया तथा कमिटी के मनोनीत पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। जारी सूची के अनुसार संगठन के प्रखंड अध्यक्ष पद पर दोबारा डॉ विकास कुमार सहायक प्राध्यापक को जिम्मेदारी दी गई।



संगठन के दोबारा अध्यक्ष बनने पर डॉ विकास कुमार का स्वागत करते संगठन के लोग।

वहीं प्रखंड महासचिव अजीत कुमार, वरीय उपाध्यक्ष शिवशरण कुमार व अश्वमेघा कुमारी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार व फजले रब्बी, सचिव अब्दुल कादीर सिद्दीकी, रमेश कुमार, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, अमरेश कुमार व सीमा कुमारी को बनाया गया। कार्यालय सचिव राजीव कुमार झा, संयोजक उमेश कुमार साह तथा सह संयोजक जनक कुमार सिंह बनाए गए। जबकि पिंकू राम प्रवक्ता, रंजना कुमारी सह प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह,सह कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी भवानी सिंह, मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार, सह मीडिया प्रभारी मो आलम व सूचना प्रभारी दिनेश कुमार को बनाया गया। मौके पर सभी नव चयनित संगठन के पदाधिकारियों को जिला महासचिव मुनीन्द्र कुमार झा द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। वहीं जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# किसान संसद में शामिल होने पटना जाएंगे संयुक्त किसान मोर्चा सीतामढ़ी के 25 लोग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उत्तर बिहार के कार्यसमिति तथा प्रमुख किसान नेताओं की बैठक मोर्चा कार्यालय में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रदेव मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 9 अप्रैल को आईएमए हाल पटना में आयोजित किसान संसद में सीतामढी जिले से 25 किसान शामिल होंगे।

**संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उत्तर बिहार के कार्यसमिति तथा प्रमुख किसान नेताओं की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा**

किसान संसद में अमेरिका-भारत ट्रेड डील रद्द करने, प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति पर अनुदान, एम एसपी सीटू प्लस 50 प्रतिशत पर कानून, बिजली तथा बीज विधेयक 2025 वापस लेने, बंद चीनी मिलों को चालू करने के वायदे पर अमल तथा गन्ना किसानों की समस्यायें, बिहार में कृषि मंडी की वापसी, मरती नदियों को बंचाने तथा सिंचाई व्यवस्था, गेंहू खरीद पर बोनस, मनरेगा की वापसी, किसानों का जबरन भूमिअधिग्रहण मुख्य मुद्दा होगा।



मोर्चा कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल कार्यसमिति सदस्य तथा प्रमुख किसान नेता।

सीतामढी जिला में बर्षा, आंधी, ओलावृष्टि जैसी आपदा से गेंहू, दलहन, आम, लीची फसल की बबार्दी से परेशान किसानों को फसल क्षति तथा ईनपुट अनुदान दिलाने हेतू सभी जनप्रतिनिधि पहल करें तथा किसान भी जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनायें।

जिला प्रशासन से आग्रह किया गया कि फसलों की कटनी,दौनी तथा पटवन के समय किसानों को डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। पता चला है कि प्रशासन तथा तेल कंपनी डब्बे में डीजल देने पर मौखिक मनाही कर रहे हैं।

सिंचाई सुलभ कराने हेतू किसान फीडर से निजी नलकूपों को जोडने हेतू वर्षो से लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के नेता प्रो.आनन्द किशोर,ब्रजमोहन मंडल, अमरेन्द्र राय, नन्दकिशोर मंडल, शशिधर शर्मा, दिलीप कुमार शाही, मो. मुतुर्जा, अवधेश यादव, डा. नवल किशोर प्रसाद यादव, अशोक कुमार सिंह, अश्विनी कुमार मिश्र, राम प्रमोद मिश्र, रामसुरेश तिबारी, पवन कुमार चौरसिया, अशोक निराला, राम दरेश राय ने अपने विचार रखे।

**किसानों की प्रमुख मांगें**

- आंधी, ओला तथा वर्षा प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति दिलायें सभी जनप्रतिनिधि
- कटनी दौनी तथा पटवन सीजन में किसानों को डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो
- गेहूं की खरीद पर 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दे बिहार सरकार

## संक्षिप्त खबरें


रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी व बढ़ती महंगाई के खिलाफ पटना में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### नालंदा छेड़खानी कांड के दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे सरकार : कांग्रेस

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री के गृह जिला नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहारशरीफ में महिला के साथ सरेआम छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास की घटना की देशभर में तीखी निंदा हो रही है। इस शर्मनाक घटना से पूरा बिहार शर्मसार हुआ है। वैशाली महोत्सव के मंच से भी प्रसिद्ध महिला कलाकार द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली डबल इंजन सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। इससे पूर्व नीट की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या तथा मुजफ्फरपुर शेल्टर होम कांड जैसी घटनाओं ने भी राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के लिए उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी पूर्णतः जिम्मेदार हैं। जदयू-भाजपा के नेता धृतराष्ट्र की तरह मौन बने हुए हैं।

उन्होंने मांग की कि गृहमंत्री अविलंब इस्तीफा दें और जनता से माफी मांगें। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष रकटू प्रसाद, वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खां, संजय कुमार बिररख, मो. शम्स शाहनवाज, प्रो. रूपम यादव, प्रो. राणा तेज प्रताप सिंह, सीताराम झा, संपूणार्नंद झा तथा फौजी सुमन शर्मा समेत अन्य नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर कही। साथ ही, राज्य सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की।

### फाइनल में छोरहिया की टीम मेजरगंज को हराकर पहुंची

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बबलू पटेल पुस्तकालय घोघराहा के तत्वावधान में स्व. बबलू पटेल के स्मृति में जिला स्तरीय 13वीं विक्रम ट्राफी 2026 का सेमीफाइनल फाइनल का मैच मेजरगंज एवं छोरहिया के टीम के बीच खेला गया। जिसमें मेजरगंज के टीम बल्लेबाजी पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 115रन बनाए। छोरहिया के टीम तीन विकेट खोकर मैच छोरहिया की टीम ने जीत दर्ज किया। मैच घोघराहा गोट में स्थित सोना ईट उद्योग के खेल मैदान में आयोजित हो रही है। मैच में मेन आफ द मैच अनिष कुमार रहे। खिलाड़ी को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र चंद्रवंशी, प्रखंड प्रमुख रतन शर्मा, जिला परिषद क्षेत्र संख्या 18 के प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर रवि शर्मा, चंदन सिंह, तिरेश पटेल, मोदी यादव, मुन्ना यादव, राहुल झा रामदयाल प्रसाद यादव अन्य हजारों दर्शक मौजूद थे।

### मुजफ्फरपुर में दो दिवसीय गौशाला प्रतिनिधि सभा 4 से, साध्वी निष्ठा गोपाल सरस्वती करेंगी उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर गोशाला के तत्वावधान में बिहार राज्य गौशाला पिंजरापोल संघ की दो दिवसीय प्रतिनिधि सभा बैठक 4 एवं 5 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद स्थित शुभकरण केडिया सभागार में संपन्न होगा। आयोजकों के अनुसार, इस बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों की पंजीकृत गौशालाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जहां गौशालाओं के संचालन, संरक्षण एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन 4 अप्रैल (शनिवार) को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। उद्घाटनकर्ता के रूप में साध्वी निष्ठा गोपाल सरस्वती की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय इस बैठक में गौसेवा, पशु संरक्षण एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर कई अहम निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### छपरा में नाबालिग से हुआ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार अस्पताल के कम्पाउडर ने दिया घटना को अंजाम

**छपरा नगर।** छपरा के एक नर्सिंग होम में एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है यह घटना छपरा शहर के भगवान में थाना क्षेत्र के भरत मिलाप चौक स्थित एक निजी अस्पताल में हुई है जहां पर एक नाबालिक बच्ची के साथ वहां के कंपाउंडर के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है सूत्रों के अनुसार नाबालिक बच्ची फूड पॉइजनिंग के शिकार होने के बाद इलाज करने के लिए पहुंची थी जहां अस्पताल के कर्मी द्वारा शौचालय में उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित होप हॉस्पिटल पर भगवान बाजार थाना की पुलिस पहुंची और पुलिस ने आरोपी अस्पताल कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने नाबालिक बच्ची को मेडिकल जांच के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है जहां महिला चिकित्सक की टीम ने नाबालिक बच्ची का मेडिकल जांच किया है।

## बैरिया बस स्टैंड के नामकरण और पार्क के रख-रखाव को लेकर जिला प्रशासन से पहल की मांग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति, मुजफ्फरपुर द्वारा जिला पदाधिकारी को एक विस्तृत आवेदन देकर बैरिया बस स्टैंड का नामकरण अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल बस स्टैंड के रूप में किए जाने तथा बैरिया गोलंबर पार्क (वर्तमान में अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मारक स्थल पार्क) के समुचित रख-रखाव की मांग की गई है।

समिति के संस्थापक सचिव अरुण कुमार शुक्ला ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल जी के शहादत दिवस एवं जन्म दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 मई 2026 को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन के मद्देनजर उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि बैरिया बस स्टैंड का नाम आधिकारिक रूप से अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल बस स्टैंड के रूप में प्रदर्शित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में संबंधित मंत्रालय द्वारा अधिसूचना भी जारी की जा चुकी है।

इसके साथ ही पत्र में यह भी कहा गया है कि सहारा इंडिया परिवार द्वारा पूर्व में निर्मित एवं सौंदयीकृत बैरिया गोलंबर पार्क, जिसे अब अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मारक स्थल पार्क के नाम से जाना जाता है, उसके रख-रखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। समिति ने पार्क में प्रकाश व्यवस्था, फाउंटेन के संचालन तथा माली की नियुक्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि यह स्थल अपनी गरिमा के अनुरूप विकसित और संरक्षित रह सके।

समिति ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन दोनों महत्वपूर्ण विषयों पर शीघ्र एक समन्वय बैठक आयोजित की जाए, जिसमें जिला प्रशासन, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, भवन निर्माण विभाग, सहारा इंडिया परिवार के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हों, ताकि आवश्यक निर्णय लेकर कार्यो को जल्द अमल में लाया जा सके।

समिति ने उम्मीद जताई है कि जनभावनाओं से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रशासन सकारात्मक पहल करेगा और शीघ्र ठोस कदम उठाएगा।

## परिहार थाना में नवनियुक्त थानाध्यक्ष पंकज यादव ने किया पदभार ग्रहण

**परिहार/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** परिहार थाना में नव नियुक्त थानाध्यक्ष पंकज यादव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थानाध्यक्ष सुमित कुमार से औपचारिक रूप से जिम्मेदारी संभाली। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली।


थानाध्यक्ष पंकज यादव।

नव पदस्थापित थानाध्यक्ष पंकज यादव ने स्पष्ट कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाना है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास कायम करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने बताया कि नेपाल सीमा से सटे होने के कारण आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। रात्रि गश्ती को नियमित और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।

थानाध्यक्ष ने कहा कि सीमावर्ती इलाके में शराब तस्करी एक बड़ी चुनौती है, इसलिए इस पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी और कहा कि पूर्व के मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और शराबबंदी को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र के लोगों का सहयोग और समर्थन पुलिस को मिलेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

## सीपीएस में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की पहल बनी प्रेरणा

**छपरा।** बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लियो क्लब ऑफ छपरा सारण द्वारा सीपीएस, छपरा में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का हस्तांतरण एवं सफल स्थापना किया गया। यह सराहनीय पहल समाजसेवी शैलेन्द्र सेंगर के सौजन्य से संभव हो सकी, जिन्होंने बालिकाओं के हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किशोरावस्था में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस मशीन के माध्यम से छात्राओं को विद्यालय परिसर में ही सहज एवं सम्मानजनक तरीके से सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से लायन डॉ. मनोज कुमार वर्मा, लायन डॉ. विक्की आनंद, लायन डॉ. विकास कुमार सिंह, लायन प्रमोद मिश्रा, लायन सौरभ एवं लायन अश्विनी परमार की उपस्थिति रही।

## गोयनका महाविद्यालय में आज से उर्दू विश्वविद्यालय की होगी सेमेस्टर परीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मौलाना आजाद नैशनल उर्दू विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा (दूरस्थ शिक्षा) 4 अप्रैल से शहर के प्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी। जिसमें पहले दिन 414 छात्र शामिल होंगे। परीक्षा 4 अप्रैल से 21 अप्रैल तक दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 12:30 और दूसरी पाली 2 बजे अपराह्न से शाम 5 बजे तक होगी।

पहली पाली में स्नातकोत्तर के तृतीय सेमेस्टर विषय हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, इतिहास एवं अरबी की परीक्षाएं होंगी जबकि दूसरी पाली में स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित होंगी। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश राय और मानू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. मो. सनाउल्लाह ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए थ्री लेयर गहन जांच की जाएगी। सभी परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड पर विषय वार तिथि तथा समय अंकित है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड और एक फोटो पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा में शामिल होने की अनुमती दी जाएगी। परीक्षा के लिए मो. अलाउद्दीन को ऑब्जर्बर नियुक्त किया गया है।

## एलपीजी को लेकर अफवाहों पर प्रशासन सख्त, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : डीएसओ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की कथित कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने साफ शब्दों में कहा है कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है और सभी उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि डीएम रिची पांडेय के निर्देश पर गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।



डीएसओ के अनुसार, वर्तमान में जिले में 14.2 घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता 19,294 है, जबकि औसत मांग प्रतिदिन 13,500 है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पर्याप्त है। वहीं 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडरों की संख्या 238 है। जिले में भारत गैस की 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 16 और इंडियन ऑयल की 35 एजेंसियां सक्रिय हैं। कुल 63 एजेंसियों के माध्यम से गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान भी चलाया गया है, जिसमें बीडीओ, एमओ, अनुमंडल पदाधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे। बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई। डीएसओ ने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ से बचें। किसी समस्या की स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

## परसौनी में अवैध पिस्टल के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** परसौनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध पिस्टल के साथ दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार की संध्या करीब 05:05 बजे की गई। मामले में अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मो. शहनवाज (साकिन- धुरवार नया टोला, वार्ड संख्या-03, थाना-परसौनी, जिला-सीतामढ़ी) एवं मो. जफर राइन (साकिन- परसौनी मेन बाजार, वार्ड संख्या-06, थाना-परसौनी, जिला-सीतामढ़ी, वर्तमान पता- राजा बाजार समनपुरा, हजरत बिलाल मस्जिद, पटना) के रूप में की गई है।

पुलिस ने इनके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिले में अवैध हथियार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जिले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, पॉक्सो कांड सहित तीन मामलों में कई आरोपी हुए गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान पॉक्सो एक्ट, शराब तस्करी और प्रतिबंधित दवाओं के मामलों में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मेहसौल थाना कांड संख्या 91/26 (पॉक्सो एक्ट) में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक प्राथमिकी अभियुक्त एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, भूतही थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक मोटरसाइकिल सहित कुल 17 लीटर नेपाली सौंफी एवं विदेशी शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर, बेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप एवं 466 पीस प्रतिबंधित टैबलेट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस मामले में भी विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पारु प्रखंड के दो टॉपर व एक जिला सेकेंड टॉपर को समाजसेवी साहू भूपाल भारती ने किया सम्मानित

**पारु/मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मैट्रिक की परीक्षा में पारु प्रखंड दो और इसी प्रखंड एक जिला सेकेंड टॉपर को मंगलवार को क्षेत्र के सामाजसेवी साहू भूपाल भारती ने तीनों के घर पर पहुंच अंगवस्त्र और बूके तथा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के तैलीय चित्र देकर सम्मानित किया।

प्रखंड के कर्मवारी गांव के जिला सेकेंड टॉपर सुप्रिया कुमारी को सम्मानित करते उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रखंड के ठेंगपुर गांव निवासी नरेश शर्मा की पुत्री नैनावती शर्मा और मोहजमा गांव के सिकंदर राम के पुत्र प्रियेश कुमार को अंगवस्त्र व डॉ भीमराव अम्बेडकर के तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में साहू भूपाल भारती ने कहा कि इस बार मेट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब तथा मझौले लोगों के बच्चों ने स्टेट, जिला तथा प्रखंड टॉपर बने है।

अब तक की धारणा थी कि शहरों तथा अमीर लोगों जिन्हें ऊंचे विद्यालयों में पढ़ाई तथा कोचिंग की सुविधा है वहीं आगे बढ़ेंगे। लेकिन हाल में आ रहे परीक्षा परिणाम से साबित हो गया कि लगन से पढ़ाई की जाय तो गरीब तथा गांव के भी बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गरीब तथा मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के साथ साथ आगे की पढ़ाई हेतु आर्थिक तथा अन्य सहायता प्रदान करेंगे। इस मौके पर रितेश कुमार, राजकिशोर ठाकुर, नन्दकिशोर राय, संतोष कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# आज होगा एमजीसीयू का तृतीय दीक्षांत समारोह, गौरव और उपलब्धियों का उत्सव

## उपराष्ट्रपति की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक की जाएगी प्रदान, कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में तीन वर्षों की उल्लेखनीय प्रगति का मिलेगा प्रमाण

**मोतिहारी (एन एस बी )।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में 4 अप्रैल, शनिवार को तृतीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति सी़ पी़ राधाष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जिनकी उपस्थिति समारोह को विशिष्ट गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्रदान करेगी।

समारोह में राज्यसभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह, बिहार के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, पूर्वी चंपारण के माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह तथा विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री महेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति भी सुनिश्चित है। साथ ही, शैक्षणिक परिषद एवं कार्यकारी परिषद के सदस्यगण भी इस दीक्षांत समारोह का अभिन्न अंग होंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ातक, ातकोत्तर एवं शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी तथा उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और शैक्षिक उत्ष्टता का प्रतीक भी है। विशेष उल्लेखनीय है कि यह तृतीय दीक्षांत समारोह कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव के सफल तीन वर्षीय कार्यकाल की पूर्णता के साथ संपन्न हो रहा है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने बीते वर्षों में बहुआयामी विकास की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शैक्षणिक नवाचार, 'भारतीय ज्ञान परंपरा' के संवर्धन हेतु केंद्र की स्थापना, तथा 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन विश्वविद्यालय को एक सशक्त बौद्धिक केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

आधारभूत संरचना के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को अतिरिक्त भूमि प्राप्त होना, स्थायी परिसर निर्माण की दिशा में ठोस प्रगति, आधुनिक छात्रावास एवं अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विस्तार इस विकास यात्रा के प्रमुख आयाम हैं। वहीं, 'समर्थ' ई-शासन प्रणाली, डिजिटल सेवाओं का विस्तार तथा शोध की पारदर्शी प्रक्रियाओं ने प्रशासनिक दक्षता को नई दिशा दी है।

शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ शैक्षणिक समझौते तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान विश्वविद्यालय की उन्नत होती प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हैंस इस प्रकार, तृतीय दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, संकल्पों और उज्ज्वल भविष्य की सामूहिक अभिव्यक्ति है, जो कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक सुढ़ शैक्षिक ष्टि को साकार करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायती राज मंत्री के कार्यक्रम में संशोधन

**मोतिहारी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा, चिकित्सा प्रकोष्ठ, बिहार के अध्यक्ष ड़ दीपक कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर के बताया है कि पंचायती राज मंत्री माननीय दीपक प्रकाश के मोतिहारी में प्रस्तावित कार्यक्रम में संसोधन हुआ है, मोतिहारी में उप राष्ट्रपति के कार्यक्रम के कारण पंचायती मंत्री पांच तारिक के बदले अब सात तारिक को मोतिहारी आएंगे, आठ तारिक को सुबह नव बजे सर्किट हाउस में लोगों से मिलेंगे, उसके बाद सरकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे तत्पश्चात प्रेस वार्ता करेंगे।

### 145 ली देशी शराब के साथ छः शराब करोबारी गिरफ्तार

**मधुबन।** ज्यों ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया कहावत मधुबन पुलिस और शराब कारोबारियों के लिए चरितार्थ हो रहा है । मधुबन पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में देसी जुलाई शराब के विरुद्ध छापामारी कर 145 लीटर देसी शराब के साथ छरू शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार करोबारियों में चार पुरुष और दो महिलाएं हैं सामिल हैं ।पुलिस ने 500 0लीटर कच्चा और अर्धनिर्मित शराब का विनष्टीकरण किया तथा एक शराब की फैक्ट्री को भी नष्ट कर दिया । थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस शराब तस्करों,चोरों व असामाजिक तत्वों के प्रति काफी शख्त है । भविष्य में भी छापामारियाँ होती रहेंगी । तालिमपुर मुसहरी टोला बिशनपुर तारा से 45 लीटर देशी शराब के साथ चितरु माझी एवं माया देवी को, गुरमिया से 30 लीटर देशी शराब के साथ शराब कारोबारी लाल मांझी और अनीता देवी को, मधुबन डीह से शराब कारोबारी महेश मुखिया एवं राजेश मुखिया को गिरफ्तार किया गया। जबकि दुलमा से किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है, लेकिन वहां बड़ी मात्रा में शराब का बिनष्टीकरण किया गया तथा शराब की फैक्ट्री को नष्ट किया गया।

### आग लगने से किसान को भारी नुकसान

#### एक एकड़ गेहूं की फसल राख

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के सुर्यपूर बाघवाटोला गांव में शुक्रवार शाम आग लगने से एक किसान की करीब एक एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में किसान रविन्द्र महतो को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, शाम करीब चार बजे खेत से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टी, पंपसेट व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक किसान रविन्द्र महतो की लगभग एक एकड़ में लगी गेहूं की पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उसे हुए नुकसान की भरपाई हो सके। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## जहरीली शराब कांड में बड़ी कार्रवाई 700 लीटर मेथनल स्पिरिट जब्त

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण में जहरीली शराब कांड की जांच कर रही एसआईटी ने मामले की अहम कड़ियों को जोड़ते हुए बड़ा खुलासा किया है।

जांच में सामने आया कि पिपराकोठी के शराब माफिया कन्हैया और राजा ने स्पिरिट मंगवाया था, जिसे परसौना के खलीफा और सुनील शाह को बेचा गया। इसके बाद इन दोनों ने नागा रय और जम्मू बैठा को सप्लाई किया।

जानकारी के अनुसार, नागा रय ने परसौना क्षेत्र में जबकि जम्मू बैठा ने बालगंगा इलाके में जहरीली स्पिरिट का वितरण किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजा, नागा रय और जम्मू बैठा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

एसआईटी द्वारा जब्त की गई 700 लीटर स्पिरिट को केमिकल परीक्षण के लिए भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट में यह 'प्योर मेथनल' पाई गई है, जो अत्यंत जहरीली होती है। अधिकारियों के अनुसार, इसी खेप का कुछ हिस्सा परसौना और बालगंगा में सप्लाई किया गया था, जिससे कई लोगों की जान गई।

पुलिस का कहना है कि यदि यह पूरी खेप बाजार में पहुंच जाती तो हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया है।

## जहरीली शराब कांड में आधा दर्जन से अधिक की मौत, कई गंभीर

**मोतिहारी (एसएनबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में जहरीली शराब कांड ने भयावह रूप ले लिया है। इस घटना में अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग गंभीर हालत में इलाजरत हैं। ताजा जानकारी के अनुसार शंकरसरैया गांव निवासी प्रमोद यादव की भी मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, करीब 30 से 40 लोगों ने जहरीली शराब का सेवन किया था। इनमें से कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। कुछ लोगों की आंखों की रोशनी तक चली गई है, जबकि अन्य गंभीर रूप से बीमार हैं और गुप्त रूप से इलाज करा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

बताया जाता है कि बुधवार को तुरकौलिया थाना क्षेत्र में यह जहरीली शराब वितरित की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हाई अलर्ट पर है। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीमें लगातार जिले में छापेमारी कर रही हैं। इस दौरान जमानत पर जेल से छूटे आधा दर्जन से अधिक शराब कारोबारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, चौकीदार भरत राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गहन जांच में जुटा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इस घटना ने एक बार फिर अवैध शराब के कारोबार और उसके खतरनाक परिणामों को उजागर कर दिया है।

## कालाजार को ले एसपी सिंथेटिक पायरोथ्रयड का छिड़काव शुरू

**चकिया।** कालाजार बीमारी के नियंत्रण को लेकर प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एसपी सिंथेटिक पायरोथ्रयड का छिड़काव अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत घरों की दीवारों पर जमीन से लगभग छह फीट की ऊंचाई तक दवा का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि कालाजार फैलाने वाली बालू मक्खियों को नष्ट किया जा सके। इस बाबत स्वास्थ्य कर्मी प्रेम पांडे ने बताया कि बालू मक्खी आमतौर पर दीवारों की दरारों और नमी वाली जगहों में रहती है।



छिड़काव करते कर्मी।

ये मक्खियां संक्रमित होने के बाद मनुष्यों को काटती हैं, जिससे कालाजार जैसी गंभीर बीमारी फैलती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 30 मार्च से शुरू होकर लगभग 60 दिनों तक चलेगा।अभियान के तहत एसपी पाउडर का उपयोग कर बालू मक्खियों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। यह छिड़काव अभियान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा भीबीडीएस कैंप इंचार्ज के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। जहां स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर जाकर दीवारों पर दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## जन सुराज पार्टी से ही होगा बिहार का सर्वांगीण विकास : संजय ठाकुर

**मोतिहारी।** यह बात अब स्पष्ट हो गई है कि जन सुराज पार्टी और उसके नेता प्रशांत किशोर के अलावा बिहार में कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। बिहार का सर्वांगीण विकास प्रशांत किशोर के सिद्धांत और उनकी सोच से ही संभव है। उक्त बातें आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज पार्टी के चम्पारण परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कही है। श्री ठाकुर ने कहा है कि जन सुराज पार्टी ៵ सर्वे भवन्तु सुखिनरू सर्वे सन्तु निरामयरू ៵ की वैदिक अवधारणा पर आधारित है जहां जात - पात और धर्म - मजहब की बातें नहीं अपितु सभी बिहारियों के कल्याण और उत्थान की बातें की जाती है। बिहार में भाजपा और उसके गठबंधन के नेता - मंत्री लूट-खसोट में व्यस्त हैं।



संजय कुमार ठाकुर।

उन्हें बिहार के लोगों का निरंतर हो रहे पलायन, रोजगार, उन्नत शिक्षा और रोज बढ़ रही गरीबी की कोई चिंता नहीं है। हिन्दुत्व के नाम पर वोट लेना और हिन्दुओं को ठगना इनकी राजनीति की फितरत बन गई है। समाज यह सब देख रहा है। राजद का वजूद प्रायः खत्म हो चुका है और जदयू को समाप्त करने की योजना पर भाजपा काम कर रही है। ऐसे में जन सुराज पार्टी के अलावा बिहार के लोगों को कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। श्री ठाकुर ने देश को ठगने वाले भाजपाइयों की अंधभक्ति छोड़ने और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की चिंता कर जन सुराज पार्टी के साथ जुड़ने की अपील बिहारी भाइयों से की है।

## पीपराकोठी में विशेष अभियान, 13 गिरफ्तार

### हत्या, शराब मामले के वांछित आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजे गए

पीपराकोठी। थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार देर शाम से देर रात तक की गई, जिसके बाद शुक्रवार को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह अभियान अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से चलाया गया था।

गिरफ्तार किए गए लोगों में हत्या के एक मामले में वांछित आरोपी के साथ-साथ शराब पीने और शराब कारोबार से जुड़े कई व्यक्ति शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बेलवतिया निवासी सुकेश राम उर्फ उकेश राम, मझरिया निवासी लालबाबू सहनी और रामनारायण सहनी, बीरछपरा निवासी राजकुमार, मकरी महुआवा निवासी विकेश कुमार, सोनू कुमार और उमाशंकर यादव, चांदसरैया निवासी नारायण सहनी, बलथरवा निवासी अमरनाथ कुमार और अमरनाथ पासवान, पंडितपुर निवासी रामप्रवेश राम आदि के नाम शामिल हैं। अभियान के दौरान, अमरनाथ पासवान के पास से लगभग 40 लीटर देसी शराब बरामद कर जब्त की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर इन गिरफ्तारियों को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।




गिरफ्तार लोगों के साथ पुलिस अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के सचिव श्री नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी बैंक प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, जो 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली है, की सफलता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सचिव ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने बैंक से संबंधित लंबित मामलों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। उन्होंने अधिक से अधिक वादकारियों को नोटिस तामिला कराने पर विशेष जोर दिया, ताकि अधिक संख्या में मामलों का निष्पादन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों के त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है, जिससे वादकारियों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। साथ ही उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से अपील की कि वे वादकारियों को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करें और उन्हें स्वेच्छा से मामलों के निपटारे के लिए प्रेरित करें। सचिव ने बताया कि बैंकिंग मामलों, विशेषकर ऋण वसूली से जुड़े मामलों के समाधान में लोक अदालत अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक श्री राजेंद्र कुमार पांडे भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी बैंकों से समन्वय बनाकर कार्य करने और लोक अदालत की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों ने लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने की बात कही।

### लखीसराय में महिला फुटबल खिलाड़ियों ने ली बाल विवाह रोकने की शपथ

#### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कार्यक्रम का आयोजन

**लखीसराय (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम, लखीसराय के तत्वाधान में और श्संकल्प हब फर एंपावरमेंट अफ विमेन२ के सहयोग से नगर प्रशासनिक भवन में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ२ योजना के तहत आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न जिलों से आई महिला फुटबल खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक ड़ मनोज कुमार सिन्हा, हब के जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ किस्मत कुमारी और आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ड़ मनोज कुमार सिन्हा ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा, संरक्षा और उनके सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति और मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार ने अपने संबोधन में श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ२ योजना के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस योजना का लक्ष्य समाज से लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करना और बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा को सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं, सखी वन स्टप सेंटर की केंद्र प्रशासक पूनम कुमारी ने बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं और किशोरियों को एक ही छत के नीचे सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने किसी भी आपात स्थिति में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 का उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों और खिलाड़ियों ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली। कार्यक्रम का समापन फुटबल आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक पटेल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस मौके पर फुटबल कोच कंचन केसरी सहित दर्जनों महिला फुटबल खिलाड़ी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए डीएम ने जारी किए कड़े निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के साथ लू की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के बाद जिले में अगिकांड और लू से बचाव के लिए सुढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन का मुख्य फोकस आम नागरिकों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखने पर है। जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर स्थानीय निकायों के माध्यम से श्प्याऊ२ की व्यवस्था करने का कड़ा निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी बस स्टैंडों और रैन बसेरों (आश्रय स्थलों) में पीने के पानी के साथ-साथ आकस्मिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश देते हुए सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और रेफरल अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूइड और जीवन रक्षक दवाएं स्टक में रखी जाएं। लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए अस्पतालों में विशेष वार्ड की व्यवस्था करने और जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में स्टेटिक या चलंत (मोबाइल) चिकित्सा दल तैनात करने के आदेश दिए गए हैं। पेयजल की समस्या से निपटने के लिए कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को युद्ध स्तर पर खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत करने और जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत है, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी स्कूलों और परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के लिए पेयजल और ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था रहे। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर नवजात शिशुओं, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष निगरानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईसीडीएस विभाग को निर्देश दिए गए हैं।गर्मी का असर केवल इंसानों तक सीमित न रहे, इसके लिए पशुपालन विभाग को पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने और बीमार पशुओं के लिए मेडिकल टीम तैयार रखने को कहा गया है।

# सहरसा में ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में 3 की मौत

**घटना के बाद इलाज में कथित देरी को लेकर आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ किया।**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** वनगांव थाना क्षेत्र के सरारी टोला पश्चिम के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो अलग-अलग बाइक पर सवार चार लोगों को टक्कर मार दी। एक बाईक तीन और दूसरे बाईक पर एक ही सवार था। सभी घायलों को तत्काल बरियाही स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बरियाही स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने शिवम कुमार को छोड़कर तीन अन्य घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने के बाद रात करीब 8:30 बजे घायल सौरभ की मौत हो गई, जिसके बाद उसके परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। इसी हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार विजय यादव की मौत रात करीब 10:30 बजे एक निजी क्लिनिक में हुई। वहीं, देर रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच सड़क हादसे में घायल एक अज्ञात व्यक्ति की भी सदर अस्पताल मे मौत हो गई। तीसरा घायल आनंद मिश्रा शहर के एक निजी क्लिनिक में इलाजरत है। मृतकों में बनगांव थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत, ढोली वार्ड 16 निवासी 45 वर्षीय विजय यादव और बनगांव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर 17 निवासी अजय रजक के 18 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार शामिल हैं। तीसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सौरभ कुमार अपने दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे। वह सिमरी बख्तियारपुर आईटीआई कॉलेज के छात्र थे। गुरुवार देर शाम वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से घूमने निकले थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतक विजय यादव राजमिस्त्री का काम करते थे। इस हादसे में 18 वर्षीय शिवम कुमार और 18 वर्षीय आनंद मिश्रा भी घायल हुए हैं। ये दोनों बनगांव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर 17 के निवासी हैं और इनका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने सदर अस्पताल में इलाज में देरी का आरोप लगाया है। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसे एक लड़का और एक लड़की है। वह घर का अकेला कमाने वाला सदस्य था, जिसके कमाई से पूरे परिवार की परवरिश होती थी। विजय का छोटा भाई छोटू कुमार यादव ने बताया कि वह घर से महिषी के लिए निकले थे। इसी दौरान अज्ञात ट्रैक्टर ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिन्हें पहले बरियाही स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां बेहतर इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में भी बेहतर सुविधा नहीं होने की वजह से वह नजदीक के निजी की निकल गए, जहां उसकी मौत हो गई। मौत से पूरा परिवार अस्पताल के सिस्टम पर सवाल खराब किया है और उन्होंने जांच की मांग की है। तीसरी मौत अज्ञात व्यक्ति की हुई जो सहरसा सदर अस्पताल के बेड पर तड़प तड़प कर रात करीब डेढ़ 2:00 बजे मौत हो गई। अस्पताल मे मरीज के एक परिजन ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के समुचित इलाज नहीं मिलने कारण उसकी मौत हो गई है। गुरुवार की रात सौरव के मौत को लेकर उनके परिजन ने अस्पताल में न केवल हंगामा किया, बल्कि एक गार्ड को भी पीटा। साथ ही करीब डेढ़ से 2 घंटे तक अस्पताल के इमरजेंसी सेवा ठप रही। सहरसा सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा सड़क हादसे मे जख्मी मरीज की मौत को लेकर बवाल किया गया था। लोगों को शांत कराया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ राजनारायण प्रसाद ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर लापरवाही की मौत को लेकर जांच किया जाएगा।



रोते बिलखते परिजन ।

# मुंगेर निवासी सचिन कुमार सहरसा में एक कमरे से मिली लाश

**प्राइवेट जॉब करता था, किराए के कमरे में मिली लाश, बेडशीट का फंदा बनाकर की आत्महत्या**

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्वकर्मा ढाला रेलवे पटरी के पूर्वी साइड स्थित वार्ड नंबर 11/16 में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सहरसा पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मुंगेर जिला निवासी शिव सिंह का पुत्र 30 वर्षीय सचिन कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार, सचिन पिछले करीब सात महीने से वार्ड 11/16 में पल्लवी भारती के किराए के मकान में रह रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, युवक ने कमरे में बेडशीट का फंदा बनाकर आत्महत्या की। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। फिलहाल, मृतक के परिजन घटनास्थल पर मौजूद नहीं हैं। पड़ोसियों ने बताया कि मृतक के पिता पहले वीर कुमार सिंह चैक पर चाय की दुकान चलाते थे। कुछ स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि एक लड़की कभी-कभी उससे मिलने आया करती थी। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है और पुलिस इसकी जांच कर रही है। सदर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से गहनता से जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। इस संबंध में सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि मामले में तहकीकात की जा रही है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

# नगर निगम महापौर नें किया शिल्प उत्सव मेला का उद्घाटन, स्वदेशी को मिलेगा बढ़ावा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्वदेशी उत्पाद को घर-घर पहुंचाने को लेकर राज्य के सभी जिलों में खादी हैंडलूम एवं हस्तशिल्प मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पटेल मैदान मे हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर बैन प्रिया ने फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात मेला में लगें स्वदेशी उत्पाद स्टाल का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वोकल फार लोकल एवं खादी हस्तशिल्प को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होने विदेशी वस्तुओं के खरीदने पर विदेशियों को इसका लाभ मिलता है जबकि स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर देश के कारीगर को इसका लाभ मिलता है। इसके साथ ही भारतीय रुपए अपने देश को मजबूत कर आर्थिक समृद्धि प्रदान करती है। हम स्वदेशी के बल पर विकसित व उन्नत राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकते है। अपने दैनिक जीवन में खादी हस्तशिल्प का उपयोग अवश्य किये जाने का आग्रह किया।वही मेला संयोजक सुधीर शर्मा ने कहा कि सहरसा के पटेल मैदान में दूसरी बार मेला का आयोजन किया जा रहा हे। यह मेला 20 अप्रैल तक चलेगा। उन्होने कहा कि इस बार में खादी, सिल्क, हैंडलूम सहित अन्य स्टाल लगाए गए है।साथ ही सर्वोदय बुक स्टाल के साथ पारस ग्राम उद्योग सेवा संस्थान देहरादून, झारखंड खादी भंडार, नालंदा खादी भंडार, मां अंबे ज्वेलर्स, हरियाली जड़ी बूटी, के के फैंसी ज्वेलरी, कालीन, साड़ी,बैग, आंवला उत्पाद, अचार एवं टिक्की चार्ट एवं भेलपुरी का भी स्टॉल लगाया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि इस बार बच्चों की मनोरंजन के लिए मेला ग्राउंड के भीतर टॉय ट्रेन की व्यवस्था की गई है।



फोटो कैप्शन: 6 मेला का उद्घाटन करती महापौर बैन प्रिया।

# सहरसा में प्रारंभ हुआ एकलव्य एथलेटिक्स आवासीय बालिका प्रशिक्षण केंद्रः डीएम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बीते कल 1 अप्रैल को जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी सहरसा दीपेश कुमार ने स्टेडियम सहरसा में खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा संचालित किए जाने वाले एकलव्य एथलेटिक्स बालिका आवासीय प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। जबकि जिला खेल पदाधिकारी वैभव कुमार के संचालन में उद्घाटन समारोह में विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रशिक्षक श्री चंद्रभूषण कुमार एवं प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी भी मौजूद थी। जिला खेल पदाधिकारी श्री वैभव कुमार ने जिला पदाधिकारी को बच्चों के आवासन, बच्चों के भोजन हेतु उपलब्ध कराए गए खेल प्राधिकरण द्वारा सभी व्यवस्थाओं की जानकारियों से अवगत कराया। जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा सभी व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी एवं विकास आयुक्त सभी प्रकार की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल के विकास में सहरसा का यह प्रशिक्षण केंद्र मिल का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी सहरसा वैभव कुमार ने कहा कि अब स्टेडियम के अंदर सिर्फ बालिका खिलाड़ी को ही अभ्यास करने का इजाजत होगी। साथ ही सभ खिलाड़ियों के लिए जिला खेल कार्यालय द्वारा पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा और इस नियम का शक्ति से पालन किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सहरसा जिला एथलेटिक संघ के सचिव एथलेटिक्स सीनियर कोच रोशन सिंह धोनी ने कहा कि हम जिला पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी एवं पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन जी का विशेष धन्यवाद देते हैं कि पिछले 7 वर्षों से लगातार प्रयासरत रहने के बाद आखिरकार सहरसा में एकलव्य बालिका एथलेटिक्स आवासीय प्रशिक्षण केंद्र की शुभारंभ की गई। यह सहरसा के बालिका खिलाड़ियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इससे सहरसा में खेल संस्कृति का विकास होगा साथ ही साथ बालिकाओं को एक सुरक्षित और संरक्षित खेल वातावरण सहरसा स्टेडियम में मिलेगा और पूरे बिहार के बच्चे जो यहां प्रशिक्षित होंगे उनसे यहां के स्थानीय बच्चों को भी लवांवित होने का मौका मिलेगा।



निरीक्षण करते डीएम व डीडीसी।

# ऑटिज्मः 'एबिलिटी नॉट डिसेबिलिटी' विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन




सेमिनार में महाविद्यालय कर्मी।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा में बृहस्पतिवार को मनोविज्ञान विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में ह्लऑटिज्मः एबिलिटी नॉट डिसेबिलिटीह्व विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। तत्पश्चात विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन किया। उद्घाटन सत्र में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ.निरपेन्द्र कुमार सिन्हा ने वर्ल्ड ऑटिज्म डे के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अतिथि डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा ने ऑटिज्म के सकारात्मक पहलू के बारे में बताया। उन्होंने आइंस्टीन, न्यूटन, एलन मस्क और ग्रेटा थनवर्ग जैसे विश्व प्रसिद्ध व्यक्ति के बारे में बताया जो कि ऑटिज्म से ग्रसित थे। उन्होंने ऑटिज्म के मिथक और वास्तविकता के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे खुद को बदलना नहीं चाहते और एक ही काम को बार-बार करते हैं। अगर कोई बच्चा गाड़ी का चक्का घुमा रहा है तो वह बार-बार चक्का ही घुमाएगा। मां बाप को ऐसे बच्चों का सम्मान करना चाहिए।उसे स्वीकार करना चाहिए और बच्चों के प्रति कारुणिक शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए तथा उसकी रुचि का सम्मान करना चाहिए। डॉ अबू सलाह ने ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों के बारे में बताया कि ऐसे बच्चे किसी चीज पर खुद को गहराई से केंद्रित रखते हैं। डाटा एनालिसिस करने में ये माहिर होते हैं। ऐसे बच्चे ईमानदार तथा स्पष्टवादी होते हैं। उन्होंने कहा कि ऑटिज्म वायरल या बैक्टीरियल डिजीज नहीं है। यह समस्या अनुवांशिक होती है या जन्म के समय नस के दबने से होती है। डॉ.अबू सालेह ने ऑटिज्म के लक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा ऐसे बच्चे दुनिया को अलग नजरिए से देखते है। आई क्यू ए सी के कोर्डिनेटर डॉ.सुभाष कुमार ने कहा कि ऐसे बच्चों के साथ भी सामान्य व्यवहार होना चाहिए।असामान्य व्यवहार करने से ऐसे बच्चे और आत्मकेंद्रित होते जाते हैं जो उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। मनोविज्ञान विभाग की सहायक अध्यापिका डॉ रबाब फातिमा ने कविता के माध्यम से ऑटिज्म की समस्या को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि तुम्हारी दुनिया हमसे अलग है, तुम बच्चे नहीं बल्कि एक खास किस्म के चमत्कार हो। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डॉ.अनंत कुमार सिंह ने किया। उन्होंने ऑटिज्म और उसके आधुनिक परिप्रेक्ष्य पर बात की। दूसरे सत्र में छात्र-छात्राओं ने शोध-आलेख का पाठ किया। अर्पण कुमारी, संजीत कुमार, राजकुमार, लक्ष्मी कुमारी, डॉली कुमारी, कुमारी शिल्पी, डिंपल जायसवाल, अजय कुमार, नीतू भारती, निक्की कुमारी, केडी कुमारी, कुंदन कुमारी ने अपने-अपने शोध आलेख का पाठ किया। प्राध्यापकों में डॉ.धर्मव्रत चैधरी, डॉ.प्रदीप तिवारी, डॉ.राजेश कुमार, डॉ.शादाब आलम, डॉ.सबीहा समीम, डॉ राजकुमार ने भी अपनी बात रखी। दूसरे सत्र में धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस सेमिनार की सफलता का सर्वाधिक श्रेय हमारे छात्र-छात्राओं को जाता है। यदि उनकी भागीदारी नहीं होती तो यह कार्यक्रम सफल नहीं होता। तत्पश्चात उन्होंने अपने विभागीय सहयोगी प्राध्यापक तथा अन्य प्राध्यापकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ.सुभाष कुमार तथा डॉ.निरपेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर डॉ रंजय कुमार सिंह, डॉ.हेमंत कुमार, डॉ.कुमारी सीमा, डॉ.कपिल देव पासवान, डॉ.रामनरेश पासवान, डॉ.गायत्री कुमारी, डॉ.प्रेमलता, डॉ मनोज विद्यासागर, डॉ.सुधांशु शेखर, डॉ.जवाहर चैरसिया, डॉ.विकास कुमार सिंह, डॉ.गौरी, डॉ.सुमन स्वराज,डॉ मोतीबुर रहमान, डॉ.वलीउल्लाह आलम, डॉ.पंकज कुमार, डॉ मीरा कुमारी, डॉ.कंचन, डॉ.चांदनी कुमारी, डॉ.सत्यबाला, डॉ.खुशबू कुमारी, डॉ.रीना कुमारी, डॉ.ममता कुमारी, डॉ प्रदीप तिवारी, डॉ.इरफान अहमद,डॉ एम साबिर अहमद,डॉ.सुलेखा कुमारी,डॉ.विभूति भूषण, डॉ.चंदन कुमार, डॉ.अनंत कुमार शर्मा, संजय कुमार सिंह, किशोर कुमार सिंह, परशुराम सिंह,उदय कुमार,ओम प्रकाश सिंह, बबीता कुमारी, अल्पना कुमारी, मनीषा कुमारी, इत्यादि भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

**ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों को प्यार की जरूरतः प्रधानाचार्य**

## 6 को स्थापना दिवस एवं 14 बाबा साहब जयंती मनाई जाएगी

**सहरसा (एनएसबी)।** भाजपा नगर पश्चिमी के सम्मानित मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता जी के अध्यक्षता में आगामी 06 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल के बाबा साहब जयंती के निमित योजना बैठक रखी गयी, बैठक में मुख्य रूप से भाजपा सहरसा के जिला अध्यक्ष साजन शर्मा जी एवं जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह जी के द्वारा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बतायी गयी। कार्यक्रम में नगर पश्चिमी के पदाधिकारीगण मौजूद रहें। वही दुसरी ओर भाजपा नगर पश्चिमी के सम्मानित मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी 06 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल के बाबा साहब जयंती के निमित योजना बैठक रखी गयी, बैठक में मुख्य रूप से भाजपा सहरसा के जिला अध्यक्ष साजन शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह के द्वारा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बतायी गयी, कार्यक्रम में नगर पश्चिमी के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

# संक्षिप्त खबरें

## डिवाइडर से टकराई बाइक, 25 वर्षीय युवक मौत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सहरसा-सुपौल मुख्य मार्ग पर दुगार्पुर के पास एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय मजदूर राकेश कुमार की मौत हो गई। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी, जिसके बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। यह घटना तब हुई जब राकेश कुमार दुगार्पुर की ओर बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। वापसी के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राकेश को तत्काल सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मृतक की पहचान बिहरा थाना अंतर्गत पंचगछिया वार्ड 3 निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण महतो के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। राकेश अपने दो भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी शादी दो साल पहले हुई थी और उनकी एक साल की दुधमुंही बेटी है। वह गांव में मजदूरी कर-के अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार दोपहर सहरसा के एक निजी क्लिनिक में राकेश कुमार की मौत हो गई। राकेश की मौत की सूचना सहरसा सदर थाने को दी गई। सहरसा सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



## श्री नारायण मेडिकल कॉलेज में पीजी छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शुक्रवार को श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में 2025-2026 प्रथम पी जी बैच के साथ प्रिंसिपल, फेकल्टी प्रोफेसर, प्रोफेसर और डॉक्टर के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. श्री नारायण फाउंडेशन की मैंनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती कामेश्वरी कुमारी, प्रिंसिपल डॉ.के के लाल, डीन डॉ.मनोज यादव, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट लेफ्टीनेंट कर्नल डॉ.ब्रजेश कुमार, एग्जामकंट्रोलर डॉ.रमेश सिंह, ऑप्शगायनी एच ओ डी डॉ. हाफिजूर रहमान ने संवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद मंचासीन सभी सम्मानित सदस्यों के साथ पी जी के नए बैच के स्टूडेंट से संस्थान के डॉ.अवनीश कर्ण, डॉ.विजेंद्र देव, डॉ.प्रतिभा सिंह, डॉ.गिरजा शंकर झा, डॉ.संजय गुप्ता,डॉ.संजय सिंह, डॉ.के के झा, डॉ.विजेंद्र कुमार, डॉ.इज्जत खालदा, डॉ.रविंद्र कुमार सिंह और डॉ.राजीव जायसवाल ने अपने अनुभव के साथ एक अच्छे डॉक्टर बनने के लिए सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की, बताते चलें कि सभी पीजी के स्टूडेंट को इंस्टिट्यूट के संस्थापक व मैंनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती कामेश्वरी कुमारी ने यूनिफार्म देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के होस्ट के रूप में एम बी बी एस अंतिम वर्ष के छात्र आयुष और नंदनी ने सराहनीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सभी फेकल्टी डॉक्टर, प्रोफेसर व सभी मेडिकल कर्मी मौजूद थे।




## दुधैला निवासी समाजसेवी महेंद्र प्रसाद यादव के निधन पर लोगों ने किया शोक व्यक्त।

**कहरा (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के दुधैला निवासी एवं अध्यात्म से जुड़े समाजसेवी महेंद्र प्रसाद यादव का 85वर्ष की उम्र में निधन हो गया। इनके अकास्मिक निधन पर विभिन्न गांवों के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।बताया जाता है कि महेंद्र प्रसाद यादव महाभारत के ज्ञाता और पूर्व मुखिया राजाराम यादव के छोटे भाई थे। और वह लंबे समय से बिमार चल रहे थे। गुरुवार को उनका निधन अपने आवास पर हों गया। महेंद्र प्रसाद यादव अपने पिछे चार पूत्र और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। महेंद्र प्रसाद के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में मुखिया अरूण यादव, सरपंच लालबहादुर साह, पूर्व मुखिया राजाराम यादव, इंदल यादव, पेक्स अध्यक्ष निलाम्बर कुमार, नाथेश्वर यादव, नागेश्वर साह, दौरीक साह ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर संजय यादव, रतन यादव, रूपेश यादव, दिलीप यादव सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यक्रम को सफल आयोजन को लेकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक आयोजित।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के डी.बी. रोड स्थित जिला परिषद प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकत्राओं की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला संयोजक अर्चना आनन्द की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बिहार प्रदेश के प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल, बिहार प्रदेश युवा कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुशवाहा, प्रदेश नेता शिवेन्द्र कुमार जीशू, चंदन बागची एवं रौशन पाठक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को सहरसा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम, जिसमें बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की उपस्थिति प्रस्तावित है, की तैयारी को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संगठन के सभी कार्यकताओं के बीच जिम्मेदारियों का निर्धारण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में विंदेश्वरी मेहता, बैजनाथ कुमार विमल, सीएम झा बोआ, अविनाश सिन्हा, प्रणव प्रताप राघव, आरती देवी, बबीता देवी, रणजीत कुशवाहा, संजीत पासवान, नरेश यादव, बिपिन पासवान, मुझरउद्दीन खान बबलू, बालकृष्ण कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, सुबोध झा, शैलेश झा, पवन झा, अंकित आर्या समेत दर्जनों कार्यकत्रा उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकत्राओं ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने एवं सदस्यता अभियान को लेकर भी विशेष चर्चा की गई।



## नयन ज्योति नेत्र चिकित्सालय द्वारा मुफ्त आंख जाँच शिविर आयोजित, मधुमेह के लगभग तीन सौ मरीजों का हुआ निःशुल्क जाँचः डॉ शिलेन्द्र कुमार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के रिफ्यूजी कालोनी स्थित नयन ज्योति नेत्र चिकित्सा केन्द्र प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मधुमेह रोगियों के लिए मुफ्त आंख जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ शिलेन्द्र कुमार द्वारा तीन सौ से अधिक मरीजों का आँख निशुल्क जाँच किया गया।नेत्र चिकित्सक डा शिलेन्द्र कुमार ने कहा कि मधुमेह रोगियों का सबसे पहले आँख ही ग्रसित होता है, इसलिए समय रहते मधुमेह जॉच एवं आंख का जाँच करवा लेना चाहिए जिससे आँख सुरक्षित रहे।साथ ही खान पान पर संयम रखना चाहिए।उन्होने कहा कि रहन सहन एवं दिनचर्या संतुलित रखते हुए डायबिटीज नियंत्रण के लिए मानसिक तनाव एवं क्रोध से बचाव जरूरी है।इस अवसर पर नयन ज्योति के सभी सदस्य सहित इस शिविर में अन्य सदस्य उपस्थित थे।जिसमें डा संजीव कुमार, घनश्याम कुमार, राधव जी, मनीष कुमार, मनोरंजन, दौलत कुमार, राजेश सिंह, रूपम कुमारी, सना, संतोष ठाकुर, राजकुमार,औवेश खान, नन्द किशोर सिह विरेन्द्र कुमार बादल प्रताप सिंक, कौशल यादव सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।



## संक्षिप्त खबरें

### पिपरा थाना क्षेत्र में चोरो का आतंक, पुलिस के घटते इकबाल का बताया जा रहा है असर

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** पिपरा थाना क्षेत्र चोरों के लिए उपलब्धि से भरा हुआ है । बताया जा रहा है कि कही भी घटना घटित होने के बाद पुलिस सजग होकर वाहन चेकिंग कर फीर सुस्त पर जाती है । वाहन चेकिंग के दौरान कड़ाई ऐसी कि चाहे व प्रेस की वाहन हो या पुलिस की सभी की जांच आवश्यक होती है । बावजूद थाना क्षेत्र में दिन प्रतिदिन चोरी की घटनाए आम बात हो गई है । इस बीच तो सड़क किनारे खड़ी वाहनों की भी चोरी होने लगी है । बीते बुधवार को भी कुछ इसी तरह की घटनाएं घटी। बता दें कि पिपरा थाना से महज पांच सो मीटर उत्तर सत्यदेव हाई स्कूल के सामने बीणा निवास में रह रहे पिपरा अंचल के अमीन से मिलने आए मधेपुरा जिला के शंकरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौरा वार्ड 9 निवासी रूपेश कुमार रूपम (प्राइवेट अमीन ) का हीरो स्पेलेडर प्लस बाइक बीआर 50 यू 4183 अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई । वाहन मालिक ने बताया कि पिपरा में वीणा आवास के सामने बाइक लगाकर अमीन साहब से मिलने गये एक घंटा बाद जब वापस आए तो बाइक गायब मिला । घटना को लेकर वाहन मालिक द्वारा पिपरा थाना में आवेदन दिया गया है। थाना को दिये आवेदन में बताया है कि बाइक की डिक्की में आवश्यक दस्तावेज बैंक पासबुक, चेकबुक, गुनिया, प्रकाल पेड, फीता भी था । वहीं पुलिस ने मामले में छानबीन की बात कही है ।

### गांजा व स्मैकर की हरकत से घर में लगी आग, कार्रवाई की मांग


जले घर ।

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी) ।** थाना क्षेत्र के थुमहा वार्ड 8 में गुरुवार देर शाम अज्ञात उपद्रवियों ने पशु चारा और जलावन वाले घर में आग लगाने की सूचना प्राप्त हो रही है जिससे थुमहा निवासी वासुदेव मेहता का एक घर और सुखदेव मेहता का एक घर और घर में रखा जलावन सहित पशु चारा जलकर राख हो गया। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया गुरुवार करीब छह बजे शाम को अज्ञात असमाजिक तत्व के लोगों ने सोची समझी साजिश के तहत आवासीय घर के पिछे बने घर में आग लगा दी, आग की लपटे देख आस-पास के लोग जब-तक आग पर काबू पाते तब-तक घर सहित घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने आग पर काबू पाया। इस आगलगी की घटना में गृह स्वामी को लाखों का नुकसान हुआ हैं। परिजन का आरोप है कि आए दिन स्माइक, गांजा, शराब और नशे की सूई लेने वाले खासकर युवा तुर्क के लड़के गांव की सूनसान जगहों को ठिकाना बनाते हैं और इस तरह की आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। इधर परिजन ने इस घटना को लेकर लिखित शिकायत एसपी से करने की बात कही है।

### प्रशासन ने जिले के कई एजेंसीयो द्वारा गैस होम डिलेवरी सुविधा का कराया शुरूआत, अब भी है सुधार की जरुरत

**सुपौल (एनएसबी ) ।** जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार सुपौल जिले के कई गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ किए जाने से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जिले की सबसे बड़ी गैस एजेंसीयों में से एक शकून इंडेन से



गैस की होम डिलेवरी करते कर्मी ।

शत प्रतिशत होम डिलीवरी प्रारंभ होने के कारण सुपौल नगर क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष का माहौल देखा जा रहा है । शकून इंडेन के ऑफिस और गोदाम के बाहर भी लोगों की भीड़ में काफी कमी देखी गई है। त्रिवेणीगंज क्षेत्र अंतर्गत सुमित्रा एचपी ग्रामीण गैस वितरक एवं अनीश इंडियन द्वारा होम डिलीवरी सेवा सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। इसी प्रकार वीरपुर में संजय गैस एजेंसी द्वारा भी उपभोक्ताओं के घर तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ होने के बाद गैस एजेंसियों पर लाभुकों की भीड़ में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे न केवल उपभोक्ताओं को सुविधा मिली है बल्कि व्यवस्था भी अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हुआ है। इसके अतिरिक्त निर्मली स्थित कैलाश एचपी गैस द्वारा भी होम डिलीवरी सेवा शुरू किए जाने से एजेंसी के बाहर लगने वाली भीड़ में भारी कमी देखी गई । बता दें कि अब भी कई गैंस एजेंसी है जिनके द्वारा होम डिलेवरी सुविधा की सुरुआत नहीं की गई है।

### सूर्य पोखर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

**हाजीपुर (एनएसबी )** शहर के जढुआ बरई टोला स्थित ऐतिहासिक सूर्य पोखर पर हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें कई गाँव के लोग हजारों की संख्या में हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए और पुजा अराधना किया । आचार्य राधेकांत तिवारी पुजारी शंकर बाबा ने पुरे विधान के साथ पुजा अराधना किये यहा पर जढुआ बरई टोला जेठुई नया टोता सुलतानपुर इत्यादि गाँव से लोग सूर्य पोखर पर पहुच कर हनुमान जी के जन्मोत्सव मे शामिल हुए ।जन्मोत्सव समारोह में शामिल समाजसेवी रामवीर चौरसिया ,धनजय चौधरी, गौतम कुमार, विवेकानंद कुमार चौधरी ,राजेश कुमार, रामबाबू चौधरी ,योगेन्द्र चौधरी ,शिवपूजन चौरसिया, भास्कर चौधरी, सत्येन्द्र चौधरी ,मियतेश चौधरी, शंकर चौधरी ,मनोज कुमार ,शिव शंकर चौधरी, शिवनंदन चौधरी ,हरेराम चौरसिया, सोनी देवी, पुनम चौरसिया, संगीता देवी ,विकास कुमार, संगम लात चौधरी,टिन्कू कुमार ,प्रियंका देवी, मुन्ना चौधरी ,उषा देवी ,कमलेश चौधरी, आनंद कुमार ,शोभित कुमार सहित अन्य शामिल है।

### राघोपुर अंचल में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित, पुलिस व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर

**राघोपुर /वैशाली (एनएसबी) ।** राघोपुर अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में शनिवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक कुमार संतोष ने की।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है।पुलिस निरीक्षक ने सभी थाना अध्यक्षों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई जरूरी है।बैठक में रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार, राघोपुर थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार तथा जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा उपस्थित रहे। सभी थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई।लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया।अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

# राघोपुर में अवैध पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भरमार

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)। ।** प्रखंड क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। सिमराही बाजार, गनपतगंज बाजार और करजाइन बाजार समिति कई इलाकों में बिना लाइसेंस और मानकों के संचालित इन संस्थानों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि


सिविल सर्जन सुपौल

## सिविलसर्जन ने कहा होगी कार्रवाई

ऐसे केंद्रों में मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण फर्जी नर्सिंग होम और निजी पैथोलॉजी लैब की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इन संस्थानों में इलाज के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूली जाती है, जिससे उनका आर्थिक शोषण होता है। कई मामलों में यह भी देखा गया है कि जब मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है, तो संचालक उन्हें बड़े अस्पतालों में रेफर कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं।

स्वास्थ्य विभाग के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पूरे राघोपुर प्रखंड में मात्र चार नर्सिंग होम और चार पैथोलॉजी लैब ही विधिवत पंजीकृत हैं। इसके विपरीत, क्षेत्र में 25 से अधिक पैथोलॉजी लैब और 10 से अधिक नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं, जिनमें से अधिकांश के अवैध होने की आशंका जताई जा रही है। इस गंभीर स्थिति पर सिविल सर्जन डॉ. बाबू साहब झा ने स्पष्ट रुप से कहा कि अवैध रूप से संचालित सभी पैथोलॉजी, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी संस्थान बिना लाइसेंस के संचालित पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## निर्मली के 60 करोड़ की लागत से नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय में न्यायिक कार्य शुभारंभ करने की रखी गई मांग




सत्र न्यायाधीश से मुलाकात करते वरिष्ठ अधिवक्ता व अन्य तथा निर्मली में निर्मित व्यवहार न्यायालय भवन।

**सुपौल (एनएसबी)।** वरिष्ठ अधिवक्ता रामलखन प्रसाद यादव ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनंत सिंह के कार्यालय वेशम में मुलाकात कर निर्मली में करीब 60 करोड़ की लागत से निर्मित व्यवहार न्यायालय भवन में न्यायिक कार्य शुभारंभ करने की मांग की गई। मालूम हो कि दिनांक 04.05.2021 को अध्यक्षीय कार्यकाल में ही बिहार राज्यपाल के आदेश से सरकार के अवर सचिव शालिग्राम पांडे ने अपने पत्रांक 5230 के माध्यम से राज्य मंत्रीपरिषद के अनुमोदन उपरांत निर्मली अनुमंडल के लिए एक मुंशीफ एवं एक सबजज का पद सृजित हुआ था लेकिन भवन के अभाव में न्यायालय कार्य शुभारंभ नहीं हो पाया है । नगर पंचायत के वार्ड एक अंतर्गत करीब 65 करोड़ की लागत पर निर्मित कोर्ट बिल्डिंग में निकट समय में न्यायाधीशों द्वारा अनुमंडल की जनता के हित में सुलभ और सस्ता न्याय देने की प्रक्रिया आरंभ हेतु उम्मीद जताई जा रही है । बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायधीश, हाई कोर्ट के निरीक्षी न्यायाधीश का इंस्पेक्शन अंतिम रूप से होना है फिर हाल ही में हाईकोर्ट के माननीय उच्च न्यायाधीश द्वारा निर्मली में न्यायिक कार्य का शुभारंभ करने की जानकारी प्राप्त हो रही है। निर्मली में 15 इजलास रूम बनाया जा चुका है जिसे दूरदर्शी सोच कहा जा सकता है। वहीं 1991 में अनुमंडल स्थापित होने के बाद पहली बार 1 अप्रैल 2026 को अनुमंडल की पहली स्थापना दिवस भी मनाया गया । जिसमें श्री रामचंद्र प्रसाद यादव, जिवनेश्वर साह, डॉक्टर राम प्रसाद यादव, सुरेश सिंह, गिरधारी प्रसाद साहू, वीरेंद्र कुमार विमल-२, परमानंद सिंह, मुकेश कुमार नाहर, गुलाबचंद यादव, विकास कुमार, गुरु दयाल भ्रमर,मंगल यादव सहित कई गणमान्य नागरिक शरीक हुए, बता दे कि निर्मल लगातार चहुंमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है, अबतक बंचित सुविधाओं का लाभ प्रदान करने को लेकर भी कवायद तेज कर दी गई है ।

## 13 मामलों में जब्त 7150.275 लीटर देशी शराब का हुआ विनिष्टीकरण




शराब नष्ट करते जेसीबी मशीन व मौजूद अधिकारी।

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी) ।** थाना परिसर में शुक्रवार को कुल 13 मामलों में जब्त शराब का विनिष्टीकरण किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में यह पूरी कार्रवाई पूरी पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया के तहत संपन्न हुई। जानकारी अनुसार, विनिष्टीकरण के दौरान लगभग 7150.275 लीटर देसी शराब को जेसीबी मशीन की सहायता से नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया की निगरानी उत्पाद विभाग की सब-इंस्पेक्टर प्रीति कुमारी बतौर मजिस्ट्रेट के द्वारा की गई । मौके पर किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञानरंजन कुमार, अंचल कार्यालय से प्रेम कुमार, तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। त्रिवेणीगंज - संवाददाता के अनुसार त्रिवेणीगंज थाना परिसर में भी शुक्रवार को थानाध्यक्ष राकेश कुमार एवं अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी प्रियंका सिंह व मद्य निषेध पदाधिकारी के उपस्थिति में थाना कांड संख्या 138/23 ,थाना कांड संख्या 382/23 ,थाना कांड संख्या 71/24 ,थाना कांड संख्या 91/24 ,थाना कांड संख्या 93/24 ,थाना कांड संख्या ,थाना कांड संख्या 94/24 ,थाना कांड संख्या 529/25 ,थाना कांड संख्या 593/25 ,थाना कांड संख्या 46/26 कुल 9 कांडों में बरामद 106.2 लीटर देशी शराब का विनिष्टीकरण किया गया ।

धूमधाम से मनाया गया कोशी पब्लिक स्कूल का 24वां स्थापना दिवस

## एसडीम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**स्कूल के निर्देशक रामलखन साहू व प्रिंसिपल ने गुलदस्ता देकर एसडीएम का किया स्वागत**




दीप प्रज्वलित कर कार्रवाई का शुभारंभ करते एसडीएम व कला प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे ।

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले के किशनपुर स्थित कोशी पब्लिक स्कूल का 24वां स्थापना दिवस भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम सुपौल श्री मनोहर कुमार साहू सहित स्कूल के निर्देशक रामलखन साहू एवं प्राचार्य आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम के अलावे जिला कला एवं संस्कृति अधिकारी श्री तर्कश्वर पटेल, प्रिंसिपल श्री आत्मप्रताप, सर्किल इंस्पेक्टर श्री संजय कुमार यादव तथा किशनपुर के एसएचओ श्री ज्ञान रंजन कुमार विशेष आदि मौजूद थे । विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक तरीके से सबो का स्वागत किया गया। बता दें कि वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। नृत्य, समूहगान, नाटक, किक बॉक्सिंग एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं रचनात्मकता ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक के साथ आधुनिकता का सुंदर



समन्वय देखने को मिला। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रहे एसडीएम श्री मनोहर कुमार साहू ने अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल विद्यालय ही नहीं, बल्कि माता-पिता की भूमिका भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने यह भी कहा कि एक सशक्त विद्यालय किसी भी विद्यार्थी को एक उत्कृष्ट नागरिक बनाने में सक्षम होता है। जिला कला एवं संस्कृति अधिकारी श्री तर्कश्वर पटेल ने शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाता है। इस अवसर पर विद्यालय के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया ।साथ ही, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को भी सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। बता दें कि यह 24वां वार्षिकोत्सव न केवल प्रतिभा प्रदर्शन का मंच बना, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक का अवसर भी साबित हुआ। कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों की कला पर प्रशन्नता व्यक्त की ।

## सुपौल में सफारी गाड़ी से शराब की बड़ी खेप बरामद : तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले के बलुआ थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल निर्मित देशी व अंग्रेजी शराब की भारी खेप बरामद की है। हालांकि, इस पूरी कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे और खेतों का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा, जिससे एक बार फिर शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलुआ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बलुआ बाजार के रास्ते शराब की बड़ी खेप गुजरने वाली है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिशनपुर चौक सहित आसपास के सभी प्रमुख मार्गों पर घेराबंदी कर दी। गोरियारी की ओर से एक संदिग्ध वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब वाहन को रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की तत्परता से वाहन को चारों तरफ से घेर




लिया गया। इसी दौरान तस्कर वाहन छोड़कर पास के मकई के खेत में कूद गया और अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने काफी देर तक उसकी तलाश की, लेकिन घनी और ऊंची फसल के कारण वह हाथ नहीं आ सका। जब्त सफारी (बीआर 01 बीडी 0009) की तलाशी लेने पर उसमें प्लास्टिक और जूट के बोरों में भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, 22 प्लास्टिक बोरे में 1980 बोतल नेपाली देशी शराब, चार जूट के बोरे में 216 बोतल मैक डोवेल्स अंग्रेजी शराब तथा 30 बोतल किंगफिशर बियर बरामद की गई है। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त कर थाना लाते हुए वाहन मालिक एवं अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। लगातार हो रही ऐसी बरामदगियां यह संकेत देती हैं कि सख्त कानून के बावजूद शराब तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है, जिस पर लगाम लगाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### वाहन जांच के दौरान शराब के साथ कर्मिनिया के ज्योतिष कुमार गिरफ्तार

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)।** गुप्त सूचना के आधार पर एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार के निदेर्शानुसार पीटीसी मो जिलानी टेलर के नेतृत्व में शामिल सशस्त्र बल के द्वारा शुक्रवार की संध्या थाना क्षेत्र के लहरनीया गांव स्थित बादुर चौक के समीप वाहन चैकिंग के दौरान बाइक के डिक्की एवं सीट पर बोरे में रखे अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया एवं मौके पर ही कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया । इस बाबत थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि रॉयल स्टैग 750 एम एल के 9 बोतल अंग्रेजी शराब को बरामद किए गए हैं वहीं कारोबारी थाना क्षेत्र के कर्मिनिया निवासी गुणेश्वर यादव का पुत्र ज्योतिष कुमार को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है ।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी का दावा

# खगड़िया में LPG आपूर्ति सामान्य

**नवसंदेश ब्यूरो**

**खगड़िया।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने शुक्रवार को तेल कंपनियों के प्रबंधकों एवं गैस वितरकों के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि कुछ लोग गैस को लेकर अफवाह फैलाकर जमाखोरी करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर की बुकिंग एवं भंडारण न करें। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग या कालाबाजारी करते पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार नियमित रूप से आपूर्ति कर रही हैं।

**गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार कर रही हैं नियमित रूप से आपूर्ति, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं से लोगों में अनावश्यक घबराहट की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जबकि ऐसी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें। विभाग द्वारा प्रतिदिन एजेंसियों की निगरानी की जा रही है। अब तक कुल 201 निरीक्षण किए जा चुके हैं। इसके अलावा शिकायतों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां अब तक 449 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 273 का निष्पादन किया जा चुका है। शेष शिकायतों का समाधान 3 से 4 दिनों के भीतर किया जा रहा है।

बैठक में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने पुनः स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

## शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक शोषण

**बेलदौर (एनएसबी)।** बेलदौर थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ करीब दो वर्षों तक यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। दो बच्चों की मां पीड़िता ने शुक्रवार शाम करीब चार बजे बेलदौर थाने में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, उसकी मुलाकात चौथम थाना क्षेत्र के अग्रहण गांव निवासी युवक से हुई थी। युवक ने उसे नौकरी दिलाने और बाद में शादी करने का भरोसा दिलाया। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शोषण किया। आरोप है कि युवक ने नौकरी दिलाने के नाम पर पीड़िता से करीब 80 हजार रुपये भी ले लिए, लेकिन न तो नौकरी दिलाई और न ही शादी की। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके निजी फोटो खींचकर पति को भेज दिए, जिसके बाद उसके वैवाहिक जीवन में दरार आ गई और पति ने उसे छोड़ दिया। घटना के बाद से पीड़िता को ससुराल अथवा मायके कहीं से सहारा नहीं मिल रहा है और वह दर-दर भटकने को मजबूर है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

**पीड़िता ने थाने में लगाई न्याय की गुहार**

## बेलदौर लूट कांड में दो गिरफ्तार



पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देतीं एसडीपीओ साक्षी कुमारी।

**गोगरी (एनएसबी)।** अनुमंडल क्षेत्र के बेलदौर थाना क्षेत्र में लूट कांड मे शामिल लोगों को एसडीपीओ साक्षी कुमारी के नेतृत्व में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले मे प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ साक्षी कुमारी ने कहा कि 11 मार्च को लूट हुई थी। बेलदौर निवासी हिमांशु कुमार के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। एसडीपीओ के नेतृत्व में जब अनुसंधान किया गया तो तकनीकी, मानवीय असूचना, सीसीटीवी फुटेज एवं सीडीआर के आधार पर महीनाथ नगर के आजाद कुमार एवं मधेपुरा जिले के गोलपड़ा थाना निवासी संजीव कुमार की संलिपता पाई गयी। दोनों को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से दो मोबाइल, दो मोटरसाइकिल बरामद की गयी। इसमें से एक मोटरसाईकिल सीएसपी संचालक से लूटी गयी थी। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। छापेमारी दल में एसडीपीओ साक्षी कुमारी के अलावा बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार, डीआईयू की टीम सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान टीम मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेलदौर में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, सफलता के मंत्र बताए

**बेलदौर।** नगर पंचायत बेलदौर स्थित कोचिंग सेंटर के सभागार में शुक्रवार को 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कोचिंग संचालिका ज्योति कुमारी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. विवेकानंद, भाजपा नेता रंजन राज, हरिवंश शर्मा, पत्रकार रमेश कुमार, शिक्षक संतोष कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार, फंटूश कुमार, समाजसेवी ऋषभ कुमार, विपिन शर्मा, पंकज कुमार, अमित कुमार, आनंद सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विवेकानंद ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अनुशासन, नियमित अभ्यास और सही दिशा में मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। इस दौरान संचालक फंटूश कुमार ने वर्ष 2026 में 10वीं एवं 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं राजा कुमार, सत्यम कुमारी, राजपाल, दीपक कुमार, केशव कुमार, प्रगति कुमारी, सुमित कुमार, गुरुदेव कुमार समेत दर्जनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### उत्तरवाहिनी अगुवानी गंगा घाट पर हर माह होगी महाआरती

**परबत्ता।** पूर्णिमा की पावन संध्या पर उत्तरवाहिनी अगुवानी गंगा घाट पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान पंडितों और आचार्यों के विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य ने कहा कि अब प्रत्येक माह की पूर्णिमा को त्रिवेणी संगम उत्तरवाहिनी अगुवानी गंगा घाट पर नियमित रूप से पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ और गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सुख-शांति और समृद्धि का संदेश भी देगा। मां गंगा को 'मुक्तिधाम' और 'मोक्षधाम' बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस आयोजन से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीडीसी श्वेता भारती ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। डीएसपी साक्षी कुमारी ने श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। मौके पर बीडीओ संतोष कुमार पंडित, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेन्द्र कुमार शैलेश, पूर्व मुखिया रीना देवी, राजीव चौधरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गौलक्ष्मी प्रीमियम दही का पहला डिस्पैच शुरू

**परबत्ता।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 'गौ लक्ष्मी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी' लिमिटेड, अररिया ने 'गौलक्ष्मी प्रीमियम दही' का पहला डिस्पैच शुरू कर दिया है। यह पहल स्थानीय किसानों और डेयरी उत्पादकों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है। कंपनी से जुड़े युवा उद्यमी विकास कुमार एवं सुजीत कुमार ने बताया कि यह सिर्फ व्यवसायिक शुरुआत नहीं है, बल्कि किसानों की मेहनत और उनके विश्वास को आगे बढ़ाने का मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि 'गौलक्ष्मी प्रीमियम दही' शुद्धता, गुणवत्ता और देसी स्वाद के साथ तैयार किया गया है, जिसे प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्द्धक बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कंपनी का लक्ष्य है कि इस दही को हर घर तक पहुंचाया जाए, ताकि लोगों को बेहतर और सुरक्षित डेयरी उत्पाद मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि डेयरी सेक्टर को भी मजबूती मिलेगी। 5 अप्रैल को चकप्रयाग गांव में किसानों का रजिस्ट्रेशन एवं कुल्हड़ वाला दही का ओपनिंग किया जाएगा।

### जमीन विवाद में दबंगों ने महिला को पीटकर किया घायल

**बेलदौर।** जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने 35 वर्षीय महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर ले गए जहां डक्टरों ने उपचार कर छुट्टी दे दी। बताया जाता है कि बेलदौर थाना क्षेत्र के महिनाथ नगर गांव निवासी निर्धन मुखिया की 35 वर्षीय पत्नी रंजना देवी के साथ गांव के ही नेपाली मुखिया ने जमीन विवाद को लेकर मारपीट की। रंजना देवी ने बताया कि उनका पड़ोसी बार-बार किसी न किसी बहाने मारपीट करता रहता है। वह दबंग प्रवृत्ति का है। उक्त मामले को लेकर बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पिता और पुत्र पर गोली चलाने का लगाया आरोप

**गोगरी।** छोटी मलिया में युवक एवं उसके पिता पर सोये अवस्था में गोली चलाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि गोली उनदोनों को नहीं लगी बल्कि मच्छरदानी को छेद करती हुई दीवार में जा लगी। यह आरोप छोटी मलिया निवासी शहनवाज ने लगाया है। आवेदन में पीड़ित ने कहा कि वह अपने पिता के साथ अपने घर मे चारपाई पर मच्छरदानी लगा कर सोया था। इसी दौरान गुरुवार की देर रात्रि उसकी पड़ोसी जहांगीर, आजाद, महताब, बाबर, मोकाइल, नसीब, तैयब आदि आए और हम दोनों पर गोली चला दी। हालांकि गोली हमें नहीं लगी। गोली का आवाज सुनकर हमलोग जगे और हो हल्ला किये तो वे लोग धमकी देते हुए भाग गए। उनलोगों ने कहा कि हमलोग तुम्हे जान से मार देंगे। पीड़ित ने बताया की उक्त आरोपी पिछले केस जिसमें मेरे चचेरे भाई की हत्या हुई थी उसमे भी आरोपित हैं। उस केस मे मैं साक्षी हूं। इसमें से कुछ लोग हाल ही में जेल से बाहर आये हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त आरोपी बदमाश और मनबढ़ू किस्म के हैं। पीड़ित ने उक्त आरोपी पर कार्यवाही करने की मांग की है। गोगरी अपर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा कि जाँच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिवसीय श्रीश्री 108 रामधुनी महायज्ञ सह रामकथा संपन्न

**खगड़िया।** मानसी प्रखंड अंतर्गत राजाजान ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय श्रीश्री 108 रामधुनी महायज्ञ सह रामकथा का समापन अत्यंत भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में समाजसेवी ई. धर्मेंद्र कुमार एवं युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह त्यागी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वृंदावन से पधारी कथा वाचिका जानकी प्रिया ने अपने मधुर एवं ओजस्वी वाणी में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उनके प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा को विस्तार से बताते हुए कहा कि आज के समय में भी श्रीराम के आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। जानकी प्रिया ने कहा कि रामकथा केवल एक धार्मिक कथा नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला है। मौके पर ई. धर्मेंद्र कुमार एवं नागेन्द्र सिंह त्यागी ने कथा वाचिका जानकी प्रिया को प्रभु श्रीराम की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य उप मुखिया राकेश कुमार उर्फ सिट्टू यादव, अर्जुन यादव, सरपंच मनोज कुमार, वशिष्ठ यादव, मुन्ना यादव, प्रियांशु कुमार, अजय यादव, बख्तौर पहलवान, रविंद्र यादव, सुशांत यादव, सिकंदर आजाद वक्त, राजेश कुमार, रोहित यादव, पप्पू यादव, सुशील कुमार, राहुल कुमार, गोपाल कुमार, अवध महंथ इत्यादि उपस्थित थे।

# सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग को पछुआ हवा ने और भड़काया**





धू-धू कर जलती गेहूं की फसल (बाएं) आग पर काबू पाने के बाद अग्निशमन कर्मियों और पुलिस के जवानों के साथ ग्रामीण।

**नवसंदेश ब्यूरो**

**पसराहा।** खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवठा मौजा के बड़हरा बहियार में किसानों पर कुदरत और किस्मत की दोहरी मार पड़ी है। शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे भीषण गर्मी और तेज पछुआ हवाओं के बीच अचानक भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों ने क्षेत्र में लहलहाती सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि खेतों में काम कर रहे किसान और स्थानीय ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते, तब तक फसल का एक बड़ा हिस्सा जलकर स्वाहा हो चुका था।

ग्रामीणों ने पारंपरिक संसाधनों के जरिए आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के झोंकों के सामने उनकी कोशिशें नाकाम रहीं और साल भर की मेहनत आंखों के सामने ही राख के ढेर में तब्दील हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पसराहा थाने को सूचित किया गया, जिसके बाद थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। स्थिति की भयावहता को देखते हुए महेशखूंट, गोगरी और पसराहा से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत और घंटों के संघर्ष के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

गांव के किसानों का कहना है यह भीषण आग 33 केवी विद्युत लाइन के खंभों के पास से शुरू हुई। संभवतः शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से आग लगी होगी। इस अग्निकांड में सन्नी कुमार, महंत सिंह, पप्पू सिंह, संदीप कुमार, दीपक सिंह, जवाहर सिंह, प्रभंजन कुमार, नीरज कुमार, सतीश सिंह, शैलेंद्र सिंह, भूषण सिंह, पंकज सिंह, सदानंद सिंह, अच्युतानंद सिंह, सुधीर कुमार, मंटून कुमार, बबलू कुमार, मिथलेश कुमार, बिलास सिंह और संजय सिंह सहित दर्जनों किसानों की 50 एकड़ से अधिक की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन घटना की जांच कर रहे हैं, वहीं अपनी फसल खो चुके किसान अब सरकार से उचित मुआवजे की गुहार लगा रहे हैं।

**दर्जनों किसानों की 50 एकड़ से अधिक में लगी गेहूं की फसल नष्ट**

**किसानों ने सरकार से लगायी मुआवजे देने की गुहार**

## तीन माह से नहीं मिला मानदेय सफाईकर्मी गए हड़ताल पर

**गोगरी (एनएसबी)।** गोगरी नगर परिषद क्षेत्र के सफाईकर्मी पिछले तीन महीनों से मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित हैं। अपनी मांगों को लेकर वे पिछले दो दिनों से हड़ताल पर हैं, जिससे पूरे शहर में कचरे का अंबार लग गया है और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पूरे शहर में लगा कचरे का अंबार**

सफाईकर्मियों का कहना है कि उन्हें समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। कर्मियों ने मांग की है कि बकाए राशि का जल्द भुगतान किया जाए और आगे से नियमित रूप से मानदेय दिया जाए। शुक्रवार को दिन के करीब 11 बजे सफाई कर्मियों ने आंदोलन तेज करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सुमन मलिक, अशोक मलिक, रोहित मलिक, संतोष यादव, मनकेश कुमार, पूजा कुमारी, जानकी कुमारी सहित कई सफाईकर्मी मौजूद रहे।

वहीं, नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी ने बताया कि एनजीओ के ठेकेदार बदलने और मार्च क्लोजिंग के कारण बिल पास नहीं हो सका, जिससे भुगतान में देरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बकाए राशि का भुगतान कर दिया जाएगा और नए ठेकेदार के माध्यम से समय पर मानदेय देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल हड़ताल जारी रहने से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

## सर्किल इंस्पेक्टर ने थाना अध्यक्षों को दिए कई निर्देश

**गोगरी (एनएसबी)।** सर्किल इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। इसमें सर्किल इंस्पेक्टर ने अपराधियों की गिरफ्तारी एवं इलाके में अपराध कम करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। सर्किल इंस्पेक्टर ने क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्षों से संबंधित थाना के लंबित मामलों के निष्पादन की रिपोर्ट ली। उन्होंने थानों में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। साथ ही फरार वारंटियों की गिरफ्तारी एवं इलाके में अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में थानाध्यक्षों से कहा कि किसी भी हालत में पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चौथम में रसोईया संघ की मानदेय वृद्धि व सरकारी दर्जा की मांग तेज

**चौथम/खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार राज्य मध्याह्न भोजन रसोईया संघ के तत्वावधान में चौथम प्रखंड संसाधन केंद्र स्थित सभाकक्ष में शुक्रवार को क्षेत्रीय रसोईया संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश प्रधान सचिव ऋषि कुमार ने की, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों रसोईया एवं रसोईया सहायक शामिल हुए।

बैठक में रसोईया संघ की पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें मानदेय वृद्धि, डी-ग्रुप का दर्जा देते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करना, सालाना दो ड्रेस उपलब्ध कराना तथा सेवानिवृत्ति के बाद 5 से 10 हजार रुपये तक पेंशन निर्धारित करने की मांग शामिल रही। इसके अलावा एनजीओ द्वारा रसोईयों को कार्य से हटाए जाने के मुद्दे पर भी कड़ा विरोध जताया गया। संघ के सदस्यों ने हटाए गए रसोईयों को पुनः सेवा में बहाल करने की मांग उठाई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर रणनीति बनाई गई। प्रदेश प्रधान सचिव ऋषि कुमार ने कहा कि रसोइयों की सभी जायज मांगों को संघ के माध्यम से सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा और जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में क्षेत्रीय संयोजक शंकर कुमार भी मौजूद रहे।

**प्रदेश प्रधान सचिव ऋषि कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक**

**हटाए गए रसोईयों को पुनः बहाल करने की भी उठी मांग**

## 25 लाख की चोरी का खुलासा नहीं, पुलिस पर उठ रहे सवाल

**परबत्ता (एनएसबी)।** खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के सिराजपुर गांव निवासी प्रो. अजय शंकर चौधरी के घर 30 अप्रैल, 2025 की रात हुई बड़ी चोरी की घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। करीब 11 महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं।

पीड़ित प्रो. चौधरी ने बताया कि न्याय के लिए वे डीजीपी पटना, डीआईजी बेगूसराय, एसपी खगड़िया और गोगरी एसडीपीओ तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस घटना में चोरों ने लॉकर से करीब दो लाख रुपये नकद समेत सोने-चांदी के कीमती जेवरात उड़ा लिए थे। चोरी गए सामान में सोने की चार चेन (करीब 80 ग्राम), 12 अंगूठी (50 ग्राम), पांच कान की बाली व एक झुमका (करीब 40 ग्राम), सोने की दो अशरफी (20 ग्राम), सोने का बिस्कुट दो पीस (20 ग्राम), चांदी के 40 सिक्के (400 ग्राम) और चांदी की पायल के पांच सेट (250 ग्राम) शामिल हैं। कुल चोरी की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। इधर, परबत्ता थाना के एसआई सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाद दर्ज होने के कुछ महीनों बाद जांच पदाधिकारी का तबादला हो गया था। हाल ही में यह केस उन्हें सौंपा गया है और हर स्तर से जांच की जा रही है।

**पीड़ित प्रोफेसर एसडीपीओ से डीजीपी तक लगा चुके हैं गुहार**

## आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्ति नारायण सिन्हा पुस्तकालय



**पुस्तकालय के 25वें स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित**

**गोगरी (एनएसबी)।** अस्ति नारायण सिन्हा अनुमंडलीय पुस्तकालय गोगरी के 25वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन नयाटोला बहादुरपुर में किया गया।

समारोह की शुरुआत परवत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, नगर अध्यक्ष रंजीता कुमारी निषाद, उपाध्यक्ष राजेश पंडित, डॉ. सुनील कुमार मिश्रा सहित पुस्तकालय सचिव नलिनेश कु सिन्हा ने की। पुस्तकालय के सचिव नलिनेश कुमार सिन्हा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बीते 25 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने की। मंच संचालन का दायित्व डॉ. सुनील कुमार मिश्र ने निभाया। समारोह में सचिव ने संकल्प पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और इसे क्षेत्र के छात्रों, शोधार्थियों एवं साहित्य प्रेमियों के लिए ज्ञान का प्रमुख केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। मौके पर दिवंगत अस्तिनारायण सिन्हा के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें विशेष प्रतिभा का धनी व्यक्ति बताते हुए समाज को सही दिशा में उनके योगदान की सराहना की गयी। मौके पर जमीनदाता मोहन मंडल एवं उनके परिजन को भी धन्यवाद दिया गया। मौके पर नलिनेश कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त शिक्षक व राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक डॉ. दून बहादुर दास, डॉ. रवि, आशीष कुमार, गोगरी थानाध्यक्ष परशुराम सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बड़ी मां कात्यायनी स्थान पर कटाव रोकने की कवायद तेज



बबलू कुमार मंडल।

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल की पहल पर बागमती नदी के किनारे स्थित सिद्ध पीठ बड़ी मां कात्यायनी स्थान पर हो रहे भीषण कटाव को लेकर विभागीय गतिविधियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को विधायक ने जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी से मुलाकात कर इस गंभीर समस्या से उन्हें अवगत कराया था और त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद शुक्रवार को फ्लड कंट्रोल डिपार्टमेंट-2 के कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार एवं विभागीय अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कटाव की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बड़ी मां कात्यायनी स्थान के पास बागमती नदी द्वारा किए जा रहे कटाव का बारीकी से अध्ययन किया। ज्ञात हो कि यह स्थल धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नदी के लगातार कटाव के कारण इस शक्तिपीठ का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। विधायक बबलू मंडल ने बताया कि उन्होंने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया था, जहां मंदिर का एक पिलर पहले ही कटाव की चपेट में आ चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यहां कुछ कटाव रोधी कार्य जरूर किए गए थे, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए बड़े पैमाने पर मजबूत और स्थायी कटाव निरोधक कार्य की आवश्यकता है। विधायक ने कहा कि मंत्री से मुलाकात के बाद विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए टीम को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा है, जो सकारात्मक पहल का संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि जल्द ही यहां प्रभावी कटाव रोधी कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही विधायक ने सदर प्रखंड के माथर दियारा क्षेत्र में गंगा नदी से हो रहे कटाव का मुद्दा भी मंत्री के समक्ष प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस कटाव के कारण तीन पंचायतों के हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं।

**विधायक बबलू मंडल की पहल पर फ्लड कंट्रोल विभाग ने किया स्थल निरीक्षण**

**मंत्री से मुलाकात के बाद विभाग हरकत में आया विभाग, माथर दियारा में भी जल्द शुरू होगा कटाव रोधी कार्य**

## शशिकांत को मिला चौथम अंचल अधिकारी का प्रभार

**चौथम (एनएसबी)।** चौथम अंचल कार्यालय में राजस्व अधिकारी सह कानूनगो बंदोबस्त अधिकारी शशिकांत कुमार को अंचल अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। प्रभार ग्रहण करने के दौरान अंचल नाजिर राजेश कुमार, सौरभ कुमार, आरटीपीएस प्रभारी विपिन कुमार, लेखपाल आरती कुमारी, खुशबू कुमारी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

पिछले दो माह से अंचलाधिकारी एवं कर्मियों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण अंचल के कार्यों पर व्यापक असर पड़ा था। इस दौरान जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र के साथ-साथ दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं भूमि मापी जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे थे। स्थिति को देखते हुए पहले अंचल का प्रभार चौथम प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया था, लेकिन भूमि से जुड़े कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। इसके बाद जिला समाहरणालय के निर्देश पर राजस्व कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया में पदस्थापित शशिकांत कुमार को चौथम अंचल का प्रभार सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि एक ही पदाधिकारी को बेलदौर, चौथम, गोगरी समेत चार प्रखंडों का प्रभार दिया गया है। ऐसे में अब देखना महत्वपूर्ण होगा कि चौथम अंचल में राजस्व कार्यों की रफ्तार कितनी तेज होती है और आम लोगों को कितनी राहत मिल पाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### नए सिरेंडर का बुकिंग 25 दिन बाद

**लखीसराय।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन लखीसराय पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए विशेष कवायद शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए आम नागरिक घबराएं नहीं और अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थाना अध्यक्षों की एक त्रिस्तरीय धावा दल का गठन किया गया है। यह दल लगातार भ्रमणशील रहकर कालाबाजारी की निगरानी करेगा। इसी क्रम में 3 अप्रैल 2026 को जिले में एक सघन निरीक्षण भी किया गया है। आपूर्ति पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी भी सुनिश्चित कराएं। साथ ही सभी एलपीजी वितरकों को चेतावनी दी गई है कि किसी भी कीमत पर गैस सिलेंडरों की जमाखोरी या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आम जनता की सहूलियत और शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए समाहर्ता लखीसराय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06346-232952 है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, जिले की 16 गैस एजेंसियों के पास कुल 5907 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, बड़हिया और लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र में आईओसीएल द्वारा पीएनजी की आपूर्ति की जा रही है। जो परिवार अब तक पीएनजी कनेक्शन से नहीं जुड़े हैं, वे नोडल पदाधिकारी के मोबाइल नंबर 8565835550 पर संपर्क कर सकते हैं। गैस वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए भारत सरकार के नियमों के तहत नई व्यवस्था लागू की गई है। अब उपभोक्ता अपने पिछले गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग करा सकेंगे। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि बुकिंग दर्ज होने के 2 से 3 दिनों के भीतर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकतानुसार ही गैस प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी से बचें।

### अवैध शराब के साथ धंधेबाज और पियक्कड़ गिरफ्तार

**लखीसराय।** जिले में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्यनिषेध थाना पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अप्रैल 2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन


गिरफ्तार धंधेबाज व नशेड़ी।

छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की गई और कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रतिवेदन के अनुसार, पहली बड़ी कामयाबी कवैया थाना क्षेत्र के सूर्यनारायण घाट पर मिली, जहां से वंशीपुर निवासी रवि कुमार (पिता- ष्ण साव) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 09600 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद हुई है। पुलिस ने उसे शराब बेचने के आरोप में पकड़ा है। वहीं, जिले के अन्य इलाकों में चलाए गए अभियान के दौरान शराब का सेवन करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। लखीसराय थाना अंतर्गत इंग्लिश मोहल्ला से मोहम्मद आजाद, सत्यवत और सुनील चौधरी को शराब पीने के आरोप में पकड़ा गया। इसमें मोहम्मद आजाद को दूसरी बार शराब पीने के जुर्म में हिरासत में लिया गया है। इसी प्रकार मानिकपुर थाना क्षेत्र के भतरा मोड़ से युगल रजक और मोहम्मद एनुल को गिरफ्तार किया गया। बड़हिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगासराय और बड़हिया मुख्य बाजार के विभिन्न वार्डों में छापेमारी कर संजय सिंह, मोहम्मद चाँद, घंटी दास, राजेश साव और महेंद्र मिस्त्री को नशे की हालत में पकड़ा गया। मद्यनिषेध विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से शराब माफियाओं और नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब के अवैध व्यापार और सेवन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# दिव्यांग रेल कर्मी के सुविधा व सुरक्षा को लेकर कारखाना प्रशासन है गंभीर : सीडब्ल्यूएम

## वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए लिलुआ, सियालदह, मालदा, आसनसोल, हावड़ा, कचरापाड़ा डिवीजन के प्रतिनिधि

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** कारखाना में कार्यरत दिव्यांग रेल कर्मी के स्वास्थ्य सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर रेल प्रशासन गंभीर है। उक्त बातें डिसएबल इंप्लाइज रेलवे एसोसिएशन के तीसरा वर्षगांठ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा।

सीडब्ल्यूएम नहीं अभी कहा कि कारखाना में लगभग ढाई सौ के करीब दिव्यांग रेल कर्मी कार्यरत है जिनकी सुविधा को लेकर कारखाना प्रशासन उनके साथ हमेशा खड़े होकर उनकी समस्या को सुनकर निदान करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके पहले वर्षगांठ समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं डिप्टी


मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम का स्वागत करते दिव्यांग संगठन।

अभ्युदय, प्रीतम कुमार सहित एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष हजारी मंडल, जोनल सचिव सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त ने संयुक्त रूप से किया। कारखाना शाखा के अध्यक्ष हरदीप सिंह सचिव प्रीतम कुमार तमाम अतिथियों का स्वागत फूल माला बुके अंग वस्त्र भेंट कर किया। उन्होंने यह भी कहा कि जमालपुर कारखाने में हम दिव्यांग रेल कर्मी के समस्या को लेकर सीडब्ल्यूएम गंभीर है। ईस्टर्न रेलवे में दिव्यांग रेल कर्मी को सम्मानित करने की जो परंपरा शुरू हुई है उसे हम लोगों का मनोबल को बढ़ाया गया है इसके लिए कारखाना प्रशासन को एसोसिएशन धन्यवाद देता है।

इधर वार्षिक समारोह में लिलुआ,कचरापाड़ा, सियालदह,मालदा एवं हावड़ा, आसनसोल डिवीजन से एसोसिएशन के प्रतिनिधि की उपस्थित देखी गई। मौके पर जमालपुर शाखा के कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार साह, उपाध्यक्ष रवि कुमार राजा, सतीश कुमार, चंदेश्वर राम, सौरभ सुमन विद्यासागर सहित यूनियन नेता रेलकर्मी मौजूद थे।

# मालदा मंडल को उत्कृष्ट परिचालन का अवार्ड

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** वर्ष 2024-25 के दौरान ट्रेनों के समय पर परिचालन तथा माल ढुलाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मालदा मंडल को प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि जमालपुर स्टेशन से जुड़े रेल कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी कार्यकुशलता, समन्वय और सतत निगरानी के कारण यह सफलता हासिल हो सकी। अवार्ड मिलने की खबर से रेल कर्मियों में उत्साह का माहौल है।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम ने बेहतर संचालन सुनिश्चित किया। मुख्य यार्ड अधीक्षक मनोरंजन कुमार ने यार्ड प्रबंधन को व्यवस्थित रखते हुए मालगाड़ियों के सुचारू आवागमन में अहम योगदान दिया। वही टीआई चेंजर नीरज कुमार ने परिचालन समन्वय को मजबूत किया।


अवार्ड के साथ खड़े जमालपुर स्टेशन प्रबंधक की टीम।

स्टेशन मास्टर निरंजन कुमार एवं संजीव कुमार ने समयबद्ध ट्रेन संचालन और यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया।इसके अतिरिक्त जीबीआई शंतनु कुमार सिंह सहित अन्य रेल कर्मियों ने भी अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए मंडल की उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीम वर्क, सतर्कता और समयबद्ध कार्यशैली के कारण मालदा मंडल ने समयपालन और माल ढुलाई के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया।रेल कर्मियों ने इस सम्मान को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए कहा कि सुरक्षित, समयबद्ध और बेहतर रेल सेवा देना उनकी प्राथमिकता है। इस अवार्ड से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प लिया गया है।

### गिरफ्तार युवक के पास से बरामद हुआ रुपए एवं तेजपत्ता लाटरी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** लौहनगरी जमालपुर में अवैध लाटरी का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। अवैध लाटरी संचालक को लेकर शहर के जनता जनप्रतिनिधि समाजसेवी के द्वारा पुलिस अधीक्षक से इस दिशा में कार्रवाई की मांग कई बार कर चुके हैं। इसी का परिणाम है कि शुक्रवार को ईस्ट कलोनी पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी करते हुए एक लाटरी कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लाटरी कारोबारी की पहचान प्रमोद कुमार पिता आनंदी प्रसाद नयागांव ठाकुरबारी रोड निवासी बताए गए हैं। जिनके पास से 1500 रुपए नगद एवं 100 अवैध लाटरी भी बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि अवैध लाटरी संचालन मामले में रेलवे सिनेमा हल समीप से एक की गिरफ्तारी हुई है। इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है हालांकि अवैध लाटरी के सरगना की तलाश हेतु छापेमारी की जा रही है।

## छत्रपति शिवाजी पटेल महासंघ ने मनाई शिवाजी की पुण्यतिथि

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ की ओर से शिवाजी चौक हलिमपुर में शिवाजी महाराज का पुण्यतिथि समारोह मनाया गया। पुण्यतिथि के मौके पर महासंघ के पदाधिकारी, जनता जनप्रतिनिधि छात्र नौजवान उपस्थित होकर शिवाजी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके वीरता को नमन किया। महासंघ के संरक्षक स्वामी मुक्ति यंत्र, सचिन लटोरी मंडल एवं वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद शिवाजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा छत्रपति शिवाजी महाराज का निधन 3 अप्रैल 1680 को रायगढ़ किले में 50 वर्ष की आयु में हुआ था। यह दिन मराठा साम्राज्य के संस्थापक की विरासत का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। शिवाजी ने हिंदू समाज के लिए जो कुर्बानी दी है उसे देशवासी कभी भूल नहीं पाएंगे। आज भी शिवाजी के वीरता की कहानी हम अपने बच्चों को सुन कर उनके अंदर निर्धनता एवं सू वीरता का जोश भरने का काम करते हैं। महासंघ हमेशा ऐसे महान एवं वीर पुरुष को याद कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करवाते हैं। मौके पर आनंदी मंडल, नीतीश कुमार, उमेश मंडल, विजय मंडल, राकेश कुमार, ड पप्पू, प्राचार्य शंकर कुमार सिंह, पूर्व उप मुखिया राजकिशोर मंडल, अरुण पासवान, अधिवक्ता सुबोध कल्याणी, कुमार राहुल, टीनू आनंद, आदित्य राज, नथन पंडित, गोलू सहित सहित कई मौजूद थे।


## रेल कर्मी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे रेल अधिकारी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के पिता सेवानिवृत्ति रेलकर्मी गंगासागर यादव का आकस्मिक निधन होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हसनगंज ग्राम में आयोजित हुआ। दिवंगत रेल कर्मी को श्रद्धांजलि देने के लिए रेल कारखाना के कई अधिकारी के साथ यूनियन नेता एवं पूर्व सांसद सहित जनता जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। गंगासागर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए रेल अधिकारी ड अभ्युदय,जेना, ड संजय पूर्व सांसद विजय कुमार विजय एवं राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव ने कहा कि हंसते खेलते परिवार को बसाकर गंगा बाबू स्वर्ग सिधार गए। उनके जाने का दुख तो घर परिवार समाज को हुआ ही ईश्वर उनके आत्मा को शांति प्रदान करते हुए शोका कुल परिवार को इस विपत्ति की घड़ी से बाहर निकलने का हिम्मत प्रदान करें। मौके पर यूनियन नेता मनोज कुमार, एके आजाद, राजद नेता शिशिर कुमार लालू,मनीष यादव, राजू यादव, वीरेश कुमार, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक सहित शोकाकुल परिवार के रघुवीर यादव रामसागर यादव राज किशोर यादव बृज किशोर यादव मृत्युंजय यादव, चंचल कुमार, राज सागर सहित दर्जनों शामिल थे।

# रजिस्टर खतियान को जलाए जाने से मची खलबली

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के परिसर में कुछ महत्वपूर्ण कागजात रजिस्टर एवं खतियान को जलाते कर्मचारियों को देखे जाने के मामले से पदाधिकारी कर्मचारियों के बीच तनाव जैसी स्थिति देखी गई।

प्रखंड परिसर के आरटीपीएस काउंटर के सामने जलाई जा रहे प्रखंड एवं अंचल के महत्वपूर्ण रिकर्ड को जलते देखा जब कुछ लोगों ने देखा तो उन्हें थोड़ी देर के लिए यकीन नहीं हो रहा था कि जिस काम के लिए वह आंचल एवं प्रखंड कार्यालय का चक्कर रिकर्ड जानने समझने को लेकर आते हैं वह तो बिना देखे समझे जलाया जा रहा है। जलते हुए रिकर्ड को प्रखंड एवं अंचल में पहुंचे कई जनता जनप्रतिनिधि ने वहां के बाद बाबू एवं कर्मचारियों से पूछा तो थोड़ी देर के लिए वे सभी भौचक हो गए। दो महिला के द्वारा


अंचल कार्यालय के बाहर महत्वपूर्ण कागज जलते हुए।

प्रखंड एवं अंचल कार्यालय से लाल कपड़े में बंधा हुआ कई कागजात जलाई जा रही थी तो महिला भी थोड़ी देर के लिए रुक गई।

रिकर्ड एवं महत्वपूर्ण कागजात रजिस्टर जलाए जाने के मामले को लेकर जब आंचल एवं प्रखंड के कर्मचारियों से पूछा गया तो वह इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार किया वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन ने इस मामले के प्रति काफी अभिज्ञता जाहिर किया। उन्होंने कहा कि अभी कार्यालय से बाहर है क्षेत्र में है। प्रखंड जाकर इसकी जांच कर करवाई की जाएगी।

### जमालपुर-मुंगेर रेलखंड पर 8 संदिग्ध हिरासत में, पीआर बांड पर छोड़ा गया

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर-मुंगेर रेलखंड के बीच बीसएफ-9 के समीप देर संध्या आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए आठ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया। यह कार्रवाई जमालपुर यार्ड पोस्ट की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। सूचना मिली थी कि रेल ट्रैक के किनारे कुछ संदिग्ध लोग इकट्ठा होकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त हैं। जिसके बाद आरपीएफ तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद लोग भागने लगे।लेकिन आरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को खदेड़कर पकड़ लिया। इसके बाद सभी संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान उनके पास से ताश के पत्ते बरामद किए गए।जिससे यह आशंका जताई गई कि वे जुआ खेल रहे थे। इस संबंध में जमालपुर आरपीएफ यार्ड पोस्ट के इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि पूछताछ में कोई आपराधिक मंशा स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई।

# इरिमी जमालपुर में 'मिशन कर्मयोगी-साधना सप्ताह' की शुरुआत

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान (इरिमी), जमालपुर में दो दिवसीय 'मिशन कर्मयोगी-साधना सप्ताह' विशेष लर्निंग कैम्पेन का आयोजन गुरुवार को समारोहपूर्वक प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

मौके पर महानिदेशक ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों और अधिकारियों को निरंतर सीखने के लिए प्रेरित करते हैं और भारतीय रेल की गुणवत्ता एवं उत्पटता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक साबित होते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और अर्जित ज्ञान को अपने


साधना सप्ताह कार्यक्रम में इरिमी के अधिकारी व प्रशिक्षुगण।

कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करें। यह कैम्पेन क्षमता निर्माण आयोग, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी ) तथा 'कर्मयोगी भारत' के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक विषयों पर सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पहियों और एक्सलों के अल्ट्रासोनिक परीक्षण, रोलिंग स्टक का परिचय, जैव शौचालय प्रणाली, हाइड्रोजन ईंधन, सेवा अनुबंध, रेलवे आपदा प्रबंधन, वेल्डिंग दोष, सूचना का अधिकार अधिनियम तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सत्रों का संचालन उप महानिदेशक प्रसेनजीत कुमार, आचार्य शशिचंद्र शेखर, सिद्धार्थ शंकर, मो अय्यूब खान, सुसरण तिडु सहित अन्य विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु और कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की कार्यकुशलता, तकनीकी दक्षता, उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देना है, जिससे सुशासन के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीसराय संग्रहालय की कलातियों और आधुनिक प्रदर्शन तकनीक के मुरीद हुए : विकास वैभव

**लखीसराय (एनएसबी)।** लखीसराय संग्रहालय में बिहार के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और प्रसिद्ध इतिहास प्रेमी विकास वैभव का आगमन हुआ, जहाँ उन्होंने संग्रहालय की कलातियों और यहाँ की आधुनिक प्रदर्शन तकनीक की जमकर सराहना की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने संग्रहालय की चारों दीर्घाओं का विस्तृत भ्रमण किया और बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत का गहराई से अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान संग्रहालय के वरीय


भ्रमण करते आइपीएस अधिकारी।

तकनीकी सहायक राजेश कुमार ने श्री वैभव को लाली पहाड़ी से प्राप्त दुर्लभ टेराकोटा (मृण्मूर्तियां) और प्राचीन प्रतिमाओं के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराया। उन्होंने इन पुरातात्विक अवशेषों के ऐतिहासिक महत्व और उनके कालखंड के बारे में शोधपरक जानकारियां साझा कीं। विकास वैभव ने संग्रहालय में मूर्तियों के आधुनिक डिस्प्ले, उनके प्रकाश संयोजन और प्रदर्शन के अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरीकों की प्रशंसा की। उन्होंने तकनीकी सहायक द्वारा दी गई गहरी और शोधपरक जानकारियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली इतिहास से जोड़े रखने में मील का पत्थर साबित होगा। इस विशेष भ्रमण के अवसर पर प्रधान शिक्षक पीयूष झा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संग्रहालय के सहायक ने इस दौरान अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बिहार की सांसतिक और ऐतिहासिक विरासत को सहेजने और उसे विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने का उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। विकास वैभव की इस यात्रा ने संग्रहालय के ऐतिहासिक महत्व को एक नया आयाम दिया है।

### लखीसराय शिक्षा विभाग में खेल सामग्री खरीद में बड़े घोटाले की आशंका

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के विद्यालयों में खेल सामग्री खरीद के नाम पर व्यापक अनियमितता और धांधली की गंभीर आशंका सामने आई है, जिससे शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है। आरोप है कि खेल सामग्री को बाजार दर से कहीं अधिक ऊंची कीमतों पर खरीदा गया है, जिससे सरकारी राजस्व के दुरुपयोग की प्रबल संभावना है। मामला और भी गंभीर तब हो जाता है जब यह


विद्यालय की खेल सामग्री।

तथ्य उजागर हुआ कि जिले के उन विद्यालयों में भी क्रिकेट जैसी खेल सामग्री की खरीद दिखाई गई है, जिनके पास खेल का मैदान तक उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही, स्थानीय बाजार के विक्रेताओं को दरकिनार कर बाहर के विक्रेताओं के बिल लगाए जाने से पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि मार्च महीने में बजट खपाने के लिए ष्मार्च लूटष का एक संगठित खेल खेला गया है।विद्यालयवार राशि के वितरण और निकासी की संदिग्ध प्रक्रिया ने वित्तीय अनियमितता के दावों को और मजबूती दी है।इस बीच, कई विद्यालय प्रधानों ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों द्वारा विभागीय कार्रवाई का डर दिखाकर उनका आर्थिक शोषण किया गया है। शिक्षकों का कहना है कि पूर्व में भी उन्हें ष्बली का बकराष बनाया गया है, जिसके कारण वे खुलकर बोलने से कतरा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जिले में विद्यालय भवन मरम्मत, शौचालय निर्माण, बिजली कार्य और बेंच-डेस्क आपूर्ति में करोड़ों के घोटाले की चर्चा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता रजनीश कुमार ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है। उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। भाकपा की मुख्य मांगों में खेल सामग्री खरीद की जांच, दोषी अधिकारियों एवं आपूर्तिकर्ताओं पर कठोर कार्रवाई, विद्यालयवार राशि निकासी का अडिट और भविष्य में पारदर्शी खरीद प्रणाली लागू करना शामिल है। पार्टी का कहना है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बहाल करना मुश्किल है।

### लखीसराय में राज्यस्तरीय महिला फुटबल

#### मुजफ्फरपुर, दरभंगा और बेगूसराय की टीमें अगले दौर में, कौशिकी की हैट्रिक

**लखीसराय (एनएसबी)।** शहर की हृदय स्थली केआरके मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय सीनियर महिला फुटबल चौंपियनशिप-2026 के तीसरे दिन गुरुवार को रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान खिलाड़ियों के उत्ष्ट कौशल और मैदानी संघर्ष ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन के पहले मुकाबले में मुजफ्फरपुर ने गयाजी की टीम को 2-0 के अंतर से पराजित कर अगले चक्र में अपनी जगह सुरक्षित की। मुजफ्फरपुर की ओर से अंजली कुमारी ने मैच के 16 वें मिनट में पहला गोल दागकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिसे 23वें मिनट में शिवानी कुमारी ने दूसरे गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। शानदार खेल के लिए अंजली कुमारी को श्वूमेन अफ द मैचश के खिताब से नवाजा गया। प्रतियोगिता का दूसरा


खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथि।

मुकाबला दरभंगा और समस्तीपुर के बीच प्री-ार्टर फाइनल के रूप में खेला गया। दोनों ही टीमों ने रक्षात्मक और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन बनाया, जिसके कारण निर्धारित समय तक स्कोर शून्य रहा। अंततः मैच का फैसला टाई-ब्रेकर के जरिए लिया गया, जिसमें दरभंगा ने 3-0 से बाजी मारकर ार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दरभंगा की गोलकीपर श्रुति कुमारी ने विपक्षी टीम के हमलों को नाकाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें श्वूमेन अफ द मैचश चुना गया। दिन के तीसरे और अंतिम मैच में बेगूसराय का पूरी तरह दबदबा रहा। बेगूसराय ने कटिहार को 7-0 के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी। मैच के तीसरे मिनट में ही कौशिकी कुमारी ने पेनल्टी को गोल में तब्दील कर टीम का खाता खोला। इसके बाद कौशिकी ने मैदान पर अपनी रफ्तार का जादू बिखेरते हुए गोलों की हैट्रिक पूरी की। टीम की ओर से गोल्डी कुमारी, सुरुचि कुमारी और अंजली ने भी गोल कर स्कोर को विशाल बनाया। हैट्रिक गर्ल कौशिकी कुमारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए श्वूमेन अफ द मैचश का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पदाधिकारी लखीसराय मिथिलेश मिश्र ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी मृणाल रंजन, ड़ पंकज कुमार और पूर्व अधिकारी विद्यानंद कुमार भी मौजूद रहे। मैचों का सफल संचालन मुख्य रेफरी रौशन गुप्ता, सहायक रेफरी हरेंद्र कुमार, हर्षित और उपेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक पटेल, जिला फुटबल एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक सिंह और सचिव बबलू शर्मा सहित सभी सदस्यों ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया।

# अपने कार्यकर्ताओं के बदौलत भाजपा शून्य से शिखर पर पहुंची है : राघवेन्द्र

**आरा / बड़हरा (एनएसबी)।** भाजपा द्वारा आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम के तहत बड़हरा विधानसभा के बड़हरा, बबुरा एवं कोईलवर उतरी मंडल का वर्ग प्रशिक्षण बबुरा हाईस्कूल में शुरू हुआ।

दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का उदघाटन बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। अध्यक्षता बबुरा मंडल अध्यक्ष टुनटुन महतो एवं संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष जीत प्रकाश ने किया। अतिथियों जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, पूर्व विधायक रिंकी पांडेय, हरेन्द्र पांडेय, प्रहलाद राय, जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, राजकुमार कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, विधानसभा संयोजक संजय तिवारी सहित मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय, संजय कुशवाहा एवं तीनो मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यह विश्व की सबसे बड़ी संगठित पार्टी है। संगठन को मजबूत एवं अनुशासित रखने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है। आज भाजपा शून्य से शिखर पर पहुंची है तो इसकी देन कार्यकर्ता ही हैं। हमे गर्व होता है कि हम सबसे अनुशासित पार्टी के सदस्य है। राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर चलने वाली विचारधारा पार्टी है।उक्त अवसर पर मैट्रिक परीक्षा मे सर्वोच्च स्थान लाने वाला छात्र रविराज को विधायक द्वारा शील्ड, मेडल एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। सात विभिन विषयों का प्रशिक्षण वर्ग रिंकी पांडेय, राजेश सिन्हा, हरेन्द्र पांडेय, प्रहलाद राय, धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, राजकुमार कुशवाहा, संजय कुमार सिंह, संजय तिवारी, शैलेश सिंह गुड्डू, अंबिका सिंह, रामाकांत सिंह, आदित्य सिंह आदि, संतोष सिंह संटु द्वारा अलग-अलग मंडलो का वर्ग प्रशिक्षक के रूप मे वर्ग लिया गया। वर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम मे बड़हरा, बबुरा एवं कोईलवर उतरी मंडल के सैकड़ो पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रशिक्षु के रूप मे शामिल हुए।


बड़हरा, बबुरा एवं कोईलवर उतरी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग का उदघाटन ।

# जलभरी यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**चरपोखरी (एनएसबी)।** सोनवर्षा स्थित श्री तोताद्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मठ परिसर में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य जलयात्रा के साथ शुरू हुआ। मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगलानुशासन में निकाली गई। चिलचिलाती धूप पर भक्तों की आस्था भारी पड़ी और लोग माथे पर कलश लेकर चलते रहे। हाथी, घोड़े और ऊंटों के साथ गाजे-बाजे की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह यात्रा मठिया से प्रारंभ होकर बागर बंसी गंगा के तट पर स्थित बागर सूर्य मंदिर घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच क्रांतिकारी गोविन्दाचार्य के द्वारा विधिवत रूप से पूजन के उपरांत नदी से जल कलश में लेकर श्रद्धालु भक्त पुनः सोनवर्षा यज्ञस्थल पहुंचे और विधिवत रूप से प्रकांड विद्वान क्रांतिकारी गोविंदाचार्य जी रोहित तिवारी अर्जुन शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश पूजन के उपरांत यज्ञ मंडप की प्रदक्षिणा के बाद इस महायज्ञ का विधिवत शुरुआत हुआ। प्रतिदिन स्वामी दयानंद शास्त्री महाराज श्रीराम पंचायती मंदिर संगरिया राजस्थान के द्वारा भक्तों को भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। मीडिया प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि 3 अप्रैल से शुरू हुआ यह भक्ति उत्सव आगामी 9 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान गंगा बहेगी।

# मैट्रिक में पांचवां स्थान लाने वाली नसरीन परवीन सम्मानित, जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया हौसला

**गड़हनी (भोजपुर)।** नगर पंचायत गड़हनी के शान्तिनगर वार्ड संख्या-2 निवासी अली हसन मंसूरी (राज मिस्त्री) की पुत्री नसरीन परवीन ने मैट्रिक परीक्षा में बिहार स्तर पर पांचवां स्थान हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे गड़हनी, भोजपुर और बिहार का नाम रोशन किया है। नगर पंचायत गड़हनी के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू ने नसरीन परवीन को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रा को मोमेंटो, नगद राशि एवं वस्त्र प्रदान कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


मैट्रिक में पांचवां स्थान लाने वाली नसरीन परवीन सम्मानित ।

उन्होंने कहा कि नसरीन परवीन ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। राजद के राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव ने भी नसरीन को सम्मानित करते हुए कहा कि नसरीन परवीन की सफलता गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए एक मिसाल है। गौरतलब है कि नसरीन परवीन की इस उपलब्धि पर विधायक, डीईओ, बीईओ, प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार सम्मानित किया जा रहा है। गांव की इस होनहार बिटिया को मिल रहे सम्मान से पूरे क्षेत्र में गौरव और उत्साह का माहौल है।

## खबरें : एक नजर में

### पीएचईडी द्वारा नल-जल योजना कार्य में धांधली का आरोप, पिछली योजना में घटिया काम किया गया

**अगिआंव (एनएसबी)।** रतनाढ़ पंचायत, गांव बेरथ 13 न वार्ड में जो पहले नल-जल योजना आया था उसी में नया योजना (पीएचईडी) नल-जल के तहत काम हो रहा है जो पुराना ढाई सौ फीट है, जो अच्छा से काम नहीं कर रहा है। उसको बिना चेक किये हुए जेई द्वारा पास कर दिया गया। 13 नम्बर वार्ड की जनता ने जब देखा कि बोरिंग से गन्दा पानी और बालू जाम होने के कारण बोरिंग बेकार है। जनता की मांग है कि 450 फीट नया बोरिंग लगाया जाए। जो घटिया काम ठीकेदारों द्वारा स्ट्रे र का काम बेकार है बरसात में माटी बहने का कारण स्ट्रे र पीलर पर खड़ा दिखाई देगा। जांच में ग्रामीण जनता बालमेश्वर महतो, अजय महतो, अलख कुमार, कामेंद्र साह, रामबाबू महतो, अभिषेक कुमार, इनर महतो, श्यामबाबू महतो, संतोष महतो सैकड़ो जनता मौजूद थे।

### छेड़खानी का विरोध करने पर महिला को पीटा

**आरा (एनएसबी)।** चांदी थाना के कोसीहान गांव में गुरुवार की रात छेड़खानी का विरोध करने पर एक महिला की पिटाई कर दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। तब परिजन द्वारा उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी महिला चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव निवासी है। जख्मी ने बताया कि गुरुवार की रात वह अपनी भतीजी के साथ शौच करने के लिए घर से बधार की तरफ गई थी। तभी गांव के ही दो युवक वहां आए और पहले उसके मुंह में गमछा लपेटकर उसकी पिटाई की। उसके बाद उसे जबरन खेत में सुनसान जगह पर ले जाने लगे। तभी उसकी भतीजी ने शोर मचाना शुरू कर दिया उसके शोर मचाने पर वह दोनों युवक भाग गए। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### किसानों को मुआवजा देने की मांग

**शाहपुर (एनएसबी)।** शाहपुर विधानसभा के बनाही, दुबवल, बनकट गांव के बधार में भयंकर आग लगी है। भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम नेजिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से पीड़ित किसानों के फसल क्षतिपूर्ति के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

### चाँदी में अवैध खनन करते ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**कोईलवर (एनएसबी)।** चाँदी थाना में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सोन नदी से बालू लोड कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं लगी थी। इस मामले में विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### आग लगने से गाय की मौत

**कोईलवर (एनएसबी)।** चाँदी थाना के फरहंगपुर गांव में राम निवास शर्मा के गोशाला में अचानक आग लगने से एक गर्भवती गाय की जलकर मौत हो गई। आग लगने का कारण बिजली की शर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि गोशाला में बंधी गाय, जो करीब चार-पांच माह बाद बच्चा देने वाली थी, बुरी तरह झुलस गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पंचायत समिति सदस्य ललन कुमार ने बताया कि घर पर कोई नहीं था, जिसके कारण आग लगने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई। ग्रामीणों की तत्परता से आग को समय रहते बुझा लिया गया।

### 6 अप्रैल से सरकारी विद्यालयों का होगा प्रातःकालीन संचालन

**आरा / पीरो (एनएसबी)।** बढते तापमान व गर्मी को देखते हुए। 6 अप्रैल से सरकारी विद्यालयों का संचालन प्रातः कालीन होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा आदेश के अनुसार विद्यालय सुबह 6:30 बजे खुलेंगे। 6:30 बजे से 7 बजे तक चेतना सत्र आयोजित होगा। पहली घंटी 7 से 7:40 बजे तक होगी। दूसरी घंटी 7:40 से 8:20 व तीसरी घंटी 8:20 से 9 बजे तक चलेगी। 9 बजे मध्यांतर होगा। इस दौरान प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मध्या भोजन परोसा जाएगा। पुनः 10 बजे से 12:20 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी। बच्चों की छुट्टी 12:20 बजे हो जाएगी जबकि प्रधानाध्यापक सतर से शिक्षकों द्वारा पढाए गए विषयों की समीक्षा व अगले दिन के लिए कार्य योजना बनाने के बाद शिक्षक 12:30 बजे स्कूल छोड़ेंगे। पहले प्रातःकालीन कक्षाएं 6:30 से 11:30 बजे तक ही संचालित होती थी। इसबार 6:30 से 12:30 बजे तक कक्षा संचालन के आदेश से शिक्षकों की परेशानी बढेगी। 12 बजे के बाद तेज धूप व लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# प्रतिभावान छात्रों को शिक्षक संघ ने किया सम्मानित


प्रतिभावान छात्रों को शिक्षक संघ ने किया सम्मानित ।

**पीरो (एनएसबी)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की भोजपुर इकाई द्वारा इन्टरमीडिएट (विज्ञान) की परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रामदिहल सिंह यादव प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय जितौरा के छात्र विक्की कुमार एवं मैट्रिक परीक्षा में बिहार में दसवां रैंक प्राप्त करने पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुआंव के छात्र सोनू कुमार को सम्मानित किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने कहा कि शिक्षा महज पैसा कमाने का जरिया नहीं हैं बल्कि शिक्षा से संस्कार और संस्ति का विकास होता है। विक्की की उपलब्धि पर जितौरा के लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। ये दोनों छात्र अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। मौके बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, पीरो प्रखण्ड अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह, जगदीशपुर महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, बीएसटीए के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, शिक्षक रविन्द्र कुमार सिंह, चन्द्रभानु पाण्डेय, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, रंजय कुमार, विनोद यादव सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सद्भावना कप फुटबल टूर्नामेंट का शुभारम्भ, पनवारी और बागर के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला

**चरपोखरी (एनएसबी)।** सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित खेल के मैदान में शुक्रवार को सद्भावना कप फुटबल टूर्नामेंट का पहला मैच सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बागर एवं पनवारी गॉव के खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन किया। किशोर क्लब चरपोखरी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का शुभारम्भ चरपोखरी थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह, सियाडीह पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान और किशोर क्लब के संचालक विजय बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करने के उपरान्त किक मारकर किया। निर्धारित समय तक किसी भी टीम ने कोई गोल नहीं कर पाया। इस दौरान निर्णायक मंडल की मौजूी में ट्राई बेकर करवाया गया। निर्णायक की भूमिका में भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार विक्की तथा लाइंस मैन अमरजीत कुमार और गोविंद कुमार के साथ उद्घोषक मनोज साह की सराहना होती रही। मौके पर चरपोखरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिनारायण सिंह, मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया प्रवीण कुमार राजू, सुदामा सिंह, अजीत कुमार सिंह, धनंजय सिंह, कामेश्वर पासवान और आनन्द पाण्डेय उर्फ बुलु बाबा सहित कई अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।


सद्भावना कप फुटबल टूर्नामेंट।

# गुड फ्राइडे के मौके पर द होली सेवियर चर्च में विशेष प्रार्थना, निकाली गई रैली

**आरा (एनएसबी)।** गुड फ्राइडे पर द होली सेवियर चर्च में विशेष प्रार्थना आराधना और रैली निकला गया। इस दौरान सामूहिक भजनों को गाकर चर्च से लेकर संस्ति भवन चौक तक रैली निकला गया।

रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रभु यीशु मसीह का बलिदान समस्त मानव जाति के उधार के लिए है। आज हमें यीशु के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है।

इस अवसर पर द होली सेवियर चर्च आरा में विशेष प्रार्थना आराधना किया गया। सबसे पहले लोगों ने मामबत्तियां जलाया और सामूहिक भजन राजेश, सोनू, राहुल, चंचल गीता सुमन, पूजा, गीता, किरण, चंचल, सुमन, बबिता ने "जो क्रूस पर कुर्बान वह मेरा मसीहा हर जख्म"., "जो उसने सहा वह मेरे गुनाहों का"..ग़ाकर प्रभु यीशु मसीह की आराधना किया। गुड फ्राइड पर बाइबल का पाठ सोनू, चंचल, ज्योत्सना, राजेश, रजनी, आरती, अनिल जीउत ने किया। मुख्य अतिथि चुनाव पदाधिकारी दिवाकर दास ने बताया की यीशु मसीह का बलिदान समस्त मानव के त्याग प्रेम करुणा और दया का संदेश है। आज हमें यीशु मसीह के बताएं रास्तों पर चलने की आवश्यकता है। पादरी अनिल जीउत ने अपने संक्षिप्त संदेश में बताया कि आज गुड फ्राइडे है। यह दिन प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान के याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर राजेश, सोनू, राहुल, मनीष, हरेंद्र, छोटू, अनिल कुमार, पानपत्ति, आरती, आलोक, निर्मला, शुभम, खुशी, रौनक, कुणाल, रिंकी, कविता, जोशना, आराधना समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे। आगामी 5 अप्रैल (रविवार) को ईस्टर पर्व भी मनाया जाएगा।

# ईश्वरपुरा भागड़ पर पुल निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण, पुल निर्माण होने से कई गांवों के ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

**शाहपुर (एनएसबी)।** ईश्वरपुरा एवं मानसिंपुर के बीच स्थित भागड़ पर लंबे समय से पुल निर्माण की मांग को लेकर अब पहल तेज होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं ने शुक्रवार को उक्त स्थल का निरीक्षण किया और निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया। इस स्थान पर पुल बनने से आसपास के कई गांवों के लोगों को नैनीजोर की ओर आवागमन में काफी सुविधा होगी। खासकर लालू डेरा पंचायत के चार गांवों सहित नैनीजोर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही खेती के काम मे भी काफी फायदा होगा। वर्तमान में यहां केवल एक छोटी पुलिया बनी हुई है। जिस पर पैदल आवाजाही तो संभव है। लेकिन किसी भी प्रकार के वाहन का संचालन नहीं हो पाता। ऐसे में बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल के अभाव में उन्हें लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। जिससे समय और आर्थिक नुकसान दोनों होता है। कई बार आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी कठिनाई होती है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग के जेई जावेद कय्यूम ने बताया कि पुल निर्माण को लेकर प्रारंभिक स्तर पर स्थल निरीक्षण किया गया है। अब तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सकेगा।


ईश्वरपुरा भागड़ पर पुल निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण।

# अपने दोस्तों संग अतुल ने महादलित टोले में मनाया जन्मदिन

## 'नई आशा' द्वारा संचालित चौराई सेतु केंद्र के बच्चों संग जन्मदिन मनाया गया

**आरा (एनएसबी)।** अपना जन्मदिन घर में, होटल में या किसी बड़े आयोजन के साथ बनाने का प्रचलन आम है। लेकिन 'जेन जी' का कोई युवक अगर अपना जन्मदिन किसी महादलित टोले में मनाता है। वहां के गरीब बच्चों के साथ केक काटकर, उनके बीच पाठ्य और खाद्य सामग्री का वितरण कर उन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु प्रोत्साहित करता है, तो यह अपने आप में बड़ी बात है। स्वकेन्द्रीत युवा पीढ़ी के इस दौर में ऐसे युवक चर्चा के विशय भी बन जाते हैं।

आज बसनमपुर निवासी अतुल कुमार सिंह ने अपना जन्मदिन अपने दोस्तों एवं चौराई महादलित टोला के गरीब बच्चे-बच्चियों के बीच सोल्लास मनाया। इन गरीब बच्चे-बच्चियों के साथ केक काटकर उनके बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री, चप्पल तथा मिठाइयां बांटी।


बांटी गई मिठाई, चप्पल और पाठ्य सामग्री।

कार्यक्रम की शुरुआत अतुल कुमार सिंह के मित्रों द्वारा काटकर किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह के साथ विशाल कुमार सिंह, विक्की सिंह, राहुल सिंह एवं रीतेष सिंह आदि युवकों ने कहा कि उन्हें गरीब बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाना काफी अच्छा लगा। उनकी इच्छा थी कि हम लोग अपना जन्मदिन गरीब बच्चों के बीच मनाएंगे।

इसी के तहत 'नई आशा' द्वारा संचालित चौराई सेतु केंद्र के बच्चों संग जन्मदिन मनाया गया। उन्होंने कहा कि वे आगे भी इन बच्चों को खेल सामग्री एवं पाठ्य सामग्री का वितरण करेंगे। साथ ही समय-समय पर इन्हें पढ़ाने-लिखाने एवं इनके अभिभावकों को जागरूक करने का भी प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश ने अतुल कुमार सिंह एवं उनके दोस्तों को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया।

मौके पर दीपक कुमार, कुंदन कुमार सिंह, अमन बिहारी, सुमित पाण्डेय, प्रकाष ठाकुर एवं विकास यादव आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिता से झगड़े का बदला लेने के लिए बाइक मैकेनिक की कर दी हत्या, दो गिरतार , मुख्य आरोपित शिवम ने किया हत्या का खुलासा

**आरा (एनएसबी)।** नगर थाना के घुरा मोहल्ला तरी निवासी बाइक मैकेनिक मो़ अफरोज हत्याकांड का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया है। शिवम सिंह सहित दो मुख्य अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है। शिवम सिंह की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर लिया गया है। गिरतार अभियुक्तों में नगर थाना क्षेत्र के तरी सिद्धनाथ नगर निवासी सरोज सिंह और बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी सत्यम कुमार शामिल हैं। दोनों मौसेरे भाई बताये जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार शिवम सिंह ने पिता से झगड़े का बदला लेने के लिए सत्यम कुमार के साथ बाइक मैकेनिक मो़ अफरोज की हत्या की थी। सत्यम कुमार शिवम का साथ दे


दो गिरतार , मुख्य आरोपित शिवम ने किया हत्या का खुलासा ।

रहा था। सदर एसडीपीओ वनराज कुमार साह ने बताया कि आरोपितों की गिरतारी को लेकर थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने पहले सत्यम कुमार और उसके बाद टाउन थाना क्षेत्र के सिंगही से शिवम सिंह को गिरतार किया। शिवम सिंह की निशानदेही पर सिंगही से बाइक, हत्या में इस्तेमाल एक देसी पिस्टल और एक खोखा बरामद किया गया। छह रोज पहले अफरोज द्वारा उसके पिता को धक्का दे दिया गया था। उसी के प्रतिशोध में उसने अफरोज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जांच में यह भी बात सामने आयी कि दोनों पहले दोस्त थे। बाद में किसी बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ था। अफरोज गैराज चलाता था। बुधवार की रात वह बाइक का पार्ट्स खरीदने पटना गया था। रात में वह पटना से लौट रहा था। रास्ते में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीसरे अभियुक्त सरोज सिंह की गिरतारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में अपर थानाध्यक्ष शैलेश्वर प्रसाद, दारोगा राहुल कुमार दिनकर, नुमान अली शौकत, जूली कुमारी, प्रमोद चौधरी, एएसआई जावेद आलम और डीआईयू के पुलिस कर्मी शामिल थे।

### डा. जितेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष एवं डा. विकास सिंह सचिव बने, आईएमए आरा का वार्षिक सम्मेलन सह 2026-27 के पदाधिकारी का सर्वसम्मति से हुआ चयन

**आरा (एनएसबी)।** आइएमए भवन के सभागार में बुधवार को आईएमए आरा का वार्षिक सम्मेलन सह सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव (2025-26) डा. पी सिंह एवं डा. विजय गुप्ता ने अपना पदभार नव निर्वाचित अध्यक्ष डा जितेंद्र कुमार सिंह एवं सचिव डा विकास सिंह को सौंपा। सर्जन डा विजय कुमार सिंह को पुनः कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी संभालेंगे। डा. पी सिंह की अध्यक्षता में सम्मेलन को आयोजित किया गया। इस मौके पर आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद सिंह, आईएमए बिहार के सचिव दिनेश कुमार, सिविल सर्जन भोजपुर डा. शिवेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। सम्मेलन की शुरुआत 2025-26 सत्र में की गयी उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए अगले सत्र में इस उपलब्धि से आगे जाते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का संकल्प के साथ हुआ। आईएमए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि डॉक्टर एवं मरीज के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए समय-समय पर डॉक्टर एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच में कार्यशाला के माध्यम से अनुभव साझा करने की आवश्यकता है, उन्होंने बताया कि मरीज हैं, तभी हम डॉक्टर हैं और हमारी पहचान है। नवनिर्वाचित सचिव ड़ विकास सिंह ने बताया कि इस सत्र में पहले से जो कार्य होते आये हैं, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जो भी हमारे नये चिकित्सक आरा में आते हैं, वरीय चिकित्सक से इंट्रोड्यूस कराने की जिम्मेवारी भी आइएमए की है। इस दौरान ड़ मनीष कुमार सिंह (ईएनटी), आनन्द (आर्थो), डॉ़ प्रज्ञा झा (प्रसूति), डॉ. गणेश सहित दस नये डॉक्टर जिनको इंडक्शन किया गया। सम्मेलन में डॉक्टर बीक़े प्रसाद, डॉक्टर बीक़े शुक्ला, डॉक्टर क़ेक़े सिंह, डॉक्टर वीक़े राय, डॉक्टऱ मधुकर प्रकाश, डॉक्टऱ विनोद कुमार सिंह, डॉक्टर अरुण कुमार, डॉक्टर एसके रूंगटा, डॉक्टर एसके केडिया, डॉक्टर नरेश प्रसाद, डॉक्टर बाला जी श्रीवास्तव, डॉक्टर एसपी श्रीवास्तव, डॉक्टर गुंजन सिंह, डॉक्टर नवीन सिंह, डॉक्टर तनिमा सिंह, डॉक्टर अमित जायसवाल, डॉक्टर जिवेश कुमार, डॉक्टर रमेश मिश्रा, डॉक्टर जेके सिंह, पंकज कुमार, कृष्णा सिंह, हरेराम सिंह, आईएमए बिल्डिंग केयर टेकर-अमित, डॉक्टर कुमार जितेंद्र, डॉक्टर वीणा सिंह, डॉक्टर अमित, डॉक्टऱ संजीव पांडेय, डॉक्टर आनंद भूषण सहाय, डॉक्टर कुमार जितेंद्र, डॉक्टऱ वीणा सिंह, डॉक्टऱ अमित, डॉक्टर संजीव पांडेय, डॉक्टर आनंद भूषण सहाय सहित काफी संख्या में डॉक्टर मौजूद रहें।


जितेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष एवं विकास सिंह सचिव बने।

### बनाही में भीषण अगिकांड 500 बीघा गेहूं की फसल राख

**शाहपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के बनाही गांव के बाधार में शुक्रवार की दोपहर भीषण आग लगने से करीब चार सौ बीघा में लगी गेहूं की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। अगली की घटना से क्षेत्र के 50 से 60 किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। ग्रामीणों के अनुसार विधुत प्रवाहित तार में संकर्षण से निकली चिंगारी अगलगी की कारण बनी। अचानक बाधार में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से एक के बाद एक खेतों में फैलती चली गई। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ ही देर में सैकड़ों बीघा फसल इसकी चपेट में आ गई। थाना अध्यक्ष राजेश मालाकार द्वारा तुरंत थाना परिसर में उपलब्ध छोटे अगिशमन वाहन को मौके पर भेजा गया। लेकिन तेज हवा और आग की तीवता के कारण उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। करीब तीन घंटे बाद जगदीशपुर से दमकल की बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। तब तक काफी देर हो चुकी थी और लगभग 500 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। आग बुझाने में दमकल की चार गाड़ियां लगीं, जिसके बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। बनाही गांव के किसान मुन्ना तिवारी ने बताया कि इस अगिकांड में करीब 50 से 60 किसानों की फसल जलकर राख हो गई है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके। बिहिया अंचल के आरओ राधेश्याम चौधरी ने बताया कि करीब 500 बीघा गेहूं की खड़ी फसल नष्ट हो गई है। जिसमे बनाही, दुबौल व बनकट गांव के किसानों के खेत शामिल हैं।

## पूमरे के महाप्रबंधक ने बीते वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

**हाजीपुर(एनएसबी)।** पूमरे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में संवाददाता सम्मेलन में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों एवं निकट भविष्य में पूरे किए जाने वाले परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल माल ढुलाई के क्षेत्र में रिकॉर्ड कायम करते हुए समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 203.42 मिलियन टन माल ढुलाई कर माल ढुलाई के क्षेत्र में भारतीय रेल के 04 प्रथम क्षेत्रीय रेल में शामिल होने का गौरव हासिल किया है। ज्ञात्वय हो कि पूर्व मध्य रेल लगातार दूसरे वर्ष 200 मिलियन टन से ज्यादा माल लदान करने का गौरव हासिल किया है । वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पूर्व मध्य रेल द्वारा 202.63 मिलियन टन माल लदान की गयी थी । विदित हो कि एक ओर जहां पूर्व मध्य रेल का धनबाद मंडल माल लदान के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय रेल के समस्त मंडलों में प्रथम स्थान पर रहा।

**मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप परिसर वैशाली का किया भ्रमण, अधिकारियों को दिये निर्देश**

# पर्यटन, संस्कृति व रोजगार को भी बढ़ावा देगा स्मृति स्तूप

नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली जिला में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप परिसर, वैशाली का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकीय सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं कराये गये विकास कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप से प्राचीन मृदा धातु स्तूप जाने के रास्ते का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप परिसर में शिलापट्टों पर उत्कीर्ण कराये गये बौद्ध प्रतीकों के अर्थ एवं उपदेशों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने स्मृति स्तूप के भू-तल पर अधिष्ठापित भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।





वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप अस्थि कलश के सामने दीप जलाते मुख्यमंत्री तथा करबद्ध प्रार्थना करते उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य।

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है। यहां बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का निर्माण बहुत अच्छे ढंग से कराया गया है। इस परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी काफी अच्छा बनाया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो। इसे पूरी तरह मेनटेन रखें। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप न केवल वैशाली को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करेगा बल्कि पर्यटन, संस्कृति और रोजगार को भी बढ़ावा देगा।

ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार ने राज्य में भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का विकास कराया है। बौद्ध पर्यटक स्थलों को एक सर्किट में जोड़ा गया है। बोधगया आने वाले पर्यटक राजगीर, राजगीर से पटना, पटना से वैशाली तथा वैशाली से केसरिया स्तूप, लौरिया नन्दन गढ़ होते हुए पश्चिमी चम्पारण जिले में गंडक नदी पर निर्मित धनाह-रतवल (गौतम बुद्ध) सेतु से कुशीनगर जा सकते हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधायक सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, कला, संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, वैशाली जिला की जिलाधिकारी वर्षा सिंह, पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग, बौद्ध भंते सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रंगदार हो या थानेदार पत्रकार को धमकाया तो खैर नहीं : प्रेम कुमार

**फतुहा (एनएसबी)।** पत्रकारों के ऊपर आये दिन हमला हो रहा है दुर्व्यवहार आम बात हो गयी है। भू माफिया,खनन माफिया एवं शराब माफिया के निशाने पर है सुवे का पत्रकार वहीं पुलिस भी पत्रकारों को टारगेट कर रहा है । बिहार



श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने आक्रोश व्यक्त करते हुये कहा कि आज निष्पक्ष पत्रकारिता करने पर पत्रकारों को डराने , धमकाने एवं केस मुकदमा में फसाने का षड्यंत्र किया जा रहा है तो दूसरी ओर स्व घोषित यूट्ुवर तथाकथित पत्रकार बनकर समाज मे अराजकता फैला रहा है । प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्कालीन अध्यक्ष न्यायमूर्ति चन्द्रमौली प्रसाद ने स्पस्ट निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पत्रकारिता का माध्यम नही है । आज हर गली में यूट्ुवर मिल जायेगा जो इतना ताम झाम और चर्चित इलेक्ट्रॉनिक चैनल के नाम से मिलता जुलता नाम रखकर लोगो और अपना आईडी कार्ड खुद बनाकर बन जाता है रिपोर्टर और सुरु होता है थाना और ब्लॉक में धौस जमाने का खेल। हाल ही में दर्जनों यूट्ुवर पर मामला दर्ज हो चुका है कुछ लोग जेल भी जा चुका है। उन्होंने बताया की बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति किसी का फोन रिकार्ड करता है या विडिओ बनाता है यह आईटी एक्ट में अपराध है । टी आर पी के चलते फर्जी खबर बंनाने और सननसी फैलाने से बचें। उन्होंने पत्रकारो से आह्वान किया है कि निष्पक्ष और निर्भीकता के साथ पत्रकारिता करें किसी से डरने की कोई जरूरत है। यूनियन मजबूती से आपके साथ खड़ा है।

### घाट किनारे से बाइक पर लदी देसी शराब बरामद

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने की पुलिस ने सूचना के आधार पर शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए सबलपुर घाट किनारे से एक बाइक पर लदी 180 लीटर देसी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि पुलिस को देखते ही धंधेबाज फरार हो गए। बाइक-शराब जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एक किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने की पुलिस ने शुक्रवार को जेठुली में छापेमारी कर जेठुली निवासी विश्वनाथ राय को जेठुली स्कूल के पास से एक किलो एक सौ चालीस ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि यह पुड़िया बनाकर गांजा की तस्करी करता था। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने के पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपित सबलपुर गुलमहियाचक निवासी रमेश राय एवं फतेहजामपुर निवासी संजय कुमार को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि दोनों शराब मामले के आरोपित थे एवं फरार चल रहे थे। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दनियावां में सड़क दुर्घटना में अज्ञात की मौत

**दनियावां (एनएसबी)।** दनियावां थाना क्षेत्र के एनएच 30ए पर फरीदपुर बाजार में गुरुवार की अर्धरात्रि एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।समझा जाता है कि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से उसकी मौत हो गई है।पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस ने शव को जब्त कर अंत्यपरीक्षण के लिए पटना भेज दिया है।

### तेजस्वी ने केरल में बिहार का किया अपमान : प्रभाकर

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव द्वारा केरल में बिहार को गरीब कहे जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कहा कि तेजस्वी यादव ने केरल में चुनाव प्रचार के दौरान बिहार को गरीब बताकर बिहार और बिहारियों का अपमान किया है। यह अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार गरीब नहीं, विकसित राज्य बनने की तरफ अग्रसर है। एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुशल नेतृत्व और आम जनता की कड़ी मेहनत एवं लगन से बिहार ने विकास का नया प्रतिमान कायम किया है। श्री मिश्र ने राहुल-तेजस्वी पर तंज कसते हुए कहा कि गुरु विदेश जाकर अपनी अज्ञानता का आतंक फैलाकर देश की छवि बिगाड़ने की कोशिश करता है और चेला केरल में बिहार की छवि धूमिल करने की पुरजोर कोशिश में जुटा है। पूरा देश जानता है कि बिहार में जंगलराज किसने कायम किया था? बिहार को किसने बदहाली के गर्त में धकेला था? श्री मिश्र ने कहा कि पिता ने बिहार को बदहाल किया और पुत्र ने अपमान।

**पिता ने बिहार को बदहाल किया और बेटा बिहार को कर रहे बदनाम**



ईस्टर के मौके पर पटना में प्रभु यीशु की यातना की झांकी।

## सोलर क्रांति से बदल रही राज्य की तस्वीर, अब किसान व गांव बन रहे विकास के केंद्र : जदयू

**पटना (एनएसबी)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने जारी बयान में कहा कि बिहार आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सतत विकास, हरित ऊर्जा और समावेशी प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है।



सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार की बढ़ती उपलब्धियां न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, बल्कि यह कृषि, सिंचाई और जल संकट जैसे गंभीर मुद्दों के स्थायी समाधान का आधार भी बन रही हैं। आज सोलर पावर बिहार के विकास का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों ने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। जहां पहले किसानों को बिजली की अनिश्चित आपूर्ति और डीजल आधारित सिंचाई पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था उन्हें सस्ती, सुगम और भरोसेमंद सुविधा प्रदान कर रही है। इससे किसानों की लागत में कमी आई है, उत्पादन क्षमता बढ़ी है और खेती को अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में ठोस प्रगति हुई है।

बिहार में सोलर पावर का विस्तार केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जल संकट के समाधान में भी अहम भूमिका निभा रहा है। सौर ऊर्जा आधारित पंप, जल आपूर्ति तंत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा-सक्षम संसाधनों के माध्यम से सरकार ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिक तकनीक और संवेदनशील शासन मिलकर स्थायी विकास का मजबूत मॉडल प्रस्तुत कर सकते हैं। जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा और ऊर्जा उपलब्धता—इन तीनों क्षेत्रों में सौर ऊर्जा एक साथ परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही है।

## बढ़ती गर्मी में बदला आंगनबाड़ी का समय

**अब सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक होगा केंद्रों का संचालन**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य भर में तेजी से बढ़ रही गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। समाज कल्याण विभाग के निदेशानुसार राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक संचालित होंगे। यह बदलाव छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किया गया है, ताकि दोपहर की तेज धूप, उमस और गर्मी में उन्हें कोई स्वास्थ्य समस्या न हो। नए समय में केंद्र सुबह जल्दी शुरू होकर दोपहर से पहले ही बंद हो जाएंगे, जिससे पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रह सकेंगी।

समाज कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि गर्मी की तीव्रता और बढ़ती है तो संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) समय में और बदलाव करने या आंगनबाड़ी केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करने का अधिकार रखते हैं। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में सतर्क रहने और स्थिति की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। गर्मी के मौसम में पोषाहार वितरण में कोई भी कोताही बरतने वाली आंगनबाड़ी सेविका या सहायिका पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी सेविका-सहायिकाओं को निर्देश दिया है कि पोषाहार की नियमित आपूर्ति, गुणवत्ता और वितरण सुनिश्चित करें। पोषण वाटिका और अन्य गतिविधियां भी नए समय के अनुसार सुचारू रूप से चलाई जाएंगी।

**समाज कल्याण विभाग ने जारी किया निर्देश**

**गर्मी के मौसम में पोषाहार वितरण में कोई भी कोताही बरतने वाली आंगनबाड़ी सेविका या सहायिका पर होगी सख्त कार्रवाई**

अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को नए निर्धारित समय (सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक) के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। साथ ही गर्मी से बचाव के उपाय अपनाएं हल्के सूती कपड़े पहनाना, पर्याप्त पानी पिलाना और दोपहर में बच्चों को घर के अंदर रखना। आंगनबाड़ी कार्यकताओं को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे सुबह समय पर केंद्र पहुंचकर सभी गतिविधियां (पोषाहार वितरण, प्री-स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य जांच आदि) निर्धारित समय में पूरी करें। राज्य सरकार की यह पहल बच्चों और कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। विभाग लगातार मौसम की स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यकता पड़ने पर आगे के निर्देश जारी किए जाएंगे।

## एएन कॉलेज में ध्यान-योग पर कार्यशाला

**पटना (एनएसबी)।** स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना तथा ए.एन. कॉलेज, पटना के मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज ध्यान एवं योग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन आत्मन जागरूकता केंद्र, चेन्नई (स्थानीय कार्यालय, पटना) के सहयोग से किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार सिंह ने की। स्वागत भाषण स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मधु पांडेय द्वारा दिया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ए.एन. कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. विनीता नारायण ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुजीत कुमार दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार एवं सुरेंद्र कुमार सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रंजीत कुमार ने किया। कार्यशाला में आत्मन जागरूकता केंद्र, चेन्नई एवं पटना से आए विशेषज्ञों—प्रिय टी.एस., पूजा पाराशर, अनुपमा प्रियदर्शिनी, शुभम सिंह, आर्या वैष्णवी, प्रशांत कुमार एवं प्रशांत ठाकुर—ने ध्यान एवं योग के जीवन में महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ध्यान और योग के माध्यम से जीवन में संतुलन स्थापित करने, मानसिक शांति प्राप्त करने तथा सफलता अर्जित करने के उपायों पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पीएचडी शोधार्थियों एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## गिर्मितिया देशों के राष्ट्र निर्माण में भारतवासियों की भूमिका पर व्याख्यान

**पटना (एनएसबी)।** ए.एन. कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद के सहयोग से 30 मार्च 2026 को गिर्मितिया देशों के राष्ट्र निर्माण में भारतवासियों की भूमिका विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।



इसमें भारत और विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के राजनयिकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. सविता बुद्धू, श्री नारायण जी, धीरज कुमार शिराज, अनुप कुमार मुद्गल, राजीव नयन और अन्य शामिल थे। डॉ. बुद्धू ने भारत और गर्मितिया देशों के बीच दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्हें संजोने और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रतिभागियों ने बिहार के पटना में एक प्रवासी अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो गिर्मितिया देशों में भारतीय प्रवासियों पर उपयोगी शोध को प्रोत्साहित करेगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रो. रेखा रानी और राजनीति विज्ञान विभाग के संकाय सदस्य प्रो. बिमल प्रसाद सिंह, प्रो. बिनोद कुमार झा, डॉ. प्रभा कुमार, डॉ. कौसर तस्नीम, डॉ. मुकेश कुमार झा तथा हिंदी विभाग के प्रो. कलानाथ मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रकार यह बौद्धिक जुड़ाव, अनुसंधान और संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देता है।

## नवादा के रोह बाजार में हुई घटना सुनियोजित उकसावे व प्रशानिक विफलता का नतीजा : भाकपा माले

**पटना (एनएसबी)।** नवादा जिले के रोह बाजार में 28 मार्च को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा की घटना की सच्चाई जानने हेतु भाकपा माले द्वारा गठित जाँच दल ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। जाँच दल में रामबली सिंह यादव (पूर्व विधायक), राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड नरेन्द्र कुमार, नवादा जिला कमिटी सदस्य कॉमरेड श्यामदेव विश्वकर्मा तथा गुड्डू यादव (जहानाबाद) शामिल थे।

जाँच में यह तथ्य स्पष्ट रूप से सामने आया कि 28 मार्च की रात लगभग 8 बजे रामनवमी जुलूस के दौरान रोह स्थित जमा मस्जिद के पास पथराव की घटना हुई। इसके बाद घटनास्थल से काफी दूरी पर स्थित बाजार में बंद पड़ी दुकानों—जो अधिकांशतः मुस्लिम समुदाय की थीं—को चुनकर आग के हवाले कर दिया गया। जाँच दल 30 मार्च की दोपहर रोह गाँव पहुँचा। जमा मस्जिद के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती थी और पूरे इलाके में आवाजाही लगभग ठप थी। प्रवेश के दौरान पुलिस की असामान्य सतर्कता और संदेह भरी निगाहें देखी गईं। गली के अंदर आगे बढ़ने पर जगह-जगह पुलिस की टुकड़ियाँ तैनात मिलीं। एक ओर रामनवमी जुलूस का बड़ा बैनर लगाकर 8-10 लोग बैठे थे, वहीं पूरी गली में जय श्री राम के झंडे लगे हुए थे। आसपास के सभी घरों और दुकानों के दरवाजे बंद थे, जो भय और तनाव की स्थिति को दशार्ता है। जाँच दल का स्थानीय स्तर पर कोई परिचित नहीं होने के कारण जानकारी जुटाने में कठिनाई हुई। जमा मस्जिद के पास एक पंडाल लगा मिला, जिस पर रामनवमी का बैनर लगा था। बड़ी मुश्किल से आरिफ मियाँ नामक एक व्यक्ति से बात हो सकी, जो अत्यंत भयभीत थे और उन्होंने किसी भी घटना से इनकार करते हुए कहा कि यहाँ कुछ नहीं हुआ, झगड़ा बाजार में हुआ है। इसके बाद जाँच दल बाजार क्षेत्र की ओर बढ़ा। पहले से उपलब्ध संपर्कों के माध्यम से मो. शाहिद से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन बंद था। स्थानीय दुकानदार उमेश जी (न्यू गायत्री ट्रेडर्स) को बुलाया गया, लेकिन उन्होंने पहले बाजार आने से इंकार कर दिया। बाद में उन्होंने बाजार के पूर्वी हिस्से में मिलने को कहा, जहाँ वे मो. सज्जाद और मो. सलाम के साथ मौजूद थे। तीनों ही अत्यधिक डरे हुए थे और किनारे खड़े होकर उन्होंने जो जानकारी दी, वह बेहद गंभीर है।

## बिहार बना फिल्ममेकर्स की नई पसंद, यहां अलग-अलग भाषाओं में बन रहीं 45 फिल्में

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में 45 फिल्मों की शूटिंग को मंजूरी मिली है। ये फिल्में भोजपुरी, हिंदी, मगही और हिंदी-मैथिली जैसी कई भाषाओं में बनाई जा रही हैं। इनमें 22 हिंदी, 19 भोजपुरी,1 मगही,1 इंग्लिश एवं भोजपुरी,1 हिंदी एवं मैथिली फिल्में शामिल हैं।

बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की ओर से वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए जारी सूची के अनुसार कुल 45 फिल्मों/प्रोजेक्ट्स की शूटिंग बिहार में की जा रही है। इनमें 38 फीचर फिल्में, 6 डॉक्यूमेंट्री और 1 वेब सीरीज हैं। इन सभी फिल्मों को राज्य सरकार की बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति के तहत सब्सिडी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वर्ष 2024 के जुलाई से अब तक कुल 39 फिल्मों की शूटिंग पूरी हो गई है बजकि बाकि फिल्मों की शूटिंग चल रही है।

**फिल्म प्रोत्साहन नीति का दिख रहा असर, बिहार में 45 प्रोजेक्ट्स को मिली रफ्तार**

**विभिन्न भाषाओं के प्रोजेक्ट्स को सरकार दे रही प्रोत्साहन**

### कौन-कौन से फिल्मों की हो रही शूटिंग

सूची में शामिल प्रमुख फिल्मों में संघतिया, द लॉन्ग जर्नी होम, बिहार का जलवा, सुहागिन के सेनुर, लाईफ लीला, जिंदगी बितवनी तोहरे प्यार में, घर का बंटवारा, नारी, रजनी की बारात, ओह माय डॉग, टिया, सुगनी, पतिदान, छठ, पेन ब्रश, बिहान, अनमोल घड़ी, बंटवारा, अंबे है मेरी मां, बेटी बनल विजेता, अखंड भेदम, बिहारी भौजी, वृहस्पति व्रत कथा, जय मईया शारदा भवानी, जिंदगी एक प्रेम कथा, मईया थावे वाली, मगध पुत्र, आखिरी लेसन, इकोस ऑफ द एबसेंट, चंपारण सत्याग्रह, डोंट टर्न, हालात, आदि शक्ति मुंडेश्वरी, जीवन की शतरंज, बोध गया का महाबोधि मंदिर, अंधेरे में रोशनी की किरण, डिजिटल युग का संस्कार,बजरंगी, गुंबद, प्यार त पागल होला, बिहार लेजिस्लेटिव असेंबली चेयरमैन अपटू 2025, ऑफलाइन, आईडल, मिस बिहार और द आउट कास्ट बड शामिल हैं।

फिल्मों की शूटिंग राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थलों जैसे राजगीर, बोधगया, पटना, गया, मुंगेर और चंपारण में हो रही है। इन लोकेशनों के माध्यम से बिहार की ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

सरकार की फिल्म प्रोत्साहन नीति के तहत निमार्ताओं को सब्सिडी, सिंगल विंडो क्लीयरेंस और प्रशासनिक सहयोग मिल रहा है।

## मालदा घटना अत्यंत निंदनीय : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**पटना (एनएसबी)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में हुई घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जिस प्रकार न्यायिक अधिकारियों पर हमला किया गया और उन्हें घेरकर भय का वातावरण बनाया गया, वह अत्यंत निंदनीय और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में शामिल सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जानी चाहिए और यदि इस मामले में किसी भी स्तर पर जनप्रतिनिधियों या मंत्रियों की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध भी कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। डॉ. सुमन ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठक्अ) को सौंपना एक स्वागत योग्य और आवश्यक कदम है तथा उन्हें विश्वास है कि ठक्अ निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों तक पहुंचेगी।